भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

रंगों के त्यौहार होली की हार्दिक शुभकामनाएँ

जयपुर, 12 मार्च - 18 मार्च, 2025

फाल्गुन, पक्ष - शुक्ल, तिथि - त्रयोदशी, संवत 2081 पृष्ठ : 8+4 बुधवार वर्ष-11, अंक-2, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/- jagrukjanta.net

## फागोत्सव और श्याम बाबा की पदयात्रा बनी फूहड़पन की शिकार!

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**सनातन** संस्कृति रंग-बिरंगी और सद्भावना की विरासत है। इस संस्कृति में वर्षपर्यन्त कोई न कोई त्योहार या पर्व आता ही है। ऐसा कोई महीना नहीं है जिसमें कोई त्योहार नहीं आता हो। वैसे भी पूरी दुनिया में एकमात्र सनातन संस्कृति है जो 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के सिद्धांत पर चलती है। सबको हंसते-खेलते जीने का मार्ग दिखाने वाली सनातन संस्कृति ही है जिसमें दया और धर्म के साथ-साथ सभ्यता और सम्मान समाहित है। मगर कुछ समय से हमारी संस्कृति में फूहड़ता भी अपने पैर जमाने लग गई है। फाल्गुन के महीने में हर्षोल्लास से भरा होली का त्योहार आता है। जिसमें चारों तरफ भजन और होली के गीतों से फागोत्सव मनाए जाते हैं। फागोत्सव में भगवान श्रीकृष्ण को रिझाने के लिए उनका सखियों के साथ रंग खेलने का वर्णन किया जाता है। राधा और कृष्ण के गावों में जाकर एक-दूसरे को सरस गाली भरे भजनों की प्रस्तुति की जाती है। कहीं ग्वालों के संग होली तो कहीं सखियों के संग होली, तो कहीं भक्त और भगवान की होली खेलने का वर्णन होता है। इन्हीं परिपाटियों के चलते गांवों में होली खेलने और गाली गाने की परम्परा पड़ी हुई है। इनमें देवर-भाभी और नवविवाहितों के लिए ससुराल में होली खेलने की प्रथा भी है। मगर कहीं भी फूहड़पन या अश्लीलता का कोई स्थान नहीं है। आजकल चारों तरफ यहां तक कि मंदिरों में भी फागोत्सव के दौरान बहुत ही भोंडेपन और अश्लीलता समेटे ऊंची आवाजों में द्विअर्थी भजन गाये और बजाए जाने लगे हैं। उन्हें भजन तो किसी भी हालत में नहीं कहा जा सकता। इस समय श्रद्धा और भक्ति की मिसाल कही जाने वाली राजस्थान के सीकर जिले में खाटूश्याम बाबा की पदयात्राएं चल रही हैं। जो सैंकड़ों किलोमीटर से चलकर खाटू पहुंचती हैं। दूरदराज बंगाल, बिहार, उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश से श्रद्धालु आते हैं। इन दिनों तो खाटूश्याम बाबा के प्रति जबर्दस्त श्रद्धा देखने को मिलती है। कहने का तात्पर्य है कि पूरे भारत से ही यात्री खाटूश्याम बाबा के दर्शन करने आते हैं। पदयात्रियों के लिए भक्तजन तरह-तरह के भंडारे लगाते हैं। एक तरफ फूहड़ और अश्लील भजन बजाते हुए यात्री मनोरंजन और अभद्रता का प्रदर्शन करते देखे जा सकते हैं। दूसरी ओर भंडारों में मिले खाद्य पदार्थों की भी खूब झूंठन छोड़ी जाती है। बिहार सरकार ने तो होली पर अश्लील और द्विअर्थी गाने बजाने पर रोक लगाते हुए गाइड लाइन जारी करदी है। इसका उल्लंघन करने पर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इसी प्रकार भोजपुरी द्विअर्थी गानों पर रोक लगादी गई है। मगर, यहां ऐसा कुछ दिखाई नहीं दे रहा है, जबकि ऐसा राजस्थान में भी होना चाहिए।

shivdayalmishra@gmail.com

## 'मॉरिशस की मिट्टी में भारतीयों का खून-पसीना', भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए बोले पीएम मोदी

**मॉरिशस @ जागरूक जनता।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मॉरिशस में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। पीएम मोदी ने भोजपुरी से भाषण की शुरुआत की। मॉरिशस की राजधानी पोर्ट लुईस में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'मैं 10 साल पहले इसी दिन मॉरीशस आया था। यह होली के एक सप्ताह बाद था और मैं अपने साथ 'फगवा' की खुशी लेकर आया हूं। इस बार मैं होली के रंगों को साथ भारत लेकर जाऊंगा।'

### यहां की हवा, मिट्टी और पानी में अपनेपन का एहसास

भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मॉरिशस की मिट्टी में भारतीयों का खून-पसीना मिला हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें मॉरिशस में अपने लोगों के बीच होने का एहसास हुआ है। पीएम मोदी ने कहा, 'मैं जब मॉरीशस आता हूं, तो ऐसा लगता है कि अपनों के बीच ही तो आया हूं। यहां की हवा, मिट्टी और पानी में अपनेपन का एहसास है।'

### मॉरिशस की सरकार ने पीएम मोदी को दिया सर्वोच्च सम्मान

पीएम मोदी ने कहा, 'मॉरीशस के लोगों ने यहां की सरकार ने मुझे अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने का फैसला लिया है। मैं आपके निर्णय को विनम्रता से स्वीकार करता हूं। ये भारत और मॉरिशस के ऐतिहासिक रिश्तों का सम्मान है।' पीएम मोदी ने कहा कि मॉरिशस हमारे लिए एक परिवार है। भारत और मॉरिशस का रिश्ता बहुत गहरा और मजबूत है। भारत हमेशा मॉरिशस के साथ खड़ा रहेगा।

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करेंः-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायुपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in

रंगों के त्यौहार होली की हार्दिक शुभकामनाएँ
RC CLINIC & Medical
मस्सा नासुर भगन्दर व चर्म रोगों का संतोषपूर्ण ईलाज
50 वर्षों से आपकी सेवा में
Dr. Sujal Sinha
BAMS ( Reg No. 24615)
Consulting Ayurved Anorectal
पैलेस रोड़, सिरोही राजस्थान



## जल्द जारी होंगे 100 और 200 के नए नोट - आरबीआई

**मुंबई @ जागरूक जनता।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जल्द ही महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला में 100 और 200 रुपये मूल्य के नए बैंक नोट जारी करेगा। आरबीआई के मुख्य महाप्रबंधक पुनीत पंचोली ने बताया कि इन नए नोटों पर रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। इन नोटों का डिज़ाइन मौजूदा महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 100 व 200 रुपये के नोटों के समान होगा।

## आरएएस परीक्षा साक्षात्कार 21 अप्रेल से

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रति योगी परीक्षा-2023 के साक्षात्कार 21 अप्रेल 2025 से शुरू किए जाएंगे। इस संबंध में वि स्तृत कार्यक्रम यथा समय जारी कर दिया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि इस भर्ती के अन्तर्गत प्रारंभि क परीक्षा के परिणाम में सफलरहे 19355 अभ्यर्थि यों के लिए मुख्य परीक्षा का आयोजन दिनांक 20 एवं 21 जुलाई 2024 को कि या गया था। मुख्य परीक्षा का परिणाम 2 जनवरी 2025 को जारी कि या जाकर 2 हजार 168 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया गया था।






जागरूक जनता
ऑन लाइन पढ़ने के लिए स्कैन करें
ई-पेपर व अन्य खबरें देखें
jagrukjanta.net



## गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान अंतरराष्ट्रीय युवक युवती परिचय सम्मेलन

# दो विदेशी जोड़े सहित 131 जोड़े तय

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट ने बताया कि गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन परशुराम भवन विद्याधर नगर जयपुर में किया गया जिसमें समाज के 131 जोड़े तय हुए दो विदेशी जोड़े अमेरिका व ऑस्ट्रेलिया के भी तय किए गए जो की वर्चुअल जूम मीटिंग के माध्यम से तय किए गए। परिचय सम्मेलन के संयोजक डा.विजय बासोतिया ने बताया कि सम्मेलन में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा पूर्व शिक्षा मंत्री बृज किशोर शर्मा पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि पूर्व पुलिस उपमहानिरीक्षक जगदीश प्रसाद शर्मा राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष केसरी चंद शर्मा दीक्षांत शर्मा मधुसूदन शर्मा विभिन्न जिला व प्रदेश पदाधिकारी बेंगलुरु गौड़ समाज के अध्यक्ष चुन्नीलाल चौमाल गुवाहाटी गौड़ समाज के अध्यक्ष कानपुर गौड़ समाज के अध्यक्ष राम शर्मा हैदराबाद गौड़ समाज के अध्यक्ष सुरेश जी गौड़ चेन्नई गौड़ समाज के अध्यक्ष महेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम सम्मेलन में भगवान परशुराम के पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात आगंतुक्तियों ने युगल दर्पण पुस्तिका का विमोचन किया जिसमें परिचय पुस्तिका में समाज के युवक युवती के बायोडाटा प्रकाशित किए गए देश-विदेश के बायोडाटा के साथ-साथ संपूर्ण राजस्थान के युवक युवती ने अपना परिचय दिया जिसमें समाज के उच्च शिक्षित सरकारी कर्मचारी व्यापारिक जगत के युवक युवती ने अपना जीवनसाथी की तलाश के इसलिए अपना परिचय दिया। प्रदेश अध्यक्ष विजय हरितवाल ने बताया कि समाज के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए शीघ्र ही निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति का उत्थान ही समाज का उद्देश्य है। कार्यक्रम में प्रमुख महामंत्री रामस्वरूप जोशी कार्यालय मंत्री राम मोहन शर्मा कल्याण दत्त शर्मा राधेश्याम शर्मा चंद्रशेखर शर्मा चेतन व्यास जोधराज शर्मा नीलेश शर्मा तनिष्क शर्मा विनोद शर्मा कृष्णकांत शर्मा बाबूलाल शर्मा अमित बसोतिया प्रेम शर्मा आदि उपस्थित थे समाज के 20000 से अधिक समाज बंधु आज परिचय सम्मेलन में सम्मिलित हुए।

गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया ने बताया कि समाज के 50 हजार से अधिक परिवारों को इसका लाभ प्राप्त हो चुका है देश-विदेश के उच्च शिक्षित,डॉक्टर,इंजीनियर उच्च सरकारी सेवा में सेवारत वकील सीए सीएस व प्रोफेशनल डिग्री प्राप्त युवक युवती के साथ व्यापारिक जगत में कार्य करने वाले एवं ग्रामीण परिवेश के युवक युवती को भी इसमें स्थान दिया जाता है पंकज पचलंगिया ने बताया बायोडाटा को परिचय सम्मेलन की पुस्तिका युगल दर्पण में प्रकाशित किया गया है।

## जागरूक खबरें

### अधिशाषी अभियन्ता (खण्ड कार्यालय) नवसृजन MS से संबंधित पुराने परिपत्र की होगी समीक्षा, नए मापदण्ड होंगे निर्धारित-दीया कुमारी

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण मंत्री दिया कुमारी ने विधानसभा में कहा कि अधिशाषी अभियन्ता (खण्ड कार्यालय) का नवसृजन प्रशासनिक दृष्टि, भौगोलिक स्थिति एवं कार्यभार के आधार पर किया जाता है। राज्य सरकार शीघ्र ही नवीन खण्ड कार्यालय खोलने से संबंधित पुराने परिपत्र की समीक्षा कर नवीन मापदण्ड निर्धारित करेगी। उन्होंने कहा कि नवीन मापदण्डों के आधार पर ही नवीन खण्ड कार्यालय खोले जाने का परीक्षण करवाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री मंगलवार को प्रश्नकाल में इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्न का जवाब दे रही थीं। इससे पहले विधायक संजीव कुमार के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में उपखण्ड मुख्यालय भादरा में सार्वजनिक निर्माण विभाग का अधिशाषी अभियन्ता कार्यालय (खण्ड कार्यालय) सृजित करने का कोई प्रस्ताव राज्य सरकार के स्तर पर विचाराधीन नहीं है।



## नंदनी गो शाला में गौ सवामणी एवं फागोत्सव आयोजित

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** नंदनी गौशाला निंदड बनाड़ में गौ सवामणी एवं फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे विशेष अतिथियों को प्रतिक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कर्यक्रम में गोपाल शर्मा, (गो भक्त) काशी नाथ दीक्षित, नगेन्द्र वशिष्ठ, हनुमान सहाय सोनी, ओम प्रकाश शर्मा, ममता शर्मा, ज्योति शर्मा, विकास शर्मा के साथ सभी सदस्य एवं अतिथियों ने गौसेवा कार्यो के साथ गौ सवामणी का पुण्य अर्जित किया। सचिव कृष्ण गोपाल जोशी ने धन्यवाद दिया।

### पंजीकृत BH सीरीज कार वाहन स्वामी अग्रिम दो वर्ष का कर नियत तिथि तक जमा कराएं

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रादेशिक परिवहन कार्यालय जयपुर प्रथम के अंतर्गत पंजीकृत ऐसे BH सीरीज कार वाहन स्वामी जिनके पंजीयन को 2 वर्ष पूर्ण हो गये हैं उन्हें अपने वाहन का अग्रिम दो वर्ष का कर नियत तिथि तक जमा कराना आवश्यक है। वाहन स्वामियों द्वारा निहित दिनाक तक कर जमा नहीं कराने पर 100 रुपये प्रतिदिन की जुर्माना राशि वसूल की जायेगी। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी जयपुर प्रथम राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि जिन BH सीरीज वाहन स्वामियों द्वारा नियत तिथि तक अपने वाहनों का अग्रिम कर जमा नही करवाया गया है उन पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# डॉ. भोवाल समाज के लिए प्रेरणा स्रोत-सक्सेना

### डॉ. संगीता भोवाल वर्ल्ड एनिमल वेलफेयर अवार्ड 2025 से सम्मानित

**'वर्ल्ड' संगठन द्वारा पशु कल्याण के क्षेत्र में निस्वार्थ सहयोग एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित**

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net




**जयपुर।** प्रदेश में पर्यावरण, वन्य जीव संरक्षण एवं पशु कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत अग्रणी 'वर्ल्ड' संगठन द्वारा पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह 2025 के अवसर पर गोडशिप एकेडमी की निदेशक डॉ. संगीता भोवाल को 'वर्ल्ड' संगठन के निदेशक एवं राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड, राजस्थान सरकार के सदस्य मनीष सक्सेना द्वारा पशु कल्याण के क्षेत्र में जागरूकता एवं निस्वार्थ सहयोग के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर प्रतिष्ठित वर्ल्ड एनिमल वेलफेयर अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।

'वर्ल्ड' संगठन के निदेशक मनीष सक्सेना ने बताया कि गोडशिप एकेडमी की निदेशक डॉ. संगीता भोवाल समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है वह विगत एक दशक से वृक्षारोपण, पक्षियों के आवास हेतु कृत्रिम घोसले, पक्षियों के भोजन एवं पानी के लिए परिंदे बांधना, बेसहारा श्वानों की देखभाल करना, शाकाहार को प्रोत्साहित करना, पशु क्रूरता के विरुद्ध आवाज उठाना तथा पशु कल्याण जागरूकता कार्यक्रम से संबंधित अनेक गतिविधियों में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं।

पशु कल्याण के लिए उनकी निष्ठा एवं समर्पण को देखते हुए 'वर्ल्ड' संगठन चयन समिति द्वारा डॉ. संगीता भोवाल का चयन प्रतिष्ठित वर्ल्ड एनिमल वेलफेयर अवार्ड 2025 के लिए किया गया। उल्लेखनीय है कि 'वर्ल्ड' संगठन संगठन द्वारा देश में जीव जंतु कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को विगत 25 वर्षों से वर्ल्ड एनिमल वेलफेयर अवार्ड द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। उसी कड़ी में इस वर्ष पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह 2025 के तहत गोडशिप एकेडमी की निदेशक डॉ. संगीता भोवाल को उनके पशु कल्याण के क्षेत्र में सराहानीय सहयोग एवं उत्कर्ष कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

गोडशिप एकेडमी की निदेशक डॉ. भोवाल निरंतर अपनी अकादमी के माध्यम से हजारों विद्यार्थियों को पशु कल्याण एवं पशु प्रेम की भावना को विकसित करने के लिए कार्यरत है। साथ ही समाज में पशु के प्रति प्रेम, करुणा एवं दया को प्रोत्साहित करने के लिए भी सक्रिय हैं।

### 21 मार्च तक होंगे सहायक आचार्य के 450 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान लोक सेवा आयोग के सहायक आचार्य राजनीति वि ज्ञान के साक्षात्कार अगले महीने पूरे हो सकते हैं। इस भर्ती के अभी करीब 450 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार होना शेष हैं। ऐसे में इसका परिणाम अगले महीने ही आने की संभावना है। इसके साथ ही प्रदेश के सरकारी कॉलेजों को राजनीति वि ज्ञान के 181 सहायक आचार्य मि ल सकतेहैं। आयोग के मुताबिक अभी चौथा चरण 10 से 21 मार्च तक चलेगा।

# प्रदेश में बढ़ते लव जिहाद को लेकर पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

### हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज की बारां मामले में कार्रवाई की मांग

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने प्रदेश में बढ़ते लव जिहाद के कारण पुलिस कमिश्नर जयपुर को पत्र देकर बारां जिले से युवती को बहला फुसलाकर लाने वाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मामले को लेकर साम्प्रदायिक सद्भाव बिगड़ने की आशंका है।

स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने बताया कि बारां के छीपाबड़ौद से एक नाबालिग युवती को वर्ष 2021 में मुस्लिम युवक ताहिर मंसूरी भगाकर ले आया। इस मामले में पहले गुमशुदगी और फिर अपहरण की एफआईआर दर्ज की गई। इस मामले में गिरफ्तारी के बाद ताहिर जेली में बंद रहा। जेल से रिहा होने के बाद हाल ही ताहिर मंसूरी युवती को घर से भगाकर जयपुर ले आया। मामले की जानकारी आई तो युवती के समाज के लोग आक्रोशित हो गए। इस मामले में स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ से मुलाकात कर ताहिर मंसूरी पर लव जिहाद के आरोपी पर कार्रवाई की मांग की। ताहिर ने एडीएम चतुर्थ के यहां विवाह रजिस्ट्रेशन का प्रार्थना पत्र दिया है। ताहिर मंसूरी ने युवती का ब्रेन वॉश कर दिया है। ताहिर मंसूरी ने इस युवती के साथ ही अन्य लड़कियों पर नाजायज दबाव बनाकर गैर कानूनी रूप से धर्म परिवर्तन करवाया है। युवती की जाति में विवाह रजिस्ट्रेशन से पहले समाज के पंच पटेलों की मौजूदगी में विवाह का प्रमाण पत्र दिया जाता है तब जाकर कोर्ट और अन्य किसी संस्था में मान्य होता है। नाबालिग अवस्था में ताहिर मंसूरी युवती का जीवन बर्बाद करने के लिए आमादा है। ताहिर मंसूरी जैसे लोग बहन बेटियों को बहला फुसलाकर लव जिहाद कर रहे हैं। कई जगह ऐसी हरकतें सामने आ चुकी है। इन जेहादियों के खिलाफ कानून बनाने की आवश्यकता है।




बियानी नर्सिंग कॉलेज और शंकरा आई हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

## 300 लोगों ने कराया नेत्र परीक्षण

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** बियानी नर्सिंग कॉलेज और शंकरा आई हॉस्पिटल के संयुक्त सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एमएस ऑपथैल्मोलॉजी की विशेषज्ञ डॉ. नेहा वर्मा, ऑप्टोमेट्रिस्ट भानु प्रताप, अनुराधा, रूबी, मैनेजर बी.डी. विनोद खंडेलवाल, चेयरमैन डॉ राजीव बियानी, डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी, डीन व प्रिंसिपल डॉ. ध्यान सिंह गोठवाल, नर्सिंग प्रिंसिपल लथा पी.एस. और वाइस प्रिंसिपल जीशु जॉर्ज के साथ सभी फैकल्टी मैम्बर्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

शिविर में लगभग 300 से अधिक लोगों को नेत्र परीक्षण एवं परामर्श की सुविधा प्रदान की गई। इस आयोजन में बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेज की छात्राओं और फैकल्टी मेंबर्स के साथ-साथ आसपास के स्थानीय निवासियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों को नेत्र स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं और जरूरतमंदों को उचित चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया। यह शिविर समाज सेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल रही, जिससे कई लोगों को अपनी आंखों की जांच और सही देखभाल का लाभ मिला। शिविर का सफल संचालन प्रोफेसर विधि शर्मा ने किया।




### रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार ने किया महिला रेलकर्मियों का सम्मान

# नारी हमारी संस्कृति की शान

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net




**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रेलवे महिला कल्याण केंद्रीय संगठन (RWWCO) द्वारा नेशनल रेल म्यूज़ियम ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं सीईओ सतीश कुमार ने भारतीय रेल के प्रत्येक जोन, प्रोडक्शन यूनिट (PU) और कुछ सार्वजनिक उपक्रमों (PSUs) से चयनित 33 उत्कृष्ट महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि नारी न सिर्फ पुरुषों के बराबर बल्कि उनसे अधिक काम कर देश के विकास में योगदान दे रही है।

सतीश कुमार ने भारतीय रेल में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेलवे में महिलाओं की भागीदारी सिर्फ कार्यक्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि वह हमारे संगठन की शक्ति और सफलता का अभिन्न हिस्सा हैं। उनकी मेहनत, समर्पण और नेतृत्व ने भारतीय रेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने एक कविता का पाठ करते हुए कहा कि नारी मान है, सम्मान है। नारी हमारी संस्कृति की शान है। नारी शक्ति है, भक्ति है, नारी जीवन ज्योति की अभिव्यक्ति है।

इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष (डॉ.) रूबी रानी सिंह ने महिला कर्मचारियों के सशक्तिकरण, कार्यस्थल पर उनकी सुरक्षा और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रेल द्वारा उठाए जा रहे विभिन्न कदमों की चर्चा की। इस अवसर पर संगठन की सचिव अमृता शर्मा, कोषाध्यक्ष निर्देश सिंह व संयुक्त सचिव अंजलि वर्मा समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

गौशाला अनुदान राशि बढ़ाने पर आभार सभाः राज्य सरकार गौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संकल्पित

# गाय की महिमा को समझते हुए आमजन प्रतिदिन करें गौसेवा - मुख्यमंत्री

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साथ ही गौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संकल्पित होकर काम कर रहे है। हाल ही में पेश किए गए राज्य बजट में गौमाता और पशुपालकों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। प्रदेश भर में संचालित गौशालाओं तथा नंदीशालाओं के लिए प्रति पशु अनुदान राशि को इस वर्ष 15 प्रतिशत बढ़ाकर 50 रूपये प्रतिदिन करने का फैसला किया गया है।

मुख्यमंत्री अपने निवास पर गौशालाओं की अनुदान राशि बढ़ाने पर आयोजित आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने पिछले साल गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना प्रारंभ की थी, जिसमें गौवंश हेतु शेड, खेली निर्माण तथा दुग्ध, चारा, बांटा संबंधी उपकरण खरीदने के लिए एक लाख रूपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। अब हम आगामी वित्त वर्ष में भी ढाई लाख गोपालक परिवारों को इस योजना का लाभ मुहैया कराएंगे। शर्मा ने कहा कि गोपालकों को और अधिक राहत देते हुए गोपाल क्रेडिट कार्ड के लिए जरूरी सभी दस्तावेजों पर स्टांप ड्यूटी माफ करने और योजना के प्रावधानों को सरल बनाने का भी बजट में प्रावधान किया गया है।

### पशुपालकों को दी आर्थिक सुरक्षा

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन गौ-संरक्षण के लिए दूरदर्शी सोच के साथ काम कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए शुरू की गई 'मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना' के दायरे को बढ़ाते हुए आगामी वित्त वर्ष में प्रत्येक श्रेणी में बीमित पशुओं की संख्या दोगुनी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पशुधन निःशुल्क आरोग्य योजना के तहत औषधियों एवं टीकों की संख्या में वृद्धि, मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत दुग्ध संग्रहण के लक्ष्य को बढ़ाना, सर्दियों में गौशालाओं को आवश्यकता अनुसार अनुदान के स्थान पर बाजरा का विकल्प, एक हजार नवीन सहकारी समितियों अथवा संग्रह केंद्रों की स्थापना, 100 पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं एक हजार पशुधन निरीक्षकों की भर्ती सहित विभिन्न कार्य गौसेवा के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे है।

### 'विकास भी और विरासत भी' की सोच को आगे बढ़ा रहे प्रधानमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास भी हो रहा है और देश की विरासत भी समृद्ध होती जा रही है। वे देश-दुनिया के करोड़ों लोगों के महानायक हैं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, दृढ़ निश्चय, योजनाबद्ध कार्य और दूरदृष्टि से देश और दुनिया को एक नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का प्रवासी देश-दुनिया में अपनी मिट्टी से जुड़ा हुआ है तथा प्रवासियों ने हर जगह गौशालाएं बनायी है जिससे गौसेवा के पुण्य कार्यों को बढ़ावा दिया जा सके।

### भारतीय संस्कृति में गाय की महिमा अपरंपार

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति में गाय की महिमा अपरंपार है। हमारे शास्त्रों में गंगा, गोमती, गीता और गोविंद की भांति गाय भी अत्यंत पवित्र मानी गई है और गौ-माता की सेवा से सभी देवी-देवताओं के पूजन का फल मिल जाता है। उन्होंने कहा कि संत-महन्त हमारी संस्कृति के वाहक है तथा हजारों वर्षों से हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने में इनका बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि समाज का दायित्व है कि गौमाता के सम्मान और संरक्षण के लिए अपनी भूमिका निभाएं तथा एक जन-जागरण अभियान चलाकर आमजन को प्रतिदिन गायों की सेवा करने के लिए प्रेरित करें।

### गौ-परायण सरकार का संतों ने जताया आभार

इस दौरान आए संतों ने मुख्यमंत्री द्वारा गौ-संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यो के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री ने गौसेवा का एक नया अध्याय शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री द्वारा पिछले दोनों बजटों में गौसेवा के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए है। गत सरकार में गौ भक्तों को गौ-संरक्षण के लिए आंदोलन करना पड़ता था, लेकिन इस सरकार में हमारे लिए आशीर्वाद कार्यक्र म हो रहे है। यह सब मुख्यमंत्री की गौ-परायण सरकार के कारण ही संभव हो पाया है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने गौ-पूजा की तथा पाण्डाल में आए संत-महन्तों से आशीर्वाद लिया। संतों ने मुख्यमंत्री को दुपट्टा ओढ़ाकर बजट में गौसेवा के लिए की गई घोषणाओं पर आभार प्रकट किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उल्लासपूर्वक फाल्गुन के महीने में सभी के साथ फूलों की होली खेली, चंग बजाकर होली के गीत गाएं तथा सभी को होली की बधाइयां दी। इस अवसर पर राजस्थान गौसेवा समिति के अध्यक्ष महन्त श्री दिनेश गिरी जी महाराज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री रघुनाथ भारती जी महाराज, प्रदेश महामंत्री श्री रघुनाथसिंह जी राजपुरोहित, श्रीपतिधाम सिरोही से श्री गोविन्द वल्लभ जी सहित बड़ी संख्या में गौ-भक्त उपस्थित रहे।



# 3 महीने में 2.25 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को मिला धरातल

**भूखंड आवंटन में तेजी लाएं, निवेशकों द्वारा मांगी गई जमीन का आवंटन परियोजना की आवश्यकता और सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार करें -मुख्य सचिव**

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने मंगलवार को 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट–2024 के दौरान हस्ताक्षरित एमओयू के क्रियान्वयन की प्रगति का आकलन करने के लिए हुई पाक्षिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में श्री पंत ने केवल 3 महीने में 2.25 लाख करोड़ रुपये के एमओयू को कार्यान्वयन के स्तर तक पहुंचाने के लिए सभी अधिकारियों को बधाई दी और कहा कि सतत निगरानी और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और आपसी तालमेल की बदौलत यह मील का पत्थर हासिल हो सका है।

निवेशकों को उपयुक्त भूखंड उपलब्ध कराने के बारे में मुख्य सचिव ने कहा कि निवेशकों की आवश्यकताओं के अनुसार सभी संभावित विकल्पों पर विचार किया जाए और नियमानुसार भूमि आवंटन प्रक्रिया को सरल और त्वरित किया जाए। इस प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित करने के लिए पंत ने जमीन आवंटन से जुड़े सभी विभागों को अपने विभाग की संबंधित नियमावली अन्य विभागों के साथ साझा करने का निर्देश दिया। भूमि को बहुमूल्य संसाधन बताते हुए श्री पंत ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निवेशकों द्वारा मांगी गई भूमि को परियोजना की आवश्यकता और सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार आवंटित किया जाए।

बैठक में मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों के प्रमुखों को एमओयू के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया और कहा कि वैसे निवेशकों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए जो राज्य में अपनी परियोजना लगाने के हेतु गंभीर हैं और प्राथमिकता के आधार पर उन्हें आवश्यक संसाधन और जमीन उपलब्ध करायी जाये। मुख्य सचिव ने कहा? कि निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन हेतु मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा निर्धारित की गयी त्रि-स्तरीय समीक्षा प्रणाली, सतत निगरानी और एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की बदौलत केवल 3 महीने में ही ?2.25 लाख करोड़ के एमओयू को अमल में लाया गया है। गौरतलब है कि गत वर्ष 9-11 दिसंबर को आयोजित सम्मेलन के दौरान सरकार ने 35 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर किए थे। बैठक में ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक, जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा, राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार, स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव सहित राजस्थान सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश में उचित मूल्य दुकानों के लिए 505 आवंटन सलाहकार समितियां गठित

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश



में उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन के लिए 406 ग्राम एवं तहसील स्तरीय और 99 नगर पालिका स्तरीय आवंटन सलाहकार समितियों का गठन किया गया हैं। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि जयपुर जिले में नई आवंटन सलाहकार समितियों का गठन जल्द ही किया जायेगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में 98 उचित मूल्य की दुकानों में से 27 दुकाने अटेच हैं।

इससे पहले विधायक अमीन कागज़ी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में जनवरी 2020 से दिसम्बर 2024 तक 15 उचित मूल्य की दुकानें निलंबित की गई। यहाँ 3 उचित मूल्य की दुकानें त्यागपत्र, 2 मृत्यु और 7 निरस्त होने की वजह से रिक्त है, उन्होंने निलंबित दुकानों का विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत चयनित 500 राशनकार्डो अथवा 2 हजार यूनिट पर नवीन उचित मूल्य की दुकान खोले जाने के मापदण्ड निर्धारित है। उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति के गठन उपरान्त किशनपोल में रिक्त उचित मूल्य दुकानों का यथाशीघ्र आवंटन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र किशनपोल में जनवरी, 2020 से दिसम्बर, 2024 के बीच कोई उचित मूल्य दुकान स्वीकृत नहीं की गई।

# प्रदेश में खुलेंगे एक हजार नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र-दीया कुमारी

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि बजट वर्ष 2024-25 में प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में 5-5 नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाने की घोषणा की गयी थी। इसके तहत एक हजार नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाने की स्वीकृति जारी की जा चुकी है तथा 994 आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन भी प्रारंभ हो गया हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रही थी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित नोर्म्स के अनुसार ग्रामीण एवं शहरी परियोजना के अंतर्गत 400 से 800 की आबादी पर



एक, 800 से 1600 पर 2, 1600 से 2400 पर 3 तथा इसी तरह 800 के गुणांक में एक अतिरिक्त आंगनबाड़ी खोलने का प्रावधान है। जनजातीय, मरुस्थलीय एवं दुर्गम क्षेत्रों में 300 से 800 की आबादी पर एक आंगनबाड़ी खोलने का प्रावधान है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि इन निर्धारित मापदंडों के अनुसार नए आंगनबाड़ी खोलने के प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे गए है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि प्रथम चरण में 365 आंगनबाड़ी केन्द्रों को आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र में विकसित करने के लिए विभाग द्वारा प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर विकसित करने का कार्य प्रारम्भ किया गया है। साथ ही 2 हजार आंगनबाड़ी केन्द्रों को आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्रों में उन्नयन करने की कार्यवाही भी की जा रही है। इससे पहले विधानसभा सदस्य के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया कि एक हजार नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाने से शेष रही 6 आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन प्रारंभ करने की कार्यवाही भी शीघ्र कर दी जावेगी।



## देवनानी से उत्तर प्रदेश के विधायक मिले

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मंगलवार को यहां विधानसभा में उत्तर प्रदेश के गोवर्धन विधान सभा क्षेत्र के विधायक मेघ श्याम सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात की। सिंह ने अध्यक्ष देवनानी को पुष्प गुच्छ भेंट किया। देवनानी को सिंह ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के बारे में जानकारी भी दी।

**कॉन्जेनिटल हार्ट डिजीज सर्जरी किए गए बच्चों एवं अभिभावकों का जिला कलक्टर ने किया अभिनंदन**

# व्याधि का हुआ समाधान तो....नन्हें चेहरों पर लौटी मुस्कान

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** हाथ में लाल रंग के गुब्बारे लिये नन्हें बच्चे और हर बच्चे के चेहरे पर खिली मुस्कान...जी हां, कुछ ऐसा ही नजारा था मंगलवार को जिले कलेक्ट्रेट सभागार का। जहां राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सीएचडी यानी कॉन्जेनिटल हार्ट डिजीज के सफल ऑपरेशन के लाभार्थी बच्चों एवं उनके अभिभावकों का अभिनंदन किया गया।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय जयपुर प्रथम एवं द्वितीय द्वारा योजना के तहत लाभांवित हुए 21 बच्चों का केक काटकर एवं उपहार प्रदान कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सीएचडी में सर्जरी किए गए बच्चों एवं उनके अभिभावकों से संवाद



भी किया। उन्होंने अभिभावकों से भी यह अपील की कि वे इस मौके पर संकल्प लें कि उनके आस पड़ोस में इस प्रकार का कोई बच्चा हो जो सीएचडी से ग्रसित हो तो वे उस बच्चे के उपचार में सहयोग करेंगे।

अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम विनीता सिंह ने बताया कि चिकित्सा विभाग का राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्र म उन बच्चों के लिए वरदान साबित हुआ है जो जन्म से ही विभिन्न शारीरिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रयासों की वजह से न केवल इन बच्चों का इलाज निःशुल्क किया गया बल्कि उन्हें एक स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की राह भी दिखाई है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग, सीएमएचओ और राजस्थान बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के प्रयास प्रशंसनीय हैं और इस पुनीत कार्य को उत्तरोत्तर नए मुकाम देने की आवश्यकता है।

कार्यक्र म में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत, आरसीएचओ जयपुर प्रथम डॉ. आशा मीणा, आरसीएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. प्रमिला मीणा, डीआईईसी मैनेजर, जयपुर प्रथम संगीता शर्मा, एडीएनओ जयपुर द्वितीय डॉ. दिलीप शर्मा, जिला कार्यक्र म अधिकारी, जयपुर प्रथम अखिलेश शर्मा, जिला कार्यक्र म अधिकारी जयपुर द्वितीय रिचा सारस्वत मौजूद रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सुल्तानपुर में आगामी 3 माह में संपूर्ण वायरिंग को बदलकर सुरक्षित कर दिया जाएगा

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री गजेंद्र सिंह ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा विधानसभा क्षेत्र पीपल्दा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सुल्तानपुर में भारी उपकरणों के लोड के कारण वायरिंग जलने एवं स्पार्किंग की घटनाओं से बचाव के लिए 25 किलोवाट का विद्युत् लोड बढ़ाया जाएगा एवं आगामी 3 माह में संपूर्ण वायरिंग को बदलकर सुरक्षित कर दिया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोविड के समय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सुल्तानपुर में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किया गया था। जिसके कारण विद्युत् लोड बढ़ने की समस्या उत्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि सीएचसी में वायरिंग जलने एवं स्पार्किंग की दो घटनाओं के बाद दो बार वायर रिपेयरिंग का कार्य करवाया गया है। इससे पहले विधायक चेतन पटेल कोलाना के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने बताया कि राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कोटा से सम्बद्ध सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सुल्तानपुर में वर्ष 2010 में भवन निर्माण के समय में बिजली की वायरिंग की गई थी। उन्होंने बताया कि इस सीएचसी में भारी उपकरणों के लोड के कारण वायरिंग जलने की घटना नहीं हुई है, स्पार्किंग की घटनायें हुई है। जिससे किसी प्रकार की कोई हानि/क्षति नहीं हुई है। उन्होंने जानकारी दी कि चिकित्सालय के निवेदन पर विद्युत विभाग द्वारा विद्युत लोड बढ़ाया गया है।

## गिग एंड अनऑर्गेनाइज्ड वर्कर्स डेवलपमेंट फण्ड के लिए 350 करोड़ का प्रावधान

**जयपुर @ जागरूक जनता।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार गिग वर्कर्स और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने, जीवन-यापन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने सहित उनके कल्याण के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। इस दिशा में बजट घोषणा वर्ष 2025-26 में 350 करोड़ के गिग एंड अनऑर्गेनाइज्ड वर्कर्स डेवलपमेंट फण्ड का प्रावधान किया गया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का श्रम मंत्री की ओर से जवाब दे रहे थे। इससे पहले विधायक टीकाराम जूली के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि ई-श्रम पोर्टल पर 3 मार्च तक एक करोड़ 45 लाख 75 हजार 855 आवेदन पंजीकृत किये गए है तथा 2 करोड़ 26 लाख 89 हजार 152 का लक्ष्य निर्धारित है।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त कर 1 करोड़ 32 लाख रूपए का जुर्माना लगाया - शर्मा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश में प्लास्टिक की थैलियों के उपयोग को रोकने के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न स्तर पर जन जागरण अभियान चलाए जा रहे हैं। जिनके माध्यम से आमजन को प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग्स के उपयोग नहीं करने के सम्बन्ध में जागरूक किया जा रहा है। पर्यावरण राज्यमंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गत 5 वर्षों में विभिन्न अभियानों के तहत 196 टन से अधिक प्लास्टिक कैरी बैग एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं की मात्रा जब्त की गई एवं 1 करोड़ 32 लाख रूपये से अधिक की राशि का जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही 32 हजार 200 से अधिक प्रकरणों में स्थानीय निकायों द्वारा भी कार्यवाही की गई।

# मरीज को उच्च चिकित्सा संस्थान पर उपचार की आवश्यकता होने पर ही रेफर किया जाता है-सिंह

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने कहा कि चिकित्सालय में किसी भी मरीज को चिकित्सकों की कमी के कारण रेफर नहीं किया जाता है। जिन मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थान पर उपचार की आवश्यकता होती है, केवल उन्हीं मरीजों को रेफर किया जाता है। उन्होंने कहा कि राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय, ब्यावर में आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं व आधुनिक मशीनें उपलब्ध हैं। इस चिकित्सालय में मरीजों की रेफरल रेट काफी कम है, वर्ष 2024 में ओपीडी व आइपीडी के 8 लाख 90 हजार मरीजों में से केवल 4 हजार 717 मरीजों को ही रेफर किया गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री मंगलवार को प्रश्नकाल में इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों के 1 हजार 700 रिक्त पदों हेतु संशोधित अर्थना रजिस्ट्रार, आरयूएचएस, जयपुर को प्रेषित की जा चुकी है एवं कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। सिंह ने बताया कि चयनित चिकित्सक प्राप्त होने पर एवं आदेशों की प्रतिक्षारत चिकित्सकों द्वारा राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय, ब्यावर के रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने के यथासंभव प्रयास किये जा सकेंगे। इससे पहले विधायक शंकर सिंह रावत के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने विधानसभा क्षेत्र ब्यावर में संचालित राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय ब्यावर में राजपत्रित एवं अराजपत्रित संवर्ग के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों का विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अराजपत्रित संवर्ग के सीधी भर्ती से भरे जाने वाले रिक्त पदों को प्रक्रियाधीन या आगामी भर्ती से भरे जाने पर विचार किया जा सकेगा।



## सम्पादकीय

# धमकी देकर देश को दहशत में डालने वालों पर नकेल जरूरी

भारत की विभिन्न धमकी मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कभी स्कूल, कभी रेलवे स्टेशन तो कभी एयरलाइंस की फ्लाइटों को बम से उड़ाने की धमकी मिलना आम बात हो गई है। कौन भूल सकता है जब बीते साल अक्टूबर में एक साथ 95 फ्लाइटों को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे पूरे देश में दहशत फैल गई। अब सोमवार को एक बार फिर मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई 119 को बम से उड़ाने की धमकी मिली। 8 घंटे 37 मिनट की उड़ान के बाद फ्लाइट को मुंबई डायवर्ट कर दिया गया। फ्लाइट में 19 क्रू मेंबर्स समेत 322 यात्री सवार थे। फ्लाइट के वॉशरूम में एक नोट मिला, जिसमें बम की धमकी दी गई थी। सुरक्षा प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए रास्ते से ही विमान को वापस मुंबई लाने का फैसला किया गया। विमान 10:25 बजे मुंबई पहुंचा। जब तक जांच पूरी नहीं हुई यात्रियों, सुरक्षा एजेंसियों समेत देश के बड़े हिस्से में दहशत का माहौल रहा। न जाने कौन फैला रहा है इस तरह की दहशत। देश की प्रत्येक एयरलाइन की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को एक सप्ताह के भीतर बम से उड़ाने की धमकियां मिली हैं। इससे खलबली मचना स्वाभाविक है। इससे दहशत तो फैलती ही है साथ में हवाई यात्रा का टाइम टेबल गड़बड़ा जाता है। कितनी ही फ्लाइट जांच के लिए रोक दी जाती हैं। यात्रियों को भारी असुविधा होती है। वे समय पर अपने गंतव्य पहुंच नहीं पाते या कनेक्टिंग फ्लाइट मिस कर जाते हैं। इन धमकियों के पीछे कौन है और उसका क्या उद्देश्य है? अनेक एजेंसियां इसका पता लगाने के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन इसके पीछे कुछ खास नहीं निकल पा रहा है। सोशल मीडिया और ई-मेल के माध्यम से विमान में धमाका करने की धमकी देना आम बात होती जा रही है। आखिर ये कितने शातिर लोग हैं जो इतने दिनों से जांचकर्ताओं की पकड़ में नहीं आए। उड़ान में खलल डालकर उसे रोक देना उनका उद्देश्य मालूम पड़ता है। उनकी धमकी वाकई गंभीर है या खोखली इसका अंदाजा कैसे लगाया जाए। कुछ धमकियां तो ऐसी उड़ान को लेकर थीं जो पूरी हो चुकी थीं। वैसे तो हर उड़ान के पहले विमान और उसके सिस्टम की पूरी तरह जांच की जाती है फिर भी धमकी को हल्के में नहीं लिया जा सकता। ऐसी धमकियां विमानन क्षेत्र की मजबूती की परीक्षा ले रही हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियों को ऐसे शरारती तत्वों को यथाशीघ्र खोज निकालना होगा। इस तरह का अपराध करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। ऐसी धमकियां देने वाले में सिरफिरे, मानसिक रुग्ण के अलावा कोई ऐसा यात्री भी हो सकता है जो उड़ान में विलंब करवाना चाहते हैं। यह भी देखना होगा कि ऐसी धमकी के पीछे कोई एक व्यक्ति है या कोई समूह! कॉल या ई-मेल कहां से आया, इसका तुरंत पता लगाकर शरारती तत्व को पकड़ा जाना चाहिए। साइबर सुरक्षा एजेंसियां ऐसा कर सकती हैं। अनेक डिजीटेक टूल हैं जिनसे पता लगाया जा सकता है कि कौन से शरारती तत्व यह करतूत कर रहे हैं। सोशल मीडिया कंपनियों के पास भी पता लगाने के संसाधन हैं कि कौन से फेक अकाउंट से इस तरह की धमकियां दी जा रही हैं। यह भी संभव है कि इस तरह की धमकी बाहर देश से आ रही हों। जांच एजेंसियों पर इस पर भी नकेल कसने की जरूरत है। इस मामले को अब सरकार को टॉप प्रायरिटी में रखते हुए इसकी सघन जांच करानी चाहिए, ताकि भारत की एयरलाइंस और लोगों को इससे छुटकारा मिल सके।

# प्रदूषित नदियां : सियासत नहीं समाधान हो



तुषार पुरोहित
पत्रकार
@jagrukjanta.net

भारत जैसे धार्मिक मान्यता वाले देश में नदियां सदैव ही आस्था का केंद्र रही हैं लेकिन अब यह सियासी रार और विवाद का जरिया भी बन रहा है। बीते दिनों प्रयागराज में देश की सर्वाधिक धार्मिक महत्व वाली गंगा के तट पर संपन्न महाकुंभ के दौरान इस नदी में डुबकी लगाने की परंपरा और इसके पानी की शुद्धता पर काफी राजनीतिक आरोप - प्रत्यारोप हुआ। महाकुंभ के दौरान ही केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 'सीपीसीबी' के एक रिपोर्ट ने इस विवाद में घी डालने का काम किया जिसमें बताया गया कि प्रयागराज में गंगा और यमुना के पानी में अपशिष्ट जल प्रदूषण 'फेकल कोलिफॉर्म' का स्तर स्नान के लिए उपयुक्त नहीं है।

बोर्ड के इस रिपोर्ट पर खूब सियासी तलवार भांजे गए लेकिन उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री और उत्तरप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सीपीसीबी के रिपोर्ट को एक सिरे से खारिज कर दिया। दूसरी ओर देश के अनेक विश्वविद्यालयों के साइंटिस्ट और पर्यावरणविद् भी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के इस रिपोर्ट पर बंटे नजर आए। अलबत्ता राजनीति से इतर इस बात में कोई संदेह नहीं है बल्कि देश में गंगा-यमुना सहित अधिकांश नदियों का पानी मानव स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित नहीं है। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड के एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रदूषण की वजह से देश की 328 नदियों का पानी सेहत के लिहाज से हानिकारक है। इन नदियों के पानी में मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक अमोनिया, हाइड्रोजन सल्फाइड, नाइट्रेट, क्रोमियम, लेड जैसे घातक रसायन और कोयला, चूना ,तांबा और लोहा जैसे हैवी मेटल्स पाए गए हैं। देश की प्रदूषित नदियों की सूची में छत्तीसगढ़ के महानदी, शिवनाथ, हसदेव, खारुन और इंद्रावती आदि नदियां शामिल हैं।

गौरतलब है कि भारत में धार्मिक मान्यता के अनुसार महाकुंभ की परंपरा हजारों वर्षों से रही है लेकिन इस महाकुंभ में जिस तरह से राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चला उसने इस महापर्व की आस्था और मर्यादा को भी चोट पहुंचाया है। देश में जारी कमंडल और मंडल-2 की राजनीति के मद्देनजर यह महाकुंभ धार्मिक ध्रुवीकरण और तुष्टिकरण के सियासत में उलझते नजर आई। आलम यह था कि जहां एक ओर एक राजनीतिक पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने अपने आपको इस महापर्व से दूर रखा तथा इसके किसी भी चूक पर सियासी वार का मौका नहीं छोड़ा वहीं दूसरी ओर दक्षिणपंथी पार्टी और संगठन महाकुंभ के राजनीतिक लाभ लेने से नहीं चुके। इंटरनेट क्रांति के वर्तमान दौर ने महाकुंभ और गंगा के प्रदूषण पर मचे रार को खूब हवा दिया। सोशल मीडिया पर इस महापर्व के बारे में तमाम सच्ची- झूठी खबरें, फोटो और वीडियो वायरल किए गए जिस पर सरकार ने भी सख्ती दिखाया लेकिन नतीजा सिफर रहा।



हाल ही में संपन्न दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान यमुना का प्रदूषण एक बार फिर से चुनाव का मुद्दा बना। भाजपा और कांग्रेस जहां यमुना के दूषित पानी और प्रदूषण पर आम आदमी पार्टी 'आप' के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पर लगातार हमलावर रही वहीं दूसरी ओर अरविंद केजरीवाल ने भी हरियाणा के भाजपा सरकार पर यमुना के पानी में जहर मिलाने का आरोप जड़ दिया। गौरतलब है कि हर साल उत्तर भारतीयों के प्रमुख पर्व 'छठ पूजा' के दौरान दिल्ली की जीवनरेखा यमुना की सफेद झागदार तस्वीरें देश ही नहीं बल्कि दुनिया के मीडिया में सुर्खियां बटोरती है। विडंबना है कि हमारे सियासी दल हर चुनाव में यमुना की इस बेबसी पर घड़ियाली आंसू बहाकर वोट बटोरने का साधन बनाती है लेकिन आज तक कोई भी सरकार यमुना का भाग्य नहीं बदल पाई।

मोक्षदायिनी गंगा जिस पर देश की 40 फीसदी आबादी निर्भर है के पानी को जहाँ माइक्रोप्लास्टिक दूषित कर रही है तो यमुना में रासायनिक प्रदूषण के कारण केवल झाग ही दिखाई देते हैं। माइक्रोप्लास्टिक में सिंगल यूज प्लास्टिक के जहरीले केमिकल शामिल होते हैं जो सेहत के लिए काफी नुकसानदायक होते हैं। देश में सदियों से गंगा और यमुना ही नहीं बल्कि सभी नदियों के प्रति आस्था और सम्मान का भाव रहा है। इन्हें नदियों के तट पर कुंभ, महाकुंभ , धार्मिक और सांस्कृतिक मेले-मड़ाईयों का आयोजन होते रहा है तो मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्युपर्यंत सभी कर्मकांड नदियों के गोद में ही होता है। यह कहना बेमानी नहीं होगी कि मानव सभ्यता का विकास इन्हीं नदियों के तट पर हुआ है लेकिन इन नदियों के प्रति सर्वाधिक असभ्यता और अनुदारता आज का सभ्य समाज प्रदर्शित कर रहा है।

विचारणीय है कि पहाड़ों और जंगलों के गोद से निकलने वाली गंगा और यमुना शुभ्र और धवल होती है लेकिन यही नदियाँ मैदानी इलाकों में आती है तो आधुनिक सभ्यता और मशीनी विकास का कचरा समेट कर कालिमा में बदल जाती है। आलम यह कि प्रयागराज आते-आते मोक्षदायिनी गंगा का जल आचमन के लायक भी नहीं रह जाता है। इधर सरकारों के तमाम कोशिशों और योजनाओं के बावजूद गंगा दिनोंदिन मैली होती जा रही है। दरअसल इसके पृष्ठभूमि में प्रमुख कारण सरकारों और प्रशासनिक अमले में दृढ़ इच्छाशक्ति का आभाव, सफाई योजनाओं में भ्रष्टाचार व गुणवत्ता में कमी और सामुदायिक सहभागिता तथा जागरूकता में कमी है। बहरहाल गंगा-यमुना सहित अन्य नदियों में बढ़ते प्रदूषण के लिए इन नदियों के किनारे बढ़ती आबादी, शहरीकरण, उद्योग, कृषि में प्रयुक्त होने वाले कीटनाशक और उर्वरक, अपशिष्ट जल का प्रवाह और धार्मिक व सामाजिक आचरण जिम्मेदार हैं।

बहरहाल ऐसा नहीं है कि देश की सरकारों ने मैली होती नदियों की सफाई की सुध नहीं ली लेकिन नतीजा आशाजनक नहीं है। साल 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने गंगा की सफाई के लिए पहला गंगा एक्शन प्लान लागू किया, साल 2009 में यूपीए सरकार ने राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन अथॉरिटी बनाई गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में 'नमामि गंगे' जैसी महत्वाकांक्षी योजना का आगाज किया था। अलबत्ता योजना के अंतर्गत अभी तक जितना काम हुआ है वह उत्साहवर्धक नहीं है और न ही सरकार के दावों के अनुरूप है।

अलबत्ता क्या हम ऐसे भारत की कल्पना कर सकते हैं जहां नदियां न हों गंगा और यमुना न हों, जहां क्षिप्रा और नर्मदा न हो, जहां गोदावरी और ब्रम्हपुत्र न हो, जहां महानदी और शिवनाथ न हो। बिलाशक यह कल्पना बेमानी है लिहाजा नदियों पर सियासत नहीं बल्कि इन्हें साफ रखने की दिशा में सोचना होगा। आखिरकार नदियों के कल-कल में ही जीवन का कल यानि भविष्य है। बहरहाल मरती नदियां कैसे जी उठती है? इसका उदाहरण लंदन की टेम्स नदी है जिसे 'डेड रिवर' घोषित कर दिया गया था जिसमें जलीय जीव-जंतु भी जीवित नहीं रह सकते थे लेकिन ब्रिटेन सरकार और समाज की दृढ़ इच्छाशक्ति ने इस नदी को दुनिया का सबसे सुंदर और साफ नदी का तमगा दिला दिया।

यह उदाहरण भारत के लिए भी प्रेरणा बन सकता है बशर्ते देश के राजनीतिक दल नदियों पर सियासत का कीचड़ फेंकने की जगह समाधान की दिशा में विचार करें। सरकारों का भी दायित्व है कि वह नदियों के सफाई के लिए लागू एक्शन प्लान के भ्रष्टाचार मुक्त और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति प्रदर्शित करे वहीं नागरिक समाज का भी दायित्व है कि वह नदियों के प्रति उदार और स्व- अनुशासित हों तभी देश की नदियां अविरल और निर्मल होंगी।

# याद आता है बड़े कलाकारों का बडप्पन



गोपाल प्रभाकर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**आज** जिधर भी देखो, उधर ही आपाधापी सी मची हुई है।चारों तरफ़ दिखावा ज्यादा लगता है।

साहित्य, कला और संस्कृति के बड़े बड़े उत्सव में तामझाम अधिक रहता है। समाज के प्रति योगदान का भाव बहुत कम नजर आता है। कलाकार जैसे सहृदय लोग भी अर्थ निमित्तम अपनी प्रस्तुति और सेवाएं देने को इच्छुक लगते हैं। पहले जैसी निःस्वार्थ भावना के दर्शन न्यूनतम होती जा रही है।ऐसे में बड़े कलाकारों का बडप्पन याद ज़रूर आता है।

कहीं पढ़ा था कि अपने से वरिष्ठ विशेषज्ञ या बुजुर्ग से कुछ सीखना है तो विनम्रता से उनके सम्पर्क सान्निध्य में रहो। हो सके तो उनकी मनोयोग से सेवा कर उनके आशीर्वाद प्राप्त करें।इससे आयु, सेहत, बल और कीर्ति में अभिवृद्धि होती है।

बरसों पुरानी बात है। लखनऊ विश्वविद्यालय के के कुछ संगीत प्रेमी विद्यार्थियों के एक समूह ने एक म्यूजिकल क्लब खोला। सब की राय बनी संस्था का शुभारंभ बिस्मिल्लाह खां के शहनाई वादन से किया जाय। सबने अपनी जेब खर्ची से सौ रुपये एकत्र किए। बिस्मिल्लाह खां इसी राशि में आने को तैयार हो गए। आ भी गए। जब उन्हें बातों ही बातों में मालूम हुआ कि बड़ी मुश्किल से उनके फेंस ने एक सौ रुपये जुटाए हैं,तब उन्होंने बड़ी तन्मयता से शहनाई बजाई। जब मेजबान उन्हें मानदेय के रूप में सौ रुपये भेंट करने लगे तो वो बोले, ये मैं नहीं लूंगा। आपकी मोहब्बत और क़दरदानी के सामने ये राशि क्या मायने रखती है ? मैं आपका प्यार और सम्मान पाकर ही निहाल हो गया !

ऐसे थे हमारे महान कलाकार बिस्मिल्लाह खान।

# मैं एक नारी हूं ,



राज्यश्री 'गौतम'
सीईओ
@jagrukjanta.net

पुरुषों से बिल्कुल न्यारी हूं ,  
सम्मान दे ऐसे पुरुषों की आभारी हूं ,  
भोग्या नहीं समर्पण की अवतारी हूं,  
जग को जीवन दे मैं वह नारी हूं ।  
मां बेटी बहन और किसी की पत्नी  
प्यारी हूं,  
हर वय के पुरुष को संभाले वह नारी हूं।  
गृहस्ती की मजबूत डोर हूं,  
विवेकपूर्ण सुनहरी भोर हूं ,  
हर रिश्ते को निभाने वाली,  
दो कुलों की मर्यादित ठोर हूं।  
विभिन्न विधाओं की ज्ञानी हूं,  
बहु आयामी व चरित्रवान हूं ,  
मैं दुर्गा काली शक्ति लक्ष्मी सरस्वती हूं,  
आंख में लज्जा हाथ में हथियार रखती हूं।  
मैं त्यागमयी और सेवा भावी हूं ,  
पर मैं अबला नादान नहीं हूं।  
मैं धैर्य,सहनशीलता की प्रतिमूर्ति हूं,  
सहमी सी प्रताड़ित होने वाली नहीं हूं।  
मैं संस्कारों से बंधी हुई हूं ,  
सह नहीं सकती पराधीनता ,  
गम पीकर भी चुप रहती हूं ,  
रखती अंदर खुद्दारी हूं ।  
मैं तन से मन से बचपन से,  
हूं सुंदर नारी,  
ऐ निर्लज्ज कायर पुरुष  
ना समझ मुझे व्यभिचारी।  
त्रिशूला काली बन,  
बनजाऊं मैं संहारी,  
मैं कोमल हूं कमजोर नहीं ,  
अस्त्र-शस्त्र कवच वस्त्र धारी हूं ।  
मैं उज्जवल भारत की निर्मात्री हूं  
गर्व है मुझे मैं एक सशक्त नारी हूं।

लेखक सी.ई.ओ., गौतम हॉस्पिटल सिविल लाइन है।

# जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित

प्रेरणा

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

# कहानी : जीवन और समस्याएं



हरिओम गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**किसी** शहर में, एक आदमी प्राइवेट कंपनी में जॉब करता था। वो अपनी ज़िन्दगी से खुश नहीं था, हर समय वो किसी न किसी समस्या से परेशान रहता था। एक बार शहर से कुछ दूरी पर एक महात्मा का काफिला रुका । शहर में चारों और उन्ही की चर्चा थी। बहुत से लोग अपनी समस्याएं लेकर उनके पास पहुँचने लगे, उस आदमी ने भी महात्मा के दर्शन करने का निश्चय किया।

छुट्टी के दिन सुबह-सुबह ही उनके काफिले तक पहुंचा । बहुत इंतज़ार के बाद उसका का नंबर आया।

वह बाबा से बोला- "बाबा , मैं अपने जीवन से बहुत दुखी हूँ, हर समय समस्याएं मुझे घेरी रहती हैं, कभी ऑफिस की टेंशन रहती है, तो कभी घर पर अनबन हो जाती है, और कभी अपने सेहत को लेकर परेशान रहता हूँ।"

बाबा कोई ऐसा उपाय बताइये कि मेरे जीवन से सभी समस्याएं ख़त्म हो जाएं और मैं चैन से जी सकूँ ?

बाबा मुस्कुराये और बोले - "पुत्र, आज बहुत देर हो गयी है मैं तुम्हारे प्रश्न का उत्तर कल सुबह दूंगा ज लेकिन क्या तुम मेरा एक छोटा सा काम करोगे ?"

"हमारे काफिले में सौ ऊंट हैं, मैं चाहता हूँ कि आज रात तुम इनका खयाल रखो ज्जब सौ के सौ ऊंट बैठ जाएं तो तुम भी सो जाना"

ऐसा कहते हुए महात्मा अपने तम्बू में चले गए ।

अगली सुबह महात्मा उस आदमी से मिले और पुछा- " कहो बेटा, नींद अच्छी आई।"

वो दुखी होते हुए बोला - "कहाँ बाबा, मैं तो एक पल भी नहीं सो पाया। मैंने बहुत कोशिश की पर मैं सभी ऊंटों को नहीं बैठा पाया, कोई न कोई ऊंट खड़ा हो ही जाता "

बाबा बोले - "बेटा, कल रात तुमने अनुभव किया कि चाहे कितनी भी कोशिश कर लो सारे ऊंट एक साथ नहीं बैठ सकते, तुम एक को बैठाओगे तो कहीं और कोई दूसरा खड़ा हो जाएगा। इसी तरह तुम एक समस्या का समाधान करोगे तो किसी कारणवश दूसरी खड़ी हो जाएगी " पुत्र जब तक जीवन है ये समस्याएं तो बनी ही रहती हैं। कभी कम तो कभी ज्यादा।"

"तो हमें क्या करना चाहिए ?"- आदमी ने जिज्ञासावश पुछा।"इन समस्याओं के बावजूद जीवन का आनंद लेना सीखो"

कल रात क्या हुआ ?

1) कई ऊंट रात होते -होते खुद ही बैठ गए,

2) कई तुमने अपने प्रयास से बैठा दिए,

3) बहुत से ऊंट तुम्हारे प्रयास के बाद भी नहीं बैठे और बाद में तुमने पाया कि उनमे से कुछ खुद ही बैठ गए।

कुछ समझे? समस्याएं भी ऐसी ही होती हैं।।

1) कुछ तो अपने आप ही ख़त्म हो जाती हैं ,

2) कुछ को तुम अपने प्रयास से हल कर लेते हो

3) कुछ तुम्हारे बहुत कोशिश करने पर भी हल नहीं होतीं, ऐसी समस्याओं को समय पर छोड़ दो, उचित समय पर वे खुद ही ख़त्म हो जाती हैं।

जीवन है, तो कुछ समस्याएं रहेंगी ही रहेंगी, पर इसका ये मतलब नहीं की तुम दिन रात उन्ही के बारे में सोचते रहो।

समस्याओं को एक तरफ रखो और जीवन का आनंद लो, चैन की नींद सो, जब उनका समय आएगा वो खुद ही हल हो जाएँगी"

बिंदास मुस्कुराओ क्या ग़म है ,  
ज़िन्दगी में टेंशन किसको कम है ।।  
अच्छा या बुरा तो केवल भ्रम है,  
जिन्दगी का नाम ही,  
कभी खुशी कभी ग़म है।

# अब कहां वो होली और कहां होली के रंग



उमेश चंद
पत्रकार
@jagrukjanta.net

अब कहां वो होली और कहां होली के रंग ।  
ना रही अब आत्मीयता !  
चले गए सब गुंजिया और भांग की गोली के संग ।।  
अब कहां वो होली.........

***************

औपचारिकताओं के बीच अब सोशल मीडिया पर ही होली का रंग चढ़ा है ।  
सर्प की तरह मनों में अमिट बैर भाव पालकर अब  
तो केवल एक दूजे के बीच द्वेष ही बढा है ।  
ना रही वो ढोलक की थाप और ना ही बजती है अब  
चंग ।।।  
अब कहां वो होली.........

***************

मोबाइलों पर समय का ज्ञान नहीं और कहते हैं रंग  
हटाने में समय बिगड़ता है ।  
सैल्फी में तो मुँह स्वयं ही बिगाड़ती है बालाएँ ,  
पर रंगों से उनके चेहरे का नूर चिढ़ता है ।  
ना रही अब वो मस्तानों की टोली और ना ही  
गुलाल- अबीर के रंग ।।  
अब कहां वो होली.........

***************

अब तो दिखावों के लिए फागोत्सव के बड़े-बड़े आयोजन होते हैं ।  
और ये कहना भी गलत नहीं होगा कि वो आयोजन केवल महिमा मंडन के  
होते हैं ।  
उनमें रंगों से नहीं फूलों से होली खेली जाती है ।  
क्योंकि दिलों में तो वैमनस्यता की गाँठे खोली नही बाँधी जाती है ।  
ना रही वो सहनशीलता और ना ही वो जीने का अनूठा रंग ।।  
अब कहां वो होली.........

***************

आओ दोस्तों ! होली के बहाने छल -कपट को छोड़कर दिलों में प्रेम को  
स्थान दें ।  
भूलाकर पुरानी रंजिशों को, मिलकर गले, सभी को सम्मान दें ।  
जिससे वास्तविकता में लगे होली और अन्दर तक पहुंचे रंग ।  
जिससे हम कभी ना कह पाए अब कहां वो होली ओर कहां होली के रंग ।

उमेश चन्द खण्डेलवाल "नाटाणी  
मालाखेडा (अलवर)

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया ने समुद्र में दागी कई बैलिस्टिक मिसाइलें



दक्षिण कोरिया की सेना ने दावा किया है कि उत्तर कोरिया ने सोमवार को कई बैलिस्टिक मिसाइलें समुद्र में दागी है। दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू होने के कुछ घंटों बाद यह मिसाइलें दागी गयीं। उत्तर कोरिया इस अभ्यास को अतिक्रमण के पूर्वाभ्यास के तौर पर देखता है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि उत्तर कोरिया के ह्वांगहे प्रांत से मिसाइल दागी गयीं, लेकिन उन्होंने यह खुलासा नहीं किया कि मिसाइलें कितनी दूर तक गईं। दक्षिण कोरिया और अमेरिकी सैन्य बलों ने अपना वार्षिक फ्रीडम शील्ड कमांड पोस्ट अभ्यास शुरू किया है जो ग्यारह दिनों तक चलेगा। हालांकि, इससे पहले दक्षिण कोरिया की वायुसेना के दो लड़ाकू विमानों की गलती से नागरिक क्षेत्र में बमबारी करने की घटना के कारण लाइव-फायर प्रशिक्षण को रोक दिया गया था। दक्षिण कोरिया ने इस मामले की जांच की। उत्तर कोरिया ने इन सैन्य अभ्यासों की कड़ी निंदा करते हुए एक सरकारी बयान में इसे खतरनाक बताया।

## ऑफ बीट

# सिक्स-पैक एब्स हासिल करना कठिन क्यों है



बहुत से लोग कुछ ऐसा हासिल करने की उम्मीद में जिम जाना शुरू करते हैं, जिसे लंबे समय से स्वास्थ्य और फिटनेस के पैमाने के रूप में देखा जाता रहा है और वह हैं सिक्स-पैक एब्स अर्थात पेट की उभरी हुई मांसपेशियां। किसी भी मांसपेशी के निर्माण के लिए, आपको उच्च प्रोटीन युक्त आहार खाने के साथ-साथ नियमित रूप से वजन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। वजन प्रशिक्षण मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण नामक प्रक्रिया को बढ़ावा देकर काम करता है। चूंकि प्रोटीन हमारी मांसपेशियों के निर्माण खंड हैं, मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण यह सुनिश्चित करता है कि पुराने प्रोटीन जो टूट जाते हैं और हटा दिए जाते हैं, उन्हें बदलने के लिए लगातार नए प्रोटीन बनाए जा रहे हैं। जब आप प्रोटीन युक्त भोजन खाते हैं तो मांसपेशियों में प्रोटीन संश्लेषण भी बढ़ जाता है। लेकिन यदि आप पहले से कुछ वजन प्रशिक्षण करते हैं, तो यह वृद्धि अधिक होगी और यदि आपने कोई व्यायाम नहीं किया है तो उसकी तुलना में लंबे समय तक रहेगा। यदि आप वजन प्रशिक्षण करते हैं और प्रति भोजन कम से कम 20 ग्राम प्रोटीन खाते हैं, तो यह मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण को अधिकतम करता है।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



जिनके वक्षस्थल से लक्ष्मी, छाया से पितृगण, स्तन से धर्म, पीठ से अधर्म, सिर से आकाश और विहार से अप्सरायें प्रकट हुई हैं। जिनके मुख से ब्राह्मण और अत्यन्त रहस्यमय वेद, भुजाओं से क्षत्रिय और बल, जंघाओं से वैश्य और उनकी वृत्ति व्यापार कुशलता तथा चरणों से वेद वाह्य शूछ और उनकी सेवा आदि वृत्ति प्रकट हुये हैं। जिनके अधर से लोभ और ओष्ठ से प्रीति, नासिका से कान्ति, स्पर्श से पशुओं का प्रिय काम, भौहों से यम और नेत्र से रोमों से काल की उत्पत्ति हुई। पंचभूत, काल, कर्म, सत्व आदि गुण और जो कुछ विवेकी पुरुषों के द्वारा वाधित किये जाने योग्य निर्वचनीय या अनिर्वचयनीय विशेष पदार्थ हैं वे सब के सब भगवान की योगमाया से ही बने हैं।

पाताल विराट पुरुष के तलवे हैं, उनी एड़ियां और पंजे रसातल है। दोनों गुल्म एड़ी के ऊपर की गांठे महातल है, उनके पैर के पिंडे तलातल है। विश्वमूर्ति भगवन के दोनों घुटने सुतल है। जांघे वितल और अतल है। पेडू भूतल है। उनके नाभि रूप सरोवर को ही आकाश कहते हैं। आदि पुरुष परमात्मा की छाती को स्वर्ग लोक, गले को महलोक, मुख को जनलोक और ललाट को तपोलोक कहते हैं। उन सहस्र सिर वाले भगवान का मस्तक समूह ही सत्यलोक है। इन्द्र आदि देवता उनकी भुजायें है दिशायें कान और शब्द श्रवणेन्द्रिय है। **क्रमशः**

## हमे भेजें

**आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।**

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

# पंचांग



ज्योतिर्विद्
अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 12/03/2025**

**सूर्योदय :** 06:43 **सूर्यास्त :** 18:30 **चन्द्रोदय :** 16:57 **चन्द्रास्त :** 05:35 **शक सम्वत :** 1946 क्रोधी **अमान्ता महीना :** फाल्गुन **पूर्णिमांत :** फाल्गुन **सूर्य राशि :** कुम्भ **चन्द्र राशि :** सिंह **पक्ष :** शुक्ल **तिथि :** त्रयोदशी, 09:13 तक **वार :** बुधवार **द्रिक ऋतु :** वसन्त **द्रिक-वैदिक अयन :** उत्तरायण

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** मघा, 28:03 तक
**योग :** सुकर्माण, 12:59 तक
**प्रथम करण :** तैतिल, 09:13 तक
**द्वितिय करण :** गारा, 21:54 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:57 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:21 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:30 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 06:25 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 06:28 पी एम से |
| अमृत काल | 1:30 ए एम, मार्च 13 से |
| निशिता मुहूर्त | 12:6 ए एम, मार्च 13 से |
| रवि योग | 06:34 ए एम से |

### निवास और शूल

**दिशा शूल :** उत्तर में
**राहु काल वास** दक्षिण-पश्चिम में
**होमाहुति :** चन्द्र
**चन्द्रवास :** पूर्व

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | : 06:42 - 08:10 | उद्वेग | : 18:29 - 20:00 |
| अमृत | : 08:10 - 09:39 | शुभ | : 20:00 - 21:32 |
| काल काल वेला | : 09:39 - 11:07 | अमृत | : 21:32 - 23:03 |
| शुभ | : 11:07 - 12:35 | चर | : 23:03 - 00:35 |
| रोग वार वेला | : 12:35 - 14:04 | रोग | : 00:35 - 02:06 |
| उद्वेग | : 14:04 - 15:32 | काल | : 02:06 - 03:38 |
| चर | : 15:32 - 17:00 | लाभ | : 03:38 - 05:09 |
| लाभ | : 17:00 - 18:29 | उद्वेग | : 05:09 - 06:41 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज त्रयोदशी

### आज कौन सा कार्य करें

राज संबंधी कार्य (सरकारी कार्य), व्रतबंध, प्रतिष्ठा, विवाह, यात्रा, भूषणादि के लिए शुभ होते हैं। यात्रा, शिल्प, चूड़ा कर्म, अन्नप्राशन व गृह प्रवेश शुभ है। ऋण नहीं देना चाहिए।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

फाल्गुन, शुक्ल, त्रयोदशी, 2081 बुधवार, 12 मार्च - 18 मार्च, 2025

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
लम्बित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की सम्भावना है। व्यवसाय में सहयोगी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
व्यापार में जिम्मेदारियाँ बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशन्सा होगी। मित्रों का सहयोग लेना हितकारी होगा। जो लोग आपके विरुद्ध थे, वे अचानक आपके पक्ष में आ सकते हैं।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
विदेश में कार्यरत लोगों को सम्मान मिल सकता है। व्यवसाय में रुके हुये कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में बदलाव करने का विचार बनायेंगे। प्रेम सम्बन्धों में कुछ प्रतिकूलता रहेगी।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

# किसानों को उन्नत तकनीकी से रूबरू कराने में कृषि मेले हो रहे हैं 'मिल का पत्थर' साबित

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net




**जयपुर।** कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने कहा कि किसान उन्नत वैज्ञानिक तकनीक को अपनाकर उत्पादन में वृद्धि कर सकते है। कृषि मेले किसानों को नवीन तकनीक से रूबरू कराने में अहम योगदान देते है। राज्य में कृषकों को कृषि की उन्नत तकनीक के बारे में जागरूक करने के लिए कृषक मेलों का आयोजन 'मिल का पत्थर' साबित होंगे। यह बात कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर और कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन संस्थान (आत्मा) के सहयोग से जोबनेर, जयपुर में आयोजित कृषि मेले के शुभारंभ समारोह में कही।

डॉ. मीणा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि देश में ऐसी योजनाएं लाई जाए जिससे हमारे किसानों की पैदावार में वृद्धि हो और कृषक आत्म निर्भर बन सके। सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लेकर हमारे कृषक समृद्ध बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्लेम वितरणों में व फसल कटाई प्रयोगों में आ रही कठिनाइयों को दूर कर किसानों को इसका पूरा-पूरा लाभ दिया जाएगा। अगर फसल में ओलावृष्टि, अतिवृष्टि या अन्य किसी प्राकृतिक आपदा से 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान हो जाता है तो उसके तुरंत गिरदावरी आदेश कराकर केंद्र व राज्य सरकार किसानों को नुकसान की भरपाई करती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में खराबे के बाद किसानों को क्लेम में आ रही परेशानीयों को दूर कर इसका पूरा फायदा कृषकों को दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जो कृषक खेती के साथ-साथ पशुपालन भी करते है और उसके पशु की अकाल मृत्यु हो जाती है तो उन्हें सरकार द्वारा पशु का क्लेम दिया जाता है। कृषि मंत्री ने कहा कि पहले किसानों को अनुदान का पैसा मिलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब वो पैसा सीधा कृषकों के खातों में आ रहा है। प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों से हमारे रेतीले टीलों में भी फसले लहराने लगी है। आज का हमारा किसान विकसित कृषक बनकर उद्यानिकी की फसले पैदा कर आर्थिक रूप से मजबूत रहा है। यदि सभी कृषक उन्नत व वैज्ञानिक तरीके से खेती करने लग जाए तो नरेंद्र मोदी जी का किसानों की आय दुगुनी करने का सपना जल्द ही पूरा हो जाएगा।

## चैतन्य एम सक्सेना को राष्ट्रीय जीव दया पुरस्कार



**जयपुर @ जागरूक जनता।** भारत सरकार द्वारा पशु कल्याण के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किये जाने वाले 'जीव-जंतु कल्याण एवं सुरक्षा पुरस्कार' के तहत विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केन्द्रीय मतस्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल एवं जॉर्ज कुरियन, एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं पशुपालन आयुक्त भारत सरकार डॉ. अभिजित मित्रा तथा पशुपालन मंत्रालय भारत सरकार की सचिव अलका उपाध्याय ने राजस्थान में पशु कल्याण के क्षेत्र में विगत एक दशक से भी अधिक समय से कार्यरत चैतन्य एम सक्सेना को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर राष्ट्रीय जीव दया पुरस्कार से सम्मानित किया।

## शर्मा वैदिक ज्योतिष के लिए सम्मानित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** इंजीनियर कुलदीप शर्मा वैदिक ज्योतिषी और केपी विशेषज्ञ को ज्योतिष सेवाओं में उनके योगदान के लिए अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष महाकुंभ के अवसर पर कोटा ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के प्रायोजक डॉ. प्रमिला गुप्ता और राघवेंद्र सरकार श्री श्री 1008 स्वामी सौरभ राघवेंद्राचार्य महाराज रघुनाथ धाम द्वारा सम्मानित किया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में समारोह संपन्न

# महिलाओं की भूमिका, अधिकार और योगदान सराहनीय-पवार

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में महिला समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम "फॉर ऑल वुमन एंड गर्ल्स राइट्स इक्विटी, एंपावरमेंट, एक्सेलरेट एक्शन" थीम पर रखी गई, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों, समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की उपाध्यक्ष अंजना पवार ने महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों तथा समाज में उनके योगदान पर विचार व्यक्त किए और महिलाओं को जागरूक व सशक्त होने का संदेश दिया।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने इस अवसर पर संस्थान में कार्यरत सभी महिला शिक्षक, चिकित्सक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर शुभकामना संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रोफेसर पी हेमंता ने महिला सशक्तिकरण पर संबोधित किया और सभी को इस दिवश अवसर पर बधाई दी। कार्यक्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं में एनीमिया से मुक्ति एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए पूरे देश में चलाए जा रहे उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत अतिथियों द्वारा आमजन तक इसकी व्यापक जानकारी एवं सूचना के लिए आईईसी गतिविधियों की प्रचार प्रसार की सामग्री के अंतर्गत विभिन्न वीडियो को लांच किया गया।

विशिष्ट अतिथि अर्चना दादीच ने वर्तमान समय में मां के रूप में महिला की भूमिका पर अपने विचार साझा किए, वहीं अधिवक्ता सुरुचि कसलीवाला ने महिलाओं के अधिकारों एवं कानूनी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम की संयोजक एवं महिला समिति की अध्यक्ष प्रो. दुर्गावती ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस विशेष अवसर पर प्रोफेसर पी हेमंता, प्रो. सुमन शर्मा, प्रो. निशा गुप्ता, प्रो. भारती समिति की सदस्य प्रो. श्रीनिधि, डॉ. शैलेजा, डॉ. पूनम, डॉ. कमला, डॉ. संगीता, डॉ. रश्मि एवं संस्थान की महिला चिकित्सक, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस आयोजन ने महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सभी ने महिला समानता एवं सशक्तिकरण की दिशा में अपने योगदान की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## बीकानेर में 8100 किलो घटिया मावा जब्त

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देश पर प्रदेशभर में मिलावट के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा आयुक्त एच गुईटे के निर्देशन में मंगलवार को बीकानेर में कार्रवाई करते हुए 8100 किलो घटिया क्वालिटी का मावा पकड़ा गया। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि दो पिकअप वैन में घटिया क्वालिटी का मावा सप्लाई के लिए जा रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर फलौदी और बज्जू से आ रही पिक-अप को नाल में रूकवा कर तलाशी ली गयी। इन दोनों वैन से 405 टिन में 8,100 किलो मावा पकड़ा गया। मावे में तेल की मिलावट पाई गई है। उरमूल डेयरी प्लान्ट पर स्थित लैब पर मावे की जाँच की जा रही है।

# बियानी में 'आभार' विदाई समारोह आयोजित

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज में फेयरवेल पार्टी "आभार" का आयोजन किया गया। जूनियर छात्राओं ने नए और पुराने गीतों के माध्यम से अपने सीनियर्स को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि व जज – कॉलेज की लॉ डिपार्टमेंट की असिस्टेंट प्रोफेसर कुसुम सैनी, बी.एड. डिपार्टमेंट की असिस्टेंट प्रोफेसर तृप्ति सैनी और नर्सिंग डिपार्टमेंट की असिस्टेंट प्रोफेसर शीला चौधरी – तथा कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी और डीन व प्राचार्य डॉ. ध्यान सिंह गोठवाल द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। फेयरवेल पार्टी में छात्राओं ने राजस्थानी और हरियाणवी गीतों पर प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। साथ ही, अपने सीनियर्स के प्रति प्यार और सम्मान व्यक्त करते हुए उन्हें विभिन्न टाइटल्स और उपहार भेंट किए। कई तरह के गेम्स आयोजित कर विदाई के गमगीन माहौल को मनोरंजक और रंगीन बनाने का प्रयास किया गया।

पार्टी में रैम्प वॉक और टैलेंट प्रश्नोत्तरी राउंड का भी आयोजन किया गया। इस दौरान, कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें प्रेमानंद जी महाराज के वीडियो देखने और उनके माध्यम से जीवन के महत्वपूर्ण प्रश्नों का समाधान खोजने की प्रेरणा दी। डीन व प्राचार्य डॉ. ध्यान सिंह गोठवाल ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्राओं की सफलता में ही कॉलेज की सफलता निहित है। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल का खिताब फैशन डिपार्टमेंट की शिवानी ने अपने नाम किया। कार्यक्रम के अंत में असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. राधिका बियानी डागा ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

# नारी सशक्त हो एक दीप स्तंभ बन सकती है-हेमलता



◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** ब्रह्मा कुमारीज के जयपुर वी.के.आइ स्थित पीस पैलेस सेवाकेंद्र पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मूल्यनिष्ट ,स्वस्थ, सुखी समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका विषय पर चर्चा हुई।

पीस पैलेस सेवाकेंद्र संचालिका बी.के हेमलता ने कहा की आत्मा रूपी दीपक में जब मेडिटेशन कर परमात्म शक्तियों का घृत डालेंगे तो प्रत्येक नारी सशक्त हो एक दीप स्तंभ बन जाएगी और अपने गुणों को विकसित कर परिवार समाज व देश का कल्याण कर सकेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान अनसंग स्टार ट्रस्ट के फाउंडर व वूमेन व चाइल्ड राईट एक्टिविस्ट मिस भाग्यश्री सैनी उपस्थित हुई और कहा कि प्रत्येक महिला यदि थोड़ा सा समय निकाल कर स्वयं की सेहत व मन का ध्यान रखें तो ही अपने तनाव मुक्त खुशनुमा जीवन से परिवार व समाज का भी ध्यान रख सकेगी।

प्रोफेसर डॉ प्रभा दीक्षित (मणिपाल यूनिवर्सिटी) व सीमा राठौर (आंगनवाड़ी कार्यकर्ता) सहित लगभग 150 शिव शक्तियां इस कार्यक्रम में शामिल हुई। बी.के कविता बहन ने सफल मंच संचालन करते हुए सभी को मेडिटेशन का अभ्यास करा मन की सच्ची शांति, विचारों की सकारात्मक का सुंदर अनुभव कराया। अंत में बी.के मीना बहन द्वारा सभी को प्रसाद व ईश्वरीय सौगात दी गई।

# बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में "एआई टूल्स एंड टेक्नोलॉजी" विषयक सेमिनार आयोजित



◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के आईटी विभाग द्वारा "एआई टूल्स एंड टेक्नोलॉजी" विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की नवीनतम तकनीकों और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर छात्रों को जागरूक करना था। सेमिनार का शुभारंभ डूमशेल सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक विकास सोलंकी, बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी, डीन एवं प्रिंसिपल ध्यान सिंह गोठवाल, आईटी विभागाध्यक्ष नेहा तिवाड़ी , एसोसिएट प्रो. राहुल अग्रवाल और अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य वक्ता विकास सोलंकी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इसके विविध उपयोगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने चैटजीपीटी और नोटबुक एलएम को पॉडकास्ट निर्माण के प्रभावी उपकरणों के रूप में प्रस्तुत किया। इसके अलावा, उन्होंने ट्रेडिशनल एआई और जनरेटिव एआई की अवधारणा को स्पष्ट किया तथा एआई कोडिंग और इसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर गहन चर्चा की। सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों को मशीन लर्निंग, जनरेटिव मॉडल्स, और एआई तकनीक के नवीनतम रुझानों की जानकारी दी गई। इस ज्ञानवर्धक सत्र से विद्यार्थियों को एआई क्षेत्र में उभरते अवसरों को पहचानने और व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने में सहायता मिलेगी।



## तीन दिवसीय भंडारा आयोजित, पदयात्रियों ने ग्रहण की प्रसादी

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** श्री राधे जन सेवा समिति, रोड नंबर 6 के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय विशाल भंडारा भक्तों के लिए अपार श्रद्धा और भक्ति का केंद्र बना। इस पुण्य कार्य में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और भक्ति भाव से प्रसादी ग्रहण की। आयोजन स्थल पर भव्य साज-सज्जा, सुंदर झांकियां और मधुर भजनों की गूंज ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। समिति के समर्पित समाजसेवियों गोपाल शर्मा, नागेंद्र वशिष्ठ, काशीनाथ दीक्षित, नवीन कावट, अंशुल शर्मा, संजय विजय, कालू अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, अरुण कुमार पांडे, नवीन शर्मा, रोशन शर्मा, निकिता शर्मा, रेखा शर्मा, पूजा शर्मा, नेहा शर्मा, शुभम वैष्णव, अभिषेक अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने तन-मन-धन से सेवा कर इस भव्य आयोजन को सफल बनाया। भंडारे में भक्तों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। प्रसाद वितरण से लेकर जल सेवा तक, हर व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया गया। समिति के सदस्यों ने सेवा को अपना परम कर्तव्य मानते हुए प्रेम और श्रद्धा से हर भक्त की अगवानी की।

## प्रो. प्रभात कुमार शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के कुलपति नियुक्त

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** गोवा यूनिवर्सिटी के सेवानिवृत वरिष्ठ प्रो डॉ प्रभात कुमार शर्मा को यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में कुलपति नियुक्त किया गया। ज्ञात रहे प्रसिद्ध शिक्षाविद प्रो डॉ प्रभात कुमार शर्मा ने किंग्स कॉलेज लंदन (यू.के.) से बायोलॉजी में पीएचडी की है। इन्होंने विभिन्न पोस्ट डॉक्टरल पदों पर कार्य किया है। जिसमें इंपीरियल कॉलेज लंदन, कैंब्रिज यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सटर, रोथेमस्टेड एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट यू.के. , जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी दिल्ली शामिल है। प्रो शर्मा को इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन के प्रो हीरालाल चक्रवर्ती अवॉर्ड, डीएसटी यंग साइंटिस्ट रिसर्च अवॉर्ड एवं अन्य अवार्ड्स से नवाजा जा चुका है।

नवनियुक्त कुलपति प्रो शर्मा ने बताया कि यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी को उच्च गुणवत्ता के पैमाने तक पहुंचाने हेतु विद्यार्थी केंद्रित व्यवस्था विकसित करते हुए प्रोजेक्ट्स, पीएचडी, रिसर्च पेपर्स, पेटेंट्स पर ध्यान देना होगा और यूनिवर्सिटी को नई ऊंचाइयों पर ले जाना हेतु हमें टीम UOT की तरह कार्य करना है। यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रो वाइस चांसलर डॉ अंकित गांधी एवं उनकी टीम ने नए कुलपति का स्वागत किया।

# सरकार की योजनाओं लाभ अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुॅचे -राज्यपाल बागडे

## महामहिम राज्यपाल ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**भरतपुर।** महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सरकार की योजनाओं लाभ अन्तिम छोर पर बैठे प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुॅचाकर अधिकारी आमजन के जीवन स्तर में सुधार के साथ उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें।

महामहिम राज्यपाल भरतपुर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुये केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योजनाओं का उद्धेश्य अन्तिम छोर तक प्रत्येक पात्र व्यक्ति को निर्बाध रूप से लाभ मिले जिससे उसके जीवन स्तर में सुधार हो सके। दूरदराज के गॉव में योजनाओं का क्रियान्वयन इस प्रकार किया जाये कि अधिक से अधिक लोगों को उसकी जानकारी मिल सके। उन्होंने सभी विभागों को योजनाओं की प्रगति के लिये टीम भावना के साथ कार्य करते हुये समन्यवित प्रयास करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मनरेगा में जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर रोजगार मिले उसे बाहर नहीं जाना पडे इसके लिये कार्यो का आंकलन कर तैयार रखें। उन्होंने औसत मजदूरी बढाने एवं मनरेगा के कार्यों को वर्षा पूर्व गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये जिससे जल संरक्षण का उद्धेश्य भी साकार हो सके। उन्होंने प्रधानमंत्री आदर्श गॉव योजना में अनुसूचित जाति बाहुल्य गॉवों में कार्यो का आंकलन मूलभूत सुविधाओं के अनुसार करते हुये आम लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिये।

महामहिम राज्यपाल बागडे ने स्वच्छ भारत मिशन अभियान में सभी परिवारों के शौचालय बनवाने, गॉव को साफ सुथरा रखने के लिये कार्य योजना बनाने, वेस्ट वाटर के शुद्धिकरण के प्रयास करने निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सांसद निधि एवं अन्य योजनाओं के विकास कार्यो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। राजीविका के तहत स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुये समूह के उत्पादों की मार्केटिंग की जाये। उन्होंने गॉवों को प्रधानमंत्री सडक योजना से जोडने, जल जीवन मिशन में सभी परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, कुसुम व प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का अधिकाधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना, आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहॅुचाने व जननी सुरक्षा योजना का भुगतान समय पर करने के निर्देश दिये।

महामहिम राज्यपाल किसानों के लिये चलाई जा रही योजनाओं की चर्चा करते हुये कहा कि लम्बित कृषि कनेक्शन शीघ्र जारी किये जायें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फसल खराबे के आधार पर किसानों को सहायता समय पर दी जाये। मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनवाने के लिये ग्राम स्तर तक काश्तकारों को जानकारी प्रदान कर लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना में कोई पात्र किसान लाभ से वंचित नहीं रहे इसके लिये राजस्व व कृषि विभाग निरन्तर प्रयास करें। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में पात्रजनों को योजनाओं की जानकारी देते हुये समय पर ऋण वितरण के साथ व्यवसाय बढाने के लिये भी प्रेरित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लोगों को समय पर ऋण जमा कराने के लिये भी प्रेरित करें जिससे अधिक से अधिक लोगों को भविष्य में योजना का लाभ मिल सके। उन्होने अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, एनसीआर प्लानिंग, पीएम खनन कल्याण, गौशाला अनुदान योजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा की।

जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने विभागवार योजनाओं की प्रगति एवं जिले में चल रहे प्रमुख विकास कार्यों के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा विभागीय उपलब्धियों के बारे में महामहिम राज्यपाल को अवगत कराया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, आयुक्त बीडीए प्रतीक जुइकर, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, निदेशक घना मानस सिंह, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बृज में खेली जाने वाली होली

# महामूर्खाधिराज शोभायात्रा में दिखी परम्परा और संस्कृति की झलक





◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**भरतपुर।** भरतपुर ही नहीं, दुनियाभर में प्रसिद्ध है। भरतपुर में होली खेलने का अनोखापन सब लोगों को काफी लुभाता है। भरतपुर शहर में होली के अवसर पर एक ऐसी अनूठी परम्परा निभाई जाती है, जिसे महामूर्खाधिराज सम्मेलन के रूप में जाना जाता है। यह महामूर्ख सम्मेलन परंपरा करीब 51 वर्षो से भरतपुर मे चली आ रही है। महामूर्ख सम्मेलन में भरतपुर शहर का कोई एक व्यक्ति एक दिन खुशी-खुशी मूर्खाधिराज का ताज पहनता है तथा इसके बाद पूरे शहर में उसका जुलूस निकाला जाता है। मित्र मंडली तरुण समाज समिति ने करीब पांच दशक पहले होली पर यह अनूठी परम्परा शुरू की थी, जो आज तक निभाते चले आ रहे हैं। इस कार्यक्रम को करने का उद्देश्य यह है कि होली की मस्ती और स्वांग बृज में रचे-बसे हैं। भरतपुर शहर में निकलने वाली महामूर्खाधिराज शोभायात्रा माहौल को रंगीन बना देती है। महामूर्खाधिराज शोभायात्रा में निकली धार्मिक झाकियां लोगों को मंत्रमुग्ध कर देती है। गौरतलब है कि रंगीलो महोत्सव के तहत रासलीला, हास्य कवि सम्मेलन, नौटंकी, रसिया दंगल के तहत रासलीला, हास्य कवि सम्मेलन, नौटंकी, रसिया दंगल और महामूर्खाधिराज शोभायात्रा जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। गत 51 वर्षो से परंपरागत रंगीलो महोत्सव का हर्षोल्लास के साथ आयोजन होता आ रहा है। इस बार 52वीं महामूर्खाधिराज शोभायात्रा ने माहौल को पहले से भी ज्यादा खुशनुमा बना दिया है। शहर के कुम्हेर गेट चौराहे से निकली महामूर्खाधिराज शोभायात्रा में राधा कृष्ण, शंकर जी की झांकी सजायी गयी। शोभायात्रा का कोतवाली बाजार, लक्ष्मण मंदिर, जामा मस्जिद, गंगा मंदिर, चौबुर्जा बाजार, मोरी चार बाग, मथुरा गेट बाजार से होते हुए मानसिंह सर्किल पर शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में महामूर्खाधिराज का जगह-जगह माला पहनाकर स्वागत किया गया।

शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई साथ ही कई जगह यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया।

# गौर पूर्णिमा - गुप्त वृन्दावन धाम फूलों की होली से होगा शोभायमान

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** गौर पूर्णिमा पर गौडीय वैष्णव सम्प्रदाय के नए वर्ष का शुभारम्भ होता है क्योंकि ये महान पर्व होता है श्री चैतन्य महाप्रभु (जो भगवान् कृष्ण के अवतार हैं) के आविर्भाव का। जयपुर के गुप्त वृन्दावन धाम में गौर पूर्णिमा की ख़ास तैयारियां चल रही है, इस दिन श्री श्री कृष्ण बलराम भक्तों के साथ फूलों की होली खेलेंगे, इस पावन अवसर के लिए भक्त अभी से ही उत्साहित हैं।

गौर पूर्णिमा पर गुप्त वृन्दावन धाम में श्री श्री कृष्ण बलराम का दिव्य अलौकिक पोशाक एवं फूल बंगले के साथ भव्य श्रृंगार किया जाएगा। श्री श्री गौर निताई की सुन्दर पालकी के साथ भक्त हरिनाम संकीर्तन पर झूमेंगे। होली के त्यौहार का सीधा सम्बन्ध भगवान् कृष्ण और ब्रज की किशोरी राधारानी से है, ऐसा माना जाता है की श्री कृष्ण ने ग्वालों के संग मिलकर होली खेलने की प्रथा शुरू की थी। गौर पूर्णिमा के महोत्सव के लिए गुप्त वृन्दावन धाम में विशेष तैयारियां की जा रही हैं, 14 मार्च को ये उत्सव मंदिर में बड़ी ही धूम धाम से मनाया जाएगा। श्री गौर निताई का पंचगव्य, विभिन्न फलों के रस से एवं 108 कलशों के पवित्र जल के साथ अभिषेक होगा। भगवान् को 56 भोग लगाया जाएगा।

गुप्त वृन्दावन धाम के अध्यक्ष श्री अमितासना दास ने गौर पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह उत्सव श्री चैतन्य महाप्रभु का प्राकट्य दिवस है, उनके सुनहरे रंग के कारण उन्हें गौरांग महाप्रभु भी कहा जाता है। यह त्यौहार गौड़ीय वैष्णवों के लिए नए साल की शुरुआत का भी प्रतीक है।

# भजन कीर्तन व नृत्य के साथ खेली फूलों की होली



◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** फोगोत्सव का आयोजन खरडेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में हुआ, जिसे महिलाओं ने फूलों की होली से खेलकर मनाया। किरण गोस्वामी ने बताया कि होली के दौरान फाग उत्सव का शुभारंभ सबसे पहले भगवान श्री कृष्ण ने किया था। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी महिलाओं द्वारा राधा-कृष्ण के छायाचित्र पर पूजा कर सभी महिलाओं द्वारा अबीर, गुलाल, फूलों से होली की शुरुआत की। फागोत्सव में राधा-कृष्ण के रूप में महिलाओं ने सजधज कर मूर्तरूप देकर फागोत्सव को आकर्षण का केन्द्र बनाया। महिलाओं ने भजन कीर्तन व नृत्य के साथ फूलों की होली खेलने के साथ ही एक दूसरे के गुलाल लगाया। इस अवसर पर किरण गोस्वामी, रानी साहू ,पूजा माली, अनिका कंवर भाटी, ममता राजपूत, हेमलता शर्मा, चित्रा गौड़, पिंकी जीनगर, विहाना सुहाना, सुनीता समदानी, नमिता भराड़िया, वंदना शर्मा, वंदना बिरला आदि महिला ने आनंद उठाया।

# महिला अत्याचार पर सख्त कानून बनाने की मांग-आक्या

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ।** चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभानसिंह आक्या ने विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव पर बोलते हुए सरकार से राजस्थान में महिला अत्याचार पर सख्त सजा का कानुन बनाने की मांग की। आक्या ने स्थगन प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा की गत कांग्रेस राज में महिलाओ पर अत्याचार की बहुत घटनाएं हुई। इसके विपरीत वर्तमान की भजनलाल शर्मा सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में महिला उत्पीड़न की घटनाओं में बहुत कमी आयी है। इसके बावजूद कुछ दर्दनाक घटनाएं जिसमें 14 नवम्बर 2024 को उदयपुर के गोगुन्दा में दो चचेरी बहनो द्वारा उनके साथ हुई जघन्य वारदात के बाद जहर खाकर आत्महत्या करना जिसमें समाज विशेष के लोग शामिल थे। इसी क्रम में अजमेर में 11 वीं कक्षा की बालिकाओ के साथ दुष्कर्म व उन्हें ब्लेक मेल कर घर से पांच लाख रूपये मंगाने की घटना व वर्तमान में विजयनगर में बालिकाओं के साथ हुई दर्दनाक वारदात जिसका सम्पूर्ण राजस्थान में विरोध हो रहा है। ऐसी घटनाओं की जितनी निंदा की जाए कम है तथा सरकार को ऐसे जघन्य अपराधो पर अंकुश लगाने के लिए फांसी की सजा देने का प्रावधान करते हुए कड़ा कानुन बनाना चाहिए।

# गर्भवती महिलाओं को पौष्टिकता के अनुसार दिया जाए सुपोषण न्यूट्री किट-दीया कुमारी

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास शासन सचिव महेन्द्र सोनी की उपस्थिति में मंगलवार को सचिवालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की वित्तीय वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के सम्बंध में बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वित्तीय वर्ष 225-26 की बजट घोषणा के अनुसार गर्भवती महिलाओं को पांचवे महीने से न्यूट्री किट उपलब्ध करवाये जाने हेतु "सुपोषण न्यूट्री किट योजना" को साकार रूप दिए जाने के लिए अधिकारियों से बिंदुवार चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। दिया कुमारी ने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं के लिए गर्भावस्था के दौरान पौष्टिकता का संवर्धन करने वाले भोज्य पदार्थो को "सुपोषण न्यूट्री किट" में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रतिबद्धता से गर्भवती महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए उन्हें पोषण युक्त खान-पान किट उपलब्ध करवाने हेतु कार्य कर रही है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में "मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना" के तहत आंगनबाडी केंद्रों पर 3 से 6 साल तक के बच्चों के लिए सप्ताह में तीन दिन के स्थान पर अब 1 अप्रैल 2025 से पांच दिन दूध उपलब्ध करवाये जाना शुरू करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओ पी बुनकर, वित्तीय सलाहकार पदमचंद, अतिरिक्त निदेशक अनुपमा टेलर, उपनिदेशक डॉ. मंजू यादव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए हो रहे प्रभावी कार्य-बेढ़म

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्य कर रही है। प्रदेश में साइबर अपराधियों पर त्वरित व कठोर कार्रवाई करने के लिए भारत सरकार के सहयोग से 1930 हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया है, शिकायत प्राप्त होने पर रेंज आईजी के माध्यम से अपराधियों की लोकशन ट्रेस कर, संबंधित स्थानीय थाने के माध्यम से अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। गृह राज्य मंत्री प्रश्नकाल में इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित वाहन 112 पूर्व में पुलिसथानों में उपलब्ध करवाए हैं। बेढ़म ने सदन को अवगत कराया कि प्रदेश में अन्य राजकीय कार्मिकों से ज्यादा आकस्मिक अवकाश प्रतिवर्ष पुलिसकर्मियों को दिए जाने का प्रावधान है। इससे पहले विधायक भैराराम चौधरी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि राजस्थान पुलिस के समस्त पुलिसकर्मियों को हार्ड ड्यूटी अलाउंस के अतिरिक्त 5 हजार मासिक रिस्क (जोखिम) भत्ता दिये जाने संबंधी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

### 'प्रकृति के साथ सामंजस्यः प्राकृतिक खेती में अनुसंधान और नवाचार' का समापन

# प्राकृतिक खेती के लाभप्रद मॉडल करने होंगे विकसित-डॉ. मेहता

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**उदयपुर।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के तत्वाधान में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित जैविक खेती पर अग्रिम संकाय प्रशिक्षण केन्द्र के अन्तर्गत 21 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 'प्रकृति के साथ सामंजस्यः प्राकृतिक खेती में अनुसंधान और नवाचार' का समापन अनुसंधान निदेशालय, उदयपुर में पूर्व कुलपति, डॉ. एस. एल. मेहता की अध्यक्षता में 11 मार्च को सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर पूर्व कुलपति डॉ. एस. एल. मेहता ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्राकृतिक कृषि को यदि हमें कृषकों के मध्य प्रचलित रूप में स्थापित करना है तो विश्वविद्यालय वैज्ञानिकों एवं प्रसार अधिकारियों को इसके लाभप्रद मॉडल विकसित करने होंगे। तभी कृषक प्राकृतिक खेती को अपनायेगें। डॉ. मेहता ने कहा कि प्राकृतिक खेती को वृहद रूप से अनुसरणिय बनाने के लिए गांवों के समुह बनाने होंगे जो संयुक्त रूप से प्राकृतिक खेती को एक साथ अपनाये तथा इन गांवों के प्राकृतिक व जैविक उत्पादों के क्रय विक्रय के लिए FPOs बनाने होंगे। कृषि में उपयोग होने वाले रसायनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने हेतु कृषकों को रसायनों के प्रयोग न करने के लिए प्रोत्साहन अधिक अनुदान एवं अन्य सुविधाओं के रूप में देना चाहिए। डॉ. मेहता ने सभी प्रतिभागियों को 21 दिवसीय प्रशिक्षण उपरान्त प्रमाण पत्र वितरित किये एवं सभी से आह्वान किया कि अपने-अपने राज्यों में जाकर ब्रांड एम्बेसेडर की भूमिका निभाये। विदित् है कि प्रशिक्षण में 6 राज्यों के 25 वैज्ञानिक भाग ले रहे थे।

डॉ अरविंद वर्मा, निदेशक अनुसंधान एवं कोर्स डायरेक्टर ने अतिथियों का स्वागत किया एवं प्रशिक्षणार्थीयों को दिये गये प्रशिक्षण का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। डॉ. वर्मा ने बताया कि यह 21 दिवसीय प्रशिक्षण वैज्ञानिकों के लिए प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों पर चिंतन, मनन एवं विश्लेषण के लिए एक मंच के रूप में सहायक सिद्ध हुआ। जिसमें वैज्ञानिक ज्ञान एवं विचारों का आदान-प्रदान किया। वर्तमान परिस्थिति में प्राकृतिक खेती के समक्ष मानव स्वास्थ्य सुधार, प्र्यावरण सुरक्षा के साथ-साथ लाभप्रदता एक बडी चुनौती है। डॉ. वर्मा ने बताया कि पूरे प्रशिक्षण में 33 सैद्धान्तिक व्याख्यान, 8 प्रयोग प्रशिक्षण एवं 6 प्रशिक्षण भ्रमणों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। प्राकृतिक खेती पर सुदृढ़ साहित्य विकसित कर प्रतिभागियों को उपलब्ध कराया गया।

कार्यक्रम में डॉ. आर. एल. सोनी, निदेशक, प्रसार शिक्षा निदेशालय, डॉ. अमित त्रिवेदी, क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, उदयपुर आदि उपस्थित थे। डॉ. रविकांत शर्मा, सहनिदेशक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण समन्वयक ने कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन किया एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ. लतिका शर्मा सहआचार्य ने किया।

# दूध एवं उत्पादों की गुणवत्ता से कोई समझौता नही, मांग के आधार पर डेयरी बूथ खोले जाएं

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** पशुपालन, डेयरी एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि राज्य की सहकारी डेयरियों में उत्पादित सरस दूध की गुणवत्ता ही इसकी पहचान है और इससे कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मंत्री कुमावत मंगलवार को आर एल डी बी सभागार में राज्य की सहकारी डेयरियों के निर्वाचित अध्यक्ष और एम डी के साथ पिछली बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा और नई बजट घोषणा की क्रियान्विति की तैयारी के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। कुमावत ने पिछली बजट घोषणा के लंबित कामों को प्राथमिकता से पूरा करते हुए नई बजट घोषणा के कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में आम जन को मिलावट रहित दूध और दूध से बने उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करना और राज्य भर की सहकारी डेयरियों से जुड़े दुग्ध उत्पादकों का सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट करना पाप का काम है। जनता सरस डेयरी के दूध पर विश्वास करती है हमें उस विश्वास को कायम रखते हुए उस पर खरा उतरना है। कुमावत ने कठोर शब्दों में कहा कि सरस के उत्पादों में किसी भी तरह की मिलावट के मामले में कोई समझौता नहीं किया जाएगा ओर मिलावटखोरों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सरस ब्रांड को न केवल राजस्थान बल्कि पड़ोसी राज्यों में भी लोकप्रिय बनाने के लिए सरकार और डेयरी संघ को मिलकर संयुक्त प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां जहां डेयरी बूथ खोलने की मांग है वहां हमें सक्रिय होकर बूथ खोलने के प्रयास करने चाहिए। बूथ के लिए बजट घोषणा पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है। कुमावत ने कहा कि जिला दुग्ध संघों के निर्वाचित पदाधिकारीगण तथा डेयरी अधिकारियों में समन्वय स्थापित किए जाने के प्रयास होने चाहिए ताकि इसका लाभ आम दुग्ध उत्पादकों को मिल सके। बैठक में जिला दुग्ध संघों के पदाधिकारियों ने राज्य सरकार से ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने की अपील की जिससे योजनाओं को धरातल पर लाने उन्हें सुविधा और सहयोग मिल सके।




# पांच मित्र एक साथ बनी राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल

## इनसे प्रेरित होकर पड़ोस के आदिवासी क्षेत्र के गांवों की लड़कियां भी कर रही पुलिस की तैयारी

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**सिरोही @ तुषार पुरोहित।** जिले में पिंडवाड़ा उपखंड मुख्यालय से 11 किलोमीटर दूर स्थित सादलवा गांव की पांच महिला मित्र आज पुलिस में सेवाएं दे रहीं है। उनका चयन कांस्टेबल पद पर हुआ है। इनके सिर पर खाकी टॉपी और माथे पर अशोक स्तंभ सजा है। पांचों मित्र एक साथ पुलिस कांस्टेबल बनी हैं। दरअसल सादलवा गांव राजपूत बाहुल्य गांव है यहां शुरू से ही शिक्षा की ओर युवाओं का रुझान है वर्तमान में इस गांव से राजपूत समाज समेत अन्य समाज के युवक युवती भी शिक्षा, सेना सहित अन्य सरकारी सेवा में कार्यरत है। आज अंतर्राष्टीय महिला दिवस पर हम बताएंगे इन पांच महिला मित्रों के बारे में जो कि



12 वीं की पढ़ाई के बाद वर्दीधारी नौकरी में जाने का सपना देख रही थी।

### यह आपस में मित्र

**गांव** की पदम कंवर पुत्री रेवत सिंह, मनिता कंवर पुत्री भगवान सिंह, कृष्णा कंवर पुत्री रेवत सिंह, प्रतीक्षा कुंवर पुत्री गणपत सिंह, रवीना कंवर पुत्री दिलीप सिंह पांचों ने गांव में रहकर राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा की तैयारी की। गांव टीएसपी क्षेत्र में होने से विशेष छूट इनको मिली और लगातार तैयारी अच्छी होने के कारण पांचों महिला मित्रों का एक साथ राजस्थान पुलिस सेवा में चयन हो गया। अब इनसे प्रेरित होकर पड़ोस के आदिवासी बाहुल्य वाले गांवों की लड़कियां भी पुलिस सेवा में जाने की तैयारी कर रही है।

### इन जगहों पर तैनात हैं पांचों महिला कांस्टेबल

**राजस्थान** पुलिस कांस्टेबल बनने वाली पांचों की पोस्टिंग वर्तमान में पदम कंवर की पुलिस थाना शिवगंज, मनिता कंवर की पुलिस थाना बरलुट, कृष्णा कंवर की पुलिस थाना आबूरोड, प्रतीक्षा कुंवर की पुलिस थाना सिरोही सदर और रवीना कुंवर की पिटीएस जयपुर में है।

### खेती बाड़ी और रिक्शा चलाकर बेटियों को कांस्टेबल बनाया

इन पांचों के परिवार जन खेती बाड़ी के साथ अन्य छोटा मोटा कार्य कर गुजारा करते है। इनमें से दो कांस्टेबलो के पिता ने रिक्शा चलाकर बेटियों को शिक्षा दीक्षा दिलाई। ग्रामीणों ने बताया कि आज कड़ी मेहनत के बाद गांव की बेटियां पुलिस में सेवा दे रही है यह हमारे लिए बड़े गर्व की बात है। इसने आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

### बेटियों को देख ग्रामीण गदगद

गाँव कि होनहार बेटियों को राजस्थान पुलिस सेवा में देख ग्रामीण व समाज भी काफ़ी खुश है। आज हमारी बेटियां भी किसी क्षेत्र में पीछे नहीं है। पुरुषो के समान कंधा सें कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में अव्वल है। इस छोटे सें गाँव का यह उदाहरण अन्य लोगों के लिए काफ़ी है यदि पूर्ण तन्मयता सें पढ़ाई कि जाए तों कोई लक्ष्य मुश्किल नहीं है।

# ग्रामीण आयुर्वेद चिकित्साधिकारियों ने विधायक आक्या का किया अभिनन्दन

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभानसिंह आक्या द्वारा गत दिनो विधानसभा में बजट सत्र के दौरान आयुर्वेद ग्रामीण सेवा नियम 2008 में चयनीत चिकित्सा अधिकारियों की पदोन्नति तथा प्रसाशनिक पदों के संशोधन एवं केडर रि-स्ट्रक्चर करवाकर ग्रामीण आयुर्वेद चिकित्साधिकारियों के साथ न्याय करने की सरकार से मांग की थी। इस पर शनिवार को कोटा व चित्तौड़गढ़ के ग्रामीण आयुर्वेद चिकित्साधिकारियो के प्रतिनिधिमण्डल ने विधायक आक्या का आभार व्यक्त करते



हुए विधायक कार्यालय पर उनका उपरना ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनन्दन किया।

इस अवसर पर राजस्थान आयुर्वेद चिकित्साधिकारी संघ जिला शाखा चित्तौड़गढ़ के डॉ. सौरभसिंह हाड़ा, डॉ. विरेन्द्र हाड़ा, डॉ. महेन्द्र जाजोरिया एवं जिला कोटा के जिलाध्यक्ष डॉ. हरिओम मीणा, डॉ. ब्रजराज मालव, डॉ. महावीर मालव, डॉ. राम कैलाश मीणा सहित बड़ी संख्या में चिकित्साधिकारी उपस्थित थे।

# जोधपुर की बेटी पार्वती जांगिड़ बनी हार्वर्ड 100 सूची में शामिल होने वाली विश्व की सबसे कम उम्र की महिला

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जोधपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर, हार्वर्ड 100 ने सुश्री पार्वती जांगिड़ को "दुनिया की सबसे



असाधारण महिलाओं" में से एक के रूप में मान्यता दी है। यह वैश्विक रैंकिंग उन बदलाव लाने वालों को सम्मानित करती है जो दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए अपनी शक्ति, प्रभाव, पूंजी और समय का उपयोग कर रहे हैं। सुश्री जांगिड़ को 9,650 महिलाओं के पूल से चुना गया और वह हार्वर्ड 100 सूची में शामिल होने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की महिला हैं। वह एक सामाजिक कार्यकर्ता और परोपकारी हैं जिन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक सुधार और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया है। सुश्री जांगिड़ का जन्म भारत-पाक सीमा के पास बाड़मेर के एक दूरदराज सीमान्त गांव गागरिया में हुआ था। उन्होंने कम उम्र में ही अपने पिता को खो दिया और परिवार की देखभाल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने बाल विवाह के अभिशाप के खिलाफ भी संघर्ष किया। इन चुनौतियों के बावजूद, सुश्री जांगिड़ सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ रहीं।

# भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक चित्तौड़गढ़ की टीम ने दुर्ग पर किया हेरिटेज वॉक

◆ जागरूक जनता
www.jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चर हेरिटेज चित्तौड़गढ़ चैप्टर के सदस्यों ने चित्तौड़ दुर्ग पर हेरिटेज वॉक के अंतर्गत् कुंभा महल के मुख्य परिसर सूरज गोखड़ा, बरामदा,चौक इत्यादि में फैले हुए झांड़, झंखाड़ और फैले हुए कचरे को डॉ कुंदन जैन, मनीष महंत, विजय अजमेरा, शांतिलाल भराड़िया, भरत माहेश्वरी, गौरव बोकड़िया, अंकित माहेश्वरी और लीला आगाल, दिनेश भराड़िया आदि ने स्वच्छता के प्रोटेक्टिव वेयर्स मास्क, ग्लव्ज पहनकर श्रमदान किया। वर्ल्ड हेरिटेज दुर्ग चित्तौड़ के मुख्य राजमहल कुंभा परिसर को स्वच्छ बनाने का प्रयास किया। औइस अवसर पर डॉ गोपाल सालवी ने कुंभा महल की महत्ता और विशेषताओं की जानकारी सदस्यों को प्रदान की। कन्वीनर डॉ सुशीला लड्ढा ने बताया कि सभी सदस्यों ने संपूर्ण दुर्ग का वॉक करते हुए अवलोकन किया और जगह-जगह फैली गंदगी का निरीक्षण करने के पश्चात् ऐसे ऐतिहासिक महत्व वाले स्थानों को साफ सुथरा एवं सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया। को कन्वीनर मनीष मालीवाल ने बताया कि आगामी 22 मार्च को जल संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में दुर्ग पर कीर्ति स्तंभ के आगे स्थित नील बांव पर एक संगोष्ठी आयोजित करने का निर्णय किया। जिसमें जल संरक्षण पर कार्य कर रहे डॉ कुंदन जैन को इस कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया। पूर्व कन्वीनर वंदना वजीरानी ने बताया कि नगरी का प्राचीन ऐतिहासिक स्थल प्रकाशस्तंभ जो आज असुरक्षित और असंरक्षित है को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए जिला कलेक्टर से मिलना और दिल्ली स्थित भारतीय सांस्कृतिक निधि के हेड ऑफिस को इस प्रोजेक्ट की स्वीकृति लेने के डॉ गोपाल सालवी को इंचार्ज बनाया गया।

# महिला दिवस पर महिला न्यायायिक कर्मचारियों, महिला अधिवक्ताओं का किया सम्मान

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**चित्तौडगढ।** जिला अभिभाषक संस्थान के तत्वाधान मे सोमवार को अंतराष्टिय महिला दिवस के उपलक्ष्य मे महिला न्यायीक कर्मचारीयों, महिला अधिवक्ताओं का सम्मान समारोह एवं इसी उपलक्ष मे आयोजित खेल कुद प्रतियोगिता मे विजेताओं को पारितोषिक वितरण समारेह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की सह संयोजक अधिवक्ता सीमा भारती गोस्वामी एवं यास्मीन शेख ने बताया कि संस्थान के अध्यक्ष एसपी सिंह राठौड एवं कार्यक्रम की संयोजक चादनी बैरागी के संयोजन मे आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथी जिला एवं सेशन न्यायाधीश महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने कार्यक्रम मे उपस्थित समस्त महिला अधिवक्ता एवं महिला न्यायीक कर्मचारीगण व विशिष्ठ न्यायीक मजिस्ट्रेट रितिका श्रोति के साथ साथ सभी महिला अधिवक्तागण, सभी महिला न्यायीक कर्मचारीगण का उपरणा ओढा कर एवं प्रशस्ति पत्र, कलम भेंट कर सम्मान किया गया। इसी दौरान महिला एवं बाल कल्याण समिति अध्यक्षा प्रियंका पालिवाल, अधिवक्ता अब्दुल सत्तार न्यायीक कर्मचारी जूली स्वर्णकार, विनोद पानखाणिया, वर्षा, निता लोठ आदि ने महिला दिवस पर अपने विचार रखते हुए प्रस्तुती दी। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र मे महिला दिवस के उपलक्ष मे आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता मे विजेता उपविजेता रहे प्रतिभागियों को जिला एवं सेशन न्यायाधीश महेन्द्र सिंह सिसोदिया, अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश विनोद बैरवा, न्यायाधीश इन्द्र सिंह मीणा, सिद्धार्थ सांदू, धारू राम, वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मीलाल पोखरना, पूर्व बार संघ अध्यक्ष शिवनारायण जाट, महेन्द्र सिंह मेडतिया, ओमप्रकाश शर्मा, प्रदीप काबरा, सावन श्रीमाली, शैलेन्द्र सिंह राव ने मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

कार्यक्रम के दौरान स्वागत उद्बोधन जिला अभिभाषक संस्थान के अध्यक्ष एस पी सिंह राठौड ने दिया। न्यायीक अधिकारीयों का स्वागत संस्थान के उपाध्यक्ष अनुराग दाधीच, कोषाध्यक्ष संदीप सेठिया, पुस्तकालय प्रभारी शुभम सुखवाल, कार्यकारिणी सदस्य ललित लढा, महिपाल सिंह, योगेश शर्मा, भैरूदास वैष्णव आदि ने किया । कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता भारती गहलोत ने किया व आभार शुभम सुखवाल ने किया।

## आखिल भारतीय पंचांग कर्ताओं का महाकुंभ नीमच में संपन्न

# विक्रम संवत् 2083 के व्रत, पर्वो पर हुआ मंथन

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**नीमच।** अंतराष्ट्रीय सनातन दृक पंचांग समिति से जुड़े श्री साकेत पंचांग बूंदी के गणितकर्ताआचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि अंतराष्ट्रीय सनातन दृक पंचांग समिति द्वारा 9 मार्च को एक दिवसीय अंतराष्ट्रीय पंचांग कर्ताओं का सम्मेलन मध्यप्रदेश के भादवा माता नीमच में आयोजित किया गया। आयोजन समिति के संयोजक व भादवा माता पंचांग कर्ता ज्योतिषाचार्य पंडित भागीरथ जोशी ने बताया नीमच के श्री भादवामाता तीर्थ क्षेत्र में भारत के विभिन्न प्रदेशों के पंचांग कर्ताओं की एक सभा का आयोजन 9 मार्च को प्रातः10 बजे से रखा गया जिसमें विक्रम संवत् 2083 के व्रत पर्वों के एकीकरण पर विचार विमर्श कर प्रत्येक त्यौहार पूरे भारत में एक ही दिन मनाने पर विचार कर सम्मेलन आयोजित किया गया। पंडित जोशी ने बताया कि विक्रम संवत संवत् 2083 के व्रत पर्वो पर मंथन किया गया, ताकि पूरे भारत में व्रत पर्व एक ही दिन मनाए जा सके।

### सम्मेलन में इनकी रही उपस्थिति

**कार्यक्रम** की अध्यक्षता महामंडलेश्वर व्यासाचार्य उज्जैन, मुख्य अतिथि पंडित मोहन दाते सोलापुर-दाते पंचांग, विशिष्ट अतिथि पंडित रमन शर्मा कांची कामकोटि पीठ,पंडित सुरेश गौड़ सुमेरपुर-सनातन ज्योतिष पंचांग, दीपक जोशी नैनीताल - उत्तराखंड श्री गणेश मार्तंड पंचांग, सहायक प्रद्योत जोशी, अरुण जेटली-पप्पी पंचांग दिल्ली, आचार्य




अक्षय शास्त्री श्री साकेत पंचांग बुंदी, पंडित दीनदयाल शास्त्री श्री रामेश्वरम पंचांग बुंदी, पंडित जगदीश प्रसाद शर्मा श्री साकेत जंत्री बुंदी, पंडित नवराज शुक्ल बूंदी-अपराजिता पंचांग,लखबीर तिवारी अमलोह पंजाब-नैनादेवी पंचांग, विद्याधर करंदीकर,कालनिर्णय पंचांग,देव शर्मा हरियाणा-कैलाश पंचांग, डॉ.श्याममनोहर चतुर्वेदी सागर-सिया भवानी पंचांग, रमेश पंड्या राजोद धार-कालचक्र पंचांग, पंडित कौशल किशोर कौशिक-श्री राजधानी पंचांग दिल्ली,धर्म शास्त्री पंडित जीवन चंद्र पंत- उत्तराखंड, गंधर्व पंचांग, नीरज अग्निहोत्री काला पिपल-सिद्धेश्वर पंचांग, निधिश्वर सामवेदी तमिलनाडु पंचांग कर्ता, डॉ. श्रीकांत तिवारी- अन्नपूर्णा पंचांग काशी, कन्नू भाई पुरोहित-गुजरात संदेश पंचांग, सुब्रह्मण्यम सिद्धांति-कांची कामकोटि पीठम तेलुगु पंचांग, चिवुकुला शेषाचल शर्मा सिद्धांती हैदराबाद-तेलुगु पंचांग, डॉ.शेषभट्टर लक्ष्मण मूर्ती सिद्धांती हैदराबाद-तेलुगु पंचांग, सिद्धांती द्वय, डॉ.विष्णु कुमार शास्त्री-श्री सिद्ध विजय पंचांग उज्जैन, अमित कुमार मिश्र - शिव गोविन्द पंचांग, वाराणसी,डॉ.अशोक शर्मा-श्री बद्री काशी पंचांग अशोक नगर, डॉ.अजय कुमार पांडेय- सह संपादक विश्व पंचांग वाराणसी,विनय दाते-दाते पंचांग, ओंकार दाते- दाते कन्नड पंचांग,सुनिल दत्त जेटली पप्पी पंचांग दिल्ली, तंगीराला मल्लिकार्जुन शर्मा- राजमहेंद्रवरम्, बट्टे सिद्धांती-राजामुंदरी, पंडित मधुसूदन जोशी-पालनपुर गुजरात,प्रो. विनय कुमार पांडेय-वाराणसी,पंडित भागीरथ जोशी - श्री भादवामाता पंचांग नीमच,जीवन चंद्र पंत उत्तराखंड,स्वानंद विद्याधर करंदीकर- स्वामी समर्थ पंचांग, शशिकांत-मिश्र ग्वालियर, सिद्धार्थ-शर्मा गुजरात, सुनील कुमार पांडेय- मातंगी तारा पंचांग-वाराणसी, शशि कांत मिश्रा-ग्वालियर, अमिताभ शर्मा रायपुर, आशीष शर्मा नीमच -निर्णयसागर पंचांग- नीमच, डॉ.सर्वेश्वर शर्मा उज्जैन,पंडित रामदयाल पांडेय सहित सैकड़ों पंचांग कर्ता इस सभा में व्रत पर्वो पर धर्म शास्त्रों का मंथन कर पंचांगों में एक रुपता एक वाक्यता पर निर्णय लिया। प्रारंभ में दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। जिसमें श्री राज राजेश्वरी संस्कृत वेद विद्यालय भादवामाता के विद्यार्थियों ने वेद मंत्रो से मंगलाचरण किया। कार्यक्रम प्रभारी पंडित ऋतु राज जोशी ने सभी विद्वानों का आभार जताया।

# न्युवोको विस्टास चित्तौड़ सीमेंट प्लांट ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, क्षमता के हिसाब से भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने आकृति सेंटर, मंगरोल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया, जिसमें महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नक्षत्र लेडीज क्लब अध्यक्ष सत्या सूर्यम और क्लब की अन्य सम्मानित सदस्य मौजूद थीं। पुलिस विभाग, बिजली विभाग, महिला एवं बाल कल्याण विकास विभाग और स्थानीय उद्यमियों के गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण चित्तौड़ सीमेंट प्लांट के आसपास के गांवों की महिला उद्यमियों को सम्मानित करना था, जिन्होंने सफलतापूर्वक अपने व्यवसाय का निर्माण किया और उसे बनाए रखा है। उनकी सफलता की ये प्रेरक सफर आत्मनिर्भरता, दृढ़ता और दृढ़ संकल्प का प्रमाण हैं।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों के



बीच आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने वाले इंटरैक्टिव सत्र और प्रेरक वार्ताएं शामिल थीं। इसके अतिरिक्त, आकृति सेल्फ-हेल्प ग्रुप के सदस्यों को उनके समर्पण और बढ़ते कौशल के लिए सम्मानित किया गया, जो उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद कर रहे हैं। आयोजन में उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए सत्या सूर्यम ने महिलाओं को नए अवसरों की खोज करने, अपने कौशल विकसित करने और अपने समुदायों में योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन आकृति सदस्यों की सराहना, कौशल विकास और उद्यमिता के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण का समर्थन करने के लिए न्युवोको सीएसआर की प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ हुआ।

# लखदातार के मेले में उमड़ा जन सैलाब

**मालाखेड़ा @ जागरूक जनता।** फाल्गुनी शुक्ल एकादशी दिनांक 11 मार्च 2025 को बालेटा रोड, रेलवे फाटक के पास स्थित श्याम बाबा के मंदिर में बाबा के जन्मदिन पर बधाई देने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा । बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक जोश देखने लायक था। सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक भीड़ का ताता लगा रहा । कोई दण्डोती देते हुए तो कोई पैदल तो कोई डीजे पर नाचते गाते मन्दिर में हाजरी लगाने की होड़ मे लगा रहा। दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक वृंदावन की कथा वाचक इंदुलेखाजी के द्वारा कृष्ण लीला व भजनों का गुणगान किया गया एवं फागोत्सव का भी आयोजन किया गया । जिसमें सभी ने गुलाल - अबीर से होली खेलकर नृत्य कर आनंद लिया । वहीं बच्चों ने झूलों का लुफ्त उठाया तथा खिलौने की दुकानों पर जमकर खरीददारी की ।


## घर मंगवाये जागरूक जनता

**सदस्यता फार्म** दिनांक ....................

**जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।**

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमांड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ....................................................................................

पता : ..........................................................................................................

....................................................................................................................

फोन ................................................. पिन कोड

राशि (रुपए) ........................................ बैंक का नाम ................................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ..............................................रसीद क्रं. ......................

दिनांक ..................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
सकारात्मक हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718


## ग्रामीण स्वास्थ्य के लिए हिन्दुस्तान ज़िंक की पहल

# चंदेरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर के आस पास के 27 गावों में मिलेगी निःशुल्क चिकित्सा मोबाइल वेन

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**चित्तौडगढ़।** ग्रामीण क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्धेश्य से हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा ममता-हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के सहयोग से आस पास के क्षेत्र के 27 गावों के लिए मोबाइल हेल्थ वेन की शुरूआत की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय में आयोजित समारोह से इस कार्यक्रम की शुरूआत की गयी।

इस मोबाइल वेन में प्रशिक्षित चिकित्सक एवं स्टाफ गांव गांव जा कर निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं एवं परामर्श देगें। प्राथमिक जांच के बाद गंभीर बीमारी के रोगियों को राजकीय जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु रेफर करने हेतु भी आवष्यक प्रयास किये जाएगें। मोबाइल वेन को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ताराचंद गुप्ता, हिन्दुस्तान ज़िंक के डिप्टी सीईओ स्मेल्टर मानस त्यागी, नगरी सरपंच देवकिशन रेगर एवं आजोलिया का खेड़ा



सरपंच जगदीश जाट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर हेड सीएसआर सुन्दर राज एवं हेड सिक्योरिटी रविराज उपस्थित थे। इस मोबाइल वेन के जरिये स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए विषेश रूप से पहल की जाएगी। इस वेन में एमबीबीएस चिकित्सक, काउसंलर एवं नर्स प्राथमिक स्वास्थ्य की जांच, उपचार एवं परामर्श के साथ ही निःशुल्क दवाईयां भी उपलब्ध करायी जाएगी। चल चिकित्सा वाहन में नियमित रूप से एक चिकित्सक द्वारा क्षेत्र के 27 गांवो में रोगियों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएगी जो कि अनुमानित 49,000 लोगों की आबादी को सेवाएं प्रदान करेगी। काउंसलर द्वारा कुपोषित बच्चों के लिए आवश्यक पोषण, ग्रामीण रोगियों को डेंगू, मलेरिया आदि बीमारियों से बचाव के बारे में भी आमजन को जागरूक करेंगे। मोबइल वेन के शुभारंभ के बाद पुठोली गांव में सरपंच महिपाल सिंह के आतिथ्य में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गयी।

चल चिकित्सावाहन से दूरदराज के गांवो के ग्रामीणों को मौसमी व सामान्य बीमारियों के लिए उपचार व दवाइयां आसानी से सुलभ होगी। हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा वर्ष 2018 से इस प्रकार स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है।

# दुकानों के समूहवार नीलामी पर कोर्ट का स्टे नही, भ्रामक अफवाहों से बचे- आबकारी आयुक्त

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 के तहत आबकारी विभाग द्वारा मदिरा दुकानों का बंदोबस्त पारदर्शिता व सरलीकृत व्यवस्थवा के साथ किया जा रहा है। प्रदेश में आबकारी विभाग द्वारा मदिरा दुकानों के नवीनीकरण की प्रि या के तहत शेष रही मदिरा दुकानों की समूहवार नीलामी की ऑनलाईन प्रक्रिया मंगलवार को प्रारंभ हो गई है। उल्लेखनीय है कि समूहवार नीलामी के संबंध में हाईकोर्ट बैंच जयपुर में दायर याचिका पर न्यायालय ने स्टे नही दिया है अतः आवेदनकर्ता भ्रामक अफवाहों से बचते हुए बिना संशय के ऑनलाईन निविदा प्रक्रिया में शामिल हो सकते है। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के अनुसार राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 के तहत प्रदेश में आबकारी विभाग द्वारा अधिकतम मदिरा दुकानों का रिन्युअल कर लिया गया है। शेष दुकानों के समूहवार अथवा कलस्टर ऑनलाईन नीलामी 11 मार्च 2025 से पारदर्शिता के साथ की जा रही है। समूहवार नीलामी पर रोक के संबंध में हाईकोर्ट बैंच में दायर स्टे याचिका को माननीय न्यायालय द्वारा स्टे नही दिया गया है। इस प्रकार मदिरा दुकानों के पुराने अनुज्ञाधारी एवं नये आवेदनर्ता भ्रामक अफवाहों से बचते हुए बिना किसी संशय के मदिरा दुकानों की समूहवार ऑनलाईन नीलामी प्रक्रिया में शामिल हो सकते है। आबकारी आयुक्त ने बताया कि मदिरा दुकानों की समूहवार ऑनलाईन नीलामी के तहत मंगलवार दोपहर 12 बजे तक 300 कलस्टर पर पर ईएमडी जमा हो चुकी है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886




# 1630 गांव-ढाणी जुड़ेंगे पक्की सड़कों से-दीया कुमारी

## 3 हजार 500 करोड़ की लागत से 5 हजार किमी सड़के बनाई जायेगी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चतुर्थ चरण के तहत प्रदेश की लगभग 1630 बसावटों को पक्की सड़कों से जोड़ा जायेगा। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि अनुमानित 3 हजार 500 करोड़ की लागत से लगभग 5 हजार किमी पक्की सड़कों का निर्माण करवाकर दूरदराज के गांवों, ढ़ाणियों/बसावटों को सर्वकालिक सड़कों से जोड़ा जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने उप मुख्यमंत्री कार्यालय में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अन्तर्गत स्थापित राजस्थान ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश की सभी बसावटों को सर्वकालिक पक्की सड़कों से जोडना हमारी पहली प्राथमिकता है। इससे न केवल परिवहन सुगम एवं तीव्र होगा बल्कि आर्थिक विकास के भी नये द्वार खुलेगें। गौरतलब है कि उप मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चतुर्थ चरण के अन्तर्गत प्रदेश की 1630 ग्रामीण बसावटों में सड़कों हेतु सर्वे का कार्य 31 जनवरी 2025 से पूर्व ही करवाया जा चुका है। देश में राजस्थान द्वारा यह सर्वे सबसे पहले पूरा करवाया गया है। इसके तहत 1374 मरूस्थलीय, जनजातीय एवं आशान्वित जिला/ब्लॉक कार्यक्रम अन्तर्गत चिन्हित बसावटों, 500 से 999 आबादी की 191 बसावटों, 1000 एवं उससे अधिक की 30 बसावटों तथा धरती आभा-जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अन्तर्गत 35 बसावटों को सर्वकालिक पक्की सड़कों से जोड़ा जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने इस बात पर खुशी व्यक्त की प्रदेश का पीएमजीएसवाई के अन्तर्गत सड़क निर्माण में निर्मित लम्बाई के दृष्टिकोण से देश में दूसरा स्थान है। उन्होनें प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम के तहत करवाये जा रहे सड़क निर्माण कार्यों को गति प्रदान करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव टी सी गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।



### सर्वे में प्रथम रहे है, क्रियान्वयन में भी शीर्ष पर रहे

उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस प्रकार पीएमजीएसवाई चतुर्थ चरण में सड़कों के सर्वे में प्रदेश देश में शीर्ष पर रहा है उसी गति से सड़क निर्माण में भी काम करवाये ओर प्रदेश को देश में शीर्ष स्थान पर लाये। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय से यथाशीघ्र स्वीकृतिया प्राप्त करके शीघ्र सड़कों का निर्माण शुरू करवाये।





















संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039




यूईएम, जयपुर लिटफेस्ट 2025 : साहित्य, रचनात्मकता और सांस्कृतिक संवादों का भव्य समारोह हुआ आयोजित

# रचनात्मक अभिव्यक्ति और बौद्धिक विमर्श का अनूठा संगम

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net




**जयपुर।** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर ने वॉयस के सहयोग से यूईएम लिटफेस्ट 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जो एक असाधारण दो दिवसीय साहित्यिक और सांस्कृतिक उत्सव था, जिसमें कहानी कहने, रचनात्मक अभिव्यक्ति और बौद्धिक विमर्श के समृद्ध उत्सव के लिए प्रसिद्ध साहित्यिक हस्तियां, विद्वान और उत्साही छात्र एक साथ आए।

महोत्सव के पहले दिन की शुरुआत एक भव्य उद्घाटन सत्र के साथ हुई, जिसमें स्वागत चाय, औपचारिक दीप प्रज्ज्वलन और यूईएम जयपुर के कुलपति प्रो. (डॉ.) बिस्वजय चटर्जी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। वॉयस के संस्थापक और संपादक प्रो. राजुल भार्गव के उद्घाटन भाषण ने गहन साहित्यिक चर्चाओं के लिए मंच तैयार किया। यूईएम जयपुर के रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार शर्मा ने साहित्य के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला, जिसके बाद हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर की कुलपति प्रो. सुधी राजीव ने "विश्व को महिलाओं के लिए उपयुक्त बनाना" विषय पर एक प्रेरक मुख्य अतिथि संबोधन दिया, जिसमें साहित्य में लैंगिक आख्यानों पर जोर दिया गया।

इस दिन प्रसिद्ध लेखकों और बुद्धिजीवियों की विचारोत्तेजक चर्चाएँ हुईं, जैसेः- मीनाक्षी भारत और नेहा बंसल ने स्मृति, आघात और साहित्य पर सुधा राय के साथ बातचीत की, रचना सिंह और तबीना अंजुम ने मिनी नंदा के साथ सचित्र कहानी कहने और उसके प्रभाव पर चर्चा की, आशुतोष सिंह और जयश्री भार्गव ने समकालीन आख्यानों में पौराणिक कथाओं की खोज की, मिसना चानू और उर्मिल तलवार ने विस्थापन और पहचान के विषयों पर विचार व्यक्त किए। रोनोजॉय सरकार और महीका नंदा ने साहित्य और कला पर नए दृष्टिकोण प्रस्तुत किए।प्रख्यात लेखकों ने यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण अभियान में भी भाग लिया। इस दिन का समापन साहित्यिक उत्कृष्टता आइकन पुरस्कारों के साथ हुआ, जिसमें उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान का सम्मान किया गया और डॉ. मुकेश यादव द्वारा हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

लिटफेस्ट 2025 के दूसरे दिन विविध शैक्षणिक पृष्ठभूमि से 150 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्होंने अपनी साहित्यिक और कलात्मक प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लिया। एनीमे क्विज़- एक रोमांचक प्रतियोगिता के माध्यम से एनीमे संस्कृति के ज्ञान का परीक्षण। मॉडल यूनाइटेड नेशंस (MUN): सम्मोहक तर्कों के साथ वैश्विक मुद्दों पर बहस। • IQ एरिनाः बुद्धि और बुद्धि की लड़ाई। मेहंदी स्पार्कल्सः जटिल मेहंदी कला का प्रदर्शन। ज़ आवाज़-ए-हुनर - भाषण प्रतियोगिताः विभिन्न विषयों पर शक्तिशाली भाषण देना। विचार - रचनात्मक लेखन चुनौतीः सम्मोहक कथाएँ और निबंध तैयार करना। एक्सपोज़र कंट्रोल शॉटः कलात्मक दृष्टिकोण को कैप्चर करने वाली एक फ़ोटोग्राफ़ी प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रमः संगीत, नृत्य और नाटक का एक जीवंत उत्सव आदि।

कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जहाँ छात्रों को नकद पुरस्कार, पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया, इसके बाद सीखने और सौहार्द को बढ़ावा देने वाला एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया।

यूईएम लिटफ़ेस्ट 2025 साहित्य, बुद्धि और कलात्मक अभिव्यक्ति का जश्न मनाने में एक शानदार सफलता थी। यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर ने छात्रों और साहित्यिक उत्साही लोगों को जुड़ने, अभिव्यक्त करने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक प्रेरक मंच प्रदान किया। जैसे ही उत्सव समाप्त हुआ, इसने साहित्यिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी, यह सुनिश्चित करते हुए कि कहानी कहने, रचनात्मकता और बौद्धिक प्रवचन की भावना आने वाले वर्षों में भी जारी रहेगी।

## महिला दिवस पर किया महिलाओं का सम्मान



**जयपुर @ जागरूक जनता।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान में जेकेजे ज्वैलर्स परिसर के सभागार में महिला दिवस का कार्यक्रम जेकेजे ज्वैलर्स विद्याधर नगर के संस्थापक/समाजसेवी प्रमोद एवं सामाजिक मैनेजर प्रेम श्याम लता शर्मा के सानिध्य में मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में पार्षद प्रियंका अग्रवाल, डॉक्टर पल्लवी, अनीता गुप्ता, मुकेश खंडेलवाल एवं उनकी माताजी एवं अध्यक्ष संजय कटारा विकल्प इंडिया सोसाइटी, हेमलता मौजूद रहे। जेकेजे ज्वैलर्स द्वारा सभी महिलाओं को गणेश प्रतिमा प्रतीक स्वरूप भेंट कर एवं माला पहन कर सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्याधर नगर थाने से शोभा एवं उनकी महिला टीम, फायर ब्रिगेड की टीम उनकी महिला कार्मिकों का विभिन्न समाजसेवी संगठन, क्लब के मेंबर, डॉक्टर किरण प्रजापति, किरण नर्सिंग होम एवं जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित हुए।

## महिला दिवस पर महिलाएं संकल्प ले अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के लिए - मंजू बाघमार

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य मंत्री मंजू बाघमार ने कहा की महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। महिला संकल्प लें कि, वे अपने पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाएंगी। शिक्षा ही महिलाओं को आगे बढ़ाती हैं और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में योगदान देते हैं। इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा ने कहां की संयुक्त परिवार से महिलाएं और भी अधिक प्रगतिशील होगी। संयुक्त परिवार महिलाओं के करियर में बाधा नहीं है। प्रखर नवनीत और डॉ धीरज दुबे की ओर से नारी तू नारायणी, नारी शक्ति 2025 अवार्ड सेरेमनी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला पत्रकार राखी सोनी के अलावा अन्य महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास मंजू बाघमार, जयपुर की सांसद मंजू शर्मा, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉक्टर धीरज दुबे ,उत्तर पश्चिम रेलवे की सीपीआरओ शशि किरण, केशव नवनीत के संपादक रामचरण बडाया और आयोजक भारती खंडेलवाल मौजूद रही।

## फागोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** फाल्गुन माह में हर ओर उड़ रही गुलाल और चंग की थाप के बीच फागोत्सव की धूम है। शहर के मन्दिरों में भक्त अपने



आराध्य के संग होली खेलते नजर आ रहे हैं व रचना झांकी का आयोजन भी किया जा रहा है। इस बीच राजधानी के नाहरी का नाका शास्त्री नगर श्री हनुमान कुंज स्थित चमत्कारेश्वर वीर हनुमान मन्दिर प्रांगण में मगंलवार को भव्य फागोत्सव मनाया गया। मंदिर प्रवक्ता पुजारी धीरज कुमार पारीक ने बताया फागोत्सव के उपलक्ष्य पर प्रातः काल महंत सुरेश पारीक के सानिध्य में पवनपुत्र को नवीन सिंदूरी चौला चढ़ाकर धोती, कुर्ता स्वरुप विशेष पोशाक धारण करवाई गई तथा गुलाल अर्पित की गई। पुष्पों की होली चंग की थाप के साथ आज अवध में होली रे रसिया, होली खेल रहें हनुमंत सरकार जैसे मधुर गीतो से गायकों ने भगवान को रिझाया । श्रद्धालु हनुमान जी महाराज के साथ गुलाल व पुष्प की होली खेलते नज़र आए ।

## ब्रह्मा मंदिर कोरिडोर और परिक्रमा मार्ग को संवारने की योजना तैयार

**जयपुर @ जागरूक जनता।** पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने विस में कहा कि पुष्कर- अजमेर में ब्रह्मा मंदिर कोरिडोर व सरोवर परिक्रमा मार्ग के सम्बन्ध में अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रारम्भिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर दी गई है। जिसे पर्यटन मंत्रालय, केंद्र की स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अन्तर्गत स्वीकृति के लिए पत्र 31 दिसम्बर 2024 को भेज दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र से स्वीकृति प्राप्त होने पर राज्य सरकार द्वारा इसकी डीपीआर तैयार की जाएगी। इससे पहले विधायक अनीता भदेल के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में पर्यटन मंत्री ने बताया कि परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 में पुष्कर- अजमेर में ब्रह्मा मंदिर कोरिडोर व सरोवर परिक्रमा मार्ग में विकास कार्य करवाये जाने की घोषणा की गई है।

# अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पाबूबेरा विद्यालय में लगाए सीसीटीवी कैमरे

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**गुड़ामालानी।** क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में यूं तो अधिकांश विकास कार्य व सुविधाएं सरकारी स्तर पर ही मुहैय्या करवाई जाती है,लेकिन विद्यालय प्रबंधन की सकारात्मक सोच से ग्रामीणों का सहयोग लेकर विद्यालय का विकास करवाया जाए तो ग्रामीणों का विद्यालय से सीधा जुड़ाव बन जाता है।ऐसा ही उदाहरण है धोरीमन्ना ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाबूबेरा का,जहां शिक्षकों ने स्वयं व भामाशाहों से सहयोग लेकर विद्यालय परिसर की तस्वीर बदलने की कोशिश की है तथा अब तो पूरे परिसर को तीसरी आंख की निगरानी में रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे से युक्त बनाया गया है ताकि अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके।प्रधानाचार्य अचलाराम सेवदा ने बताया कि समय की मांग को ध्यान रखते हुए विद्यालय परिसर में



सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं ताकि विद्यालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को ओर बेहतर बनाया जा सके।

स्टेट अवार्डी शिक्षक जगदीश प्रसाद विश्नोई ने बताया कि विद्यालय में नवाचार के तहत सरकार व भामाशाहों के सहयोग से अत्याधुनिक संसाधनों की व्यवस्था की गई है जिनकी निगरानी रखने और अनुशासन को बेहतर बनाने के लिए तीसरी आंख यानि सीसीटीवी कैमरों की आवश्यकता महसूस हुई तो भामाशाहों से सहयोग लेकर विद्यालय परिसर में चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। इससे पहले विद्यालय में मंच का निर्माण व विस्तार,मुख्य द्वार, ट्यूबवेल,स्मार्ट कक्षा कक्ष,अत्याधुनिक रसोईघर,वाटिकाओं का निर्माण,स्टूल-टेबल,व्हाइट बोर्ड, इलेक्ट्रॉनिक बैल,पौधारोपण, विद्यालय परिसर का सौन्दर्यकरण व फर्नीचर सहित अनेक संसाधनों की व्यवस्था भामाशाहों का सहयोग लेकर की गई है।सीसीटीवी कैमरे लगवाने में नर्सिंग ऑफिसर रामलाल गोदारा,हीराराम सियोल व गंगाराम सियाग के विशेष सहयोग सहित समस्त ग्रामवासियों की ओर से व्यवस्था सहयोग लेकर विद्यालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

इस दौरान उपस्थित आदर्श विद्या मंदिर उमावि तेजियावास के प्रबंधक रावताराम गोदारा ने विद्यालय स्टाफ व भामाशाहों का आभार प्रकट करते हुए हमेशा विद्यालय से जुड़े रहने की अपील की और विश्वास दिलाया कि आप द्वारा दिया एक-एक पैसा विद्यालय विकास में ईमानदारी से काम लिया जायेगा।

धूमधाम से हुआ राजस्थान महाविद्यालय में मृदंग महोत्सव का आगाज

# वाइब्रेट भारत में युवाओं की भूमिका सर्वोपरि-शर्मा

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान महाविद्यालय में अन्तरमहाविद्यालयी युवा महोत्सव 'मृदंग-2025' का आगाज धूमधाम से महाविद्यालय प्रांगण में हुआ। इस महोत्सव के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, विशिष्ट अतिथि उप महापौर जयपुर पुनीत कर्णावत थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने की।

प्राचार्य प्रो. विनोद कुमार शर्मा ने स्वागत भाषण में बताया कि मृदंग महोत्सव महाविद्यालय का बहुत ही प्रतिष्ठित कार्यक्रम है और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। मुख्य अतिथि डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास पर बल देते हुए उन्हें पूरी लगन एवं मेहनत से अपने सपने साकार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 'वाइब्रेट भारत में युवाओं की भूमिका सर्वोपरि है, ऐसे में विद्यार्थियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सफल होकर देश को आगे ले जाना चाहिए। विशिष्ट



अतिथि पुनीत कर्णावट ने कहा कि विद्यार्थियों की सांस्कृतिक गतिविधियों को मंच देने हेतु महाविद्यालय में एक ऑडिटोरियम होना जरूरी है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रस्ताव बनाकर देने का आश्वासन दिया।

प्रो. अल्पना कटेजा ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में हर तरह की चुनौती का सामना करने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। मृदंग संयोजक मीणा संजय बाबूलाल के अनुसार इस दो दिवसीय महोत्सव में तीस से अधिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। पहले दिन हिन्दी-अंग्रेजी काव्यपाठ, मांडना, डम्ब शो नुक्कड़ नाटक, सामूहिक गायन, एकल गायन, पैनल डिस्कशन, स्केचिंग, पोस्टर मैकिंग, क्रियेटिव राइटिंग, क्विज, कांस्टीट्यूशन ड्राफ्टिंग, अंत्याक्षरी, बैटल ऑफ बैंड जैसी प्रतियोगिताओं में राजस्थान विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालयों, विभागों के साथ-साथ शहर के प्रमुख महाविद्यालयों एवं संस्थानों के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। दूसरे दिन हिन्दी-अंग्रेजी वाद-विवाद, त्वरित भाषण, स्टोरी टेलिंग, बैतबाजी, एकल नृत्य, समूह नृत्य, मॉडलिंग, चैस, मास्क पेंटिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, अभिनय, मीम कियेशन, एड मेकिंग आदि प्रतियोगिताएं होंगी। इस अवसर पर एग्जामिस्ट्री संस्था के प्रमुख अत्यब अली जैदी, आकाश दुबे एवं रश्मि का सहयोग हेतु अभिनंदन किया गया।

## रक्तदान कर बचाई महिला की जान

80 किमी गाड़ी का सफर कर रक्तदान करने आए..



**रावतसर @ जागरूक जनता।** राजकीय चिकित्सालय, बाड़मेर में देर रात एक महिला फैंसी कुमारी धर्मपत्नी खेताराम दर्जी, आडेल, गुड़ामालानी के प्रसव दौरान डॉक्टरों ने रक्त की आवश्यकता बताई। बल्ड बैंक में बल्ड नहीं होने पर परिजनों ने अपने परिचितों से पता करवाया तो एबी पोजीटिव रक्त समूह का रक्तदाता नहीं मिला। तो उन्होंने नया सवेरा सेवा संस्थान से संपर्क किया। संस्थान ने वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सूचना दी। जब डाबली सरा, चवा निवासी छगनलाल डी. सुथार को सूचना प्राप्त हुई उस समय शादी समारोह में शरीक होने के लिए पचपदरा जा रहे थे। जिला मुख्यालय से लगभग 80 किमी दूर दूधवा के समीप पहुंचे तो उन्हें पता चला तो राजकीय चिकित्सालय, बाड़मेर वापस गाड़ी लेकर आए और रक्तदान कर महिला की जान बचाई। फिर महिला के परिजनों ने धन्यवाद ज्ञापित किया। छगनलाल डी. सुथार कई संस्थानों के साथ जुड़कर स्वयं समय-समय पर रक्तदान करते हैं, और दूसरों को भी प्रेरित करतें है।




केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसन्धान संस्थान अविकानगर

# भेड़, बकरी, खरगोशपालन के सिक्किम किसानों ने सीखे गुर

ब्रोयलर खरगोश एवं अंगोरा खरगोश पालन ज्यादा लाभकारी

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**टोंक।** केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसन्धान संस्थान अविकानगर तहसील मालपुरा जिला टोंक राजस्थान द्वारा संस्थान की नार्थ ईस्ट रीजन (एनईएच) उपयोजना में दिनांक 10 मार्च को भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् के उतरी क्षेत्रीय केंद्र सिक्किम के सहयोग से 100 लाभार्थियों जिसमे सिक्किम के पूर्वी, पश्चिम एवं दक्षिणी क्षेत्र से चयनित को वैज्ञानिक पोल्ट्रीपालन के लिए केंद्र पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ में पोल्ट्रीपालन हेतु आवश्यक सामानो मुर्गी के छोटे बच्चे, दाना, आवास एवं पानी आदि के सम्बंधित इनपुट्स का भी वितरण प्रशिक्षण उपरांत उपस्थित अथितियों द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम मे संस्थान निदेशक डॉ अरुण कुमार द्वारा सिक्किम राज्य के किसानो को अविकानगर संस्थान के पशु भेड़, बकरी एवं खरगोश पालन को अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा वर्तमान समय मे वैज्ञानिक प्रबंधन से प्रति पशु अधिक उत्पादन लेने के लिए बेहतर नस्ल, चारा, दाना, आवास एवं विभिन्न मौसम आधारित प्रबंधन करते हुए अधिक आमदनी के बारे में विस्तार से सम्बोधन दिया। इस अवसर पर एनईएच नोडल अधिकारी डॉ रणजीत गोदारा, डॉ अजित सिंह महला, संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी इंद्रभूषण कुमार एवं सिक्किम के क्षेत्रीय केंद्र अध्यक्ष डॉ रामगोपाल देवदास एवं डॉ तमिलरासन पशु वैज्ञानिक के साथ सिक्किम राज्य के कृषि और पशुपालन अधिकारी उपस्थित रहे। भविष्य मे भी किसानो को ब्रोयलर खरगोश एवं अंगोरा खरगोश पालन को भी सिक्किम राज्य के लिए उपयोगी पशु बताते हुए इसकी फार्मिंग के लिए अविकानगर संस्थान से भी आगे सहयोग के लिए आश्वासन दिया।

### धौलपुर में राज्यपाल ने जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# पढ़ाई-दवाई- किसानों की कमाई पर दिया विशेष जोर, विकास कार्यों को मिले गति, प्रशासनिक मशीनरी चुस्त-दुरुस्त रहे-राज्यपाल बागडे

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें और उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करें। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए "पढ़ाई, दवाई और गांव में ही कमाई" के सिद्धांत पर कार्य करने पर बल दिया।

राज्यपाल मंगलवार को धौलपुर जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि योजनाओं का क्रियान्वयन इस तरह हो कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक लाभ निर्बाध रूप से पहुंचे। उन्होंने कृषि में उत्पादकता बढ़ाने, उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने, बागवानी एवं वैकल्पिक फसलों को प्रोत्साहित करने के साथ ही खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए इन्हीं उपायों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाएं ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें। उन्होंने जल संरक्षण को एक महत्वपूर्ण विषय बताते हुए कहा कि वर्षा जल संचयन और अन्य जल स्रोतों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में बेघर और घुमंतु समुदाय के लोगों को निशुल्क पट्टा देकर उन्हें आवास योजनाओं में शामिल किया जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति बिना छत के न रहे।

बैठक में उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी परिवारों के लिए शौचालय निर्माण सुनिश्चित करने और गांवों को साफ-सुथरा रखने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि सांसद निधि और अन्य योजनाओं के तहत किए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि गांवों को प्रधानमंत्री सड़क योजना से जोड़ा जाए, जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक परिवार को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए, और कुसुम तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। राज्यपाल ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष जोर देते हुए कहा कि राजीविका योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों को मजबूत किया जाए और उनके उत्पादों की उचित मार्केटिंग की व्यवस्था की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ अधिकतम जरूरतमंदों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में किसी भी पात्र किसान को लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए कृषि और राजस्व विभाग को लगातार प्रयास करने होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दिए जाने वाले ऋणों का सही उपयोग सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए और समय पर ऋण वितरण की व्यवस्था की जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि लाभार्थियों को समय पर ऋण चुकाने के लिए भी प्रेरित किया जाए, ताकि भविष्य में योजना का लाभ अन्य जरूरतमंदों को भी मिल सके। राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केवल पोषण केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के संपूर्ण विकास के संस्थान हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वहां गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में एआई वर्कशॉप आयोजित

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के आईटी विभाग द्वारा माइक्रोसॉफ्ट, एक्सेंचर और संभव फाउंडेशन के सहयोग से 28 जनवरी से 28 फरवरी 2025 तक एक माह की अवधि में आयोजित "एआई टूल्स और प्रौद्योगिकियों" पर वर्कशॉप का सर्टिफिकेट वितरण समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि स्टार्टबिट सॉल्यूशंस के रोहित टोडवाल और संभव फाउंडेशन के एआई ट्रेनर तरुण शर्मा थे। इस अवसर पर बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी, प्रिंसिपल एवं डीन डॉ. ध्यान सिंह गोठवाल, तथा आईटी विभाग की विभागाध्यक्ष नेहा तिवाड़ी ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

इस दौरान डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी ने कहा कि "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य की तकनीक है, और इसे सीखकर विद्यार्थी अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। इस तरह की वर्कशॉप्स छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ उनके कौशल विकास में भी सहायक होती हैं।" प्रिंसिपल एवं डीन डॉ. ध्यान सिंह गोठवाल ने अपने संबोधन में कहा कि "तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह के इनोवेटिव प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार करते हैं।" इस वर्कशॉप के दौरान प्रतिभागियों ने पावर बीआई, कोपायलट सहित कई उन्नत एआई टूल्स और तकनीकों के बारे में गहन ज्ञान अर्जित किया।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए महिला मानदेय कार्मिक सम्मानित

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली 42 मानदेय महिला कार्मिकों को माता यशोदा पुरस्कार से सम्मानित किया है। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने प्रशस्थि पत्र देकर चयनित आंगनबाड़ी कार्याकर्ताओं एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं को सम्मानित किया। कार्यालय, उपनिदेश महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा माता यशोदा पुरस्कार के तहत आंगनबाड़ी कार्याकर्ताओं को 5100 रुपये एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं को 2100 रुपये के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आंगनबाड़ी कार्याकर्ताओं एवं सहायिकाओं को और बेहतर कार्य करने एवं सरकार की जन कल्याणाकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सीईओ प्रतिभा वर्मा, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग अरशदीप बरार, उपनिदेशक महिला अधिकारिता डॉ. राजेश डोगीवाल सहित जिले के बाल विकास परियोजना अधिकारियों, महिला पर्यवेक्षक एवं चयनित मानदेयकर्मी मौजूद रहे।

### सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण सरंक्षण की प्रतिज्ञा के साथ हिन्दुस्तान जिंक में 54वां सुरक्षा सप्ताह सम्पन्न

# सुरक्षा को अपनी आदत और जीवन शैली बनाएं-जांगिड़



◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**चित्तौडगढ़।** राष्ट्र की प्रगति में सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण का सरंक्षण महत्वपूर्ण है। सुरक्षा को हम प्राथमिकता में लेकर अपनी आदत और जीवन शैली बनाएं यह बात वरिष्ठ निरीक्षक कारखाना एवं बॉयलर सूरज प्रकाश जांगिड़ ने जिंक चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर में आयोजित 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल नियम नहीं है, सुरक्षा के प्रति कार्यक्षेत्र या परिवहन, जिम्मेदारी से ही हम स्वयं एवं परिवार को सुरक्षित रख सकते है। किसी भी दूर्घटना का मुख्य कारण हमारी लापरवाही है जिसे सुरक्षा नियमों के पालन से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को दुर्घटनाओं से बचाव के लिये सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता के प्रति प्रतिबद्ध रहना होगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया एवं सभी को सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस अवसर डिप्टी सीईओ स्मेल्टर्स मानस त्यागी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य में सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रमुख है। हिन्दुस्तान ज़िंक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है, किसी भी कार्य को करने से पहले हम उस कार्य को करने के सुरक्षित तरिकों के बारे में सोचा जाएं तो शून्य दूर्घटना और शून्य क्षति के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें यह प्रयास करना होगा की चंदेरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर सुरक्षा मानकों के लियें राष्टीय और अंतर्राष्टीय स्तर पर उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने फायर टेंडर कर्मचारियों का बधाई देते हुए कहा कि इस वर्ष 123 स्थानों पर हिन्दुस्तान ज़िंक के अग्निशमन दल ने आपातकाल स्थिति से निपटने और आग बुझानें का कार्य किया जिसमें निम्बाहेड़ा में हुआ क्लोरिन रिसाव पर नियंत्रण प्रमुख है।

महामंत्री मजदूर संघ घनश्याम सिंह राणावत ने उपस्थित कर्मचारियों एंव अधिकारियों से सुरक्षा के प्रति किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने एवं सुरक्षा को सदैव प्राथमिकता में रखते हुए सुरक्षा के राष्टीय कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील की। जिला मेटल माइंस मजदूर संघ के अध्यक्ष रणजीत सिंह भाटी ने कहा कि दोहरी मानसिकता और नकारात्मक सोच को छोड़ कर हम कार्यस्थल और बाहर कार्य करें ताकि हम सुरक्षित रह सकें।

सुरक्षा प्रमुख बालचंद पाटीदार ने सभी अतिथियों का स्वागत कर वर्षभर के सुरक्षा प्रदर्शन एवं कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराते हुए उद्योग के साथ ही घर एवं सड़क सुरक्षा हेतु चलाएं जा रहे कार्यक्रमों, समुदाय और प्रशासन के साथ मिल कर सुरक्षा जागरूकता अभियान की जानकारी दी। सुरक्षा सप्ताह के दौरान सुरक्षा रैली, रन फॉर सेफ्टी मैराथन एवं कॉलानी में सुरक्षा जागरूकता, राजकीय विद्यालयों में प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताओं पोस्टर प्रतियोगिता सुरक्षा नारा प्रतियोगिता क्वीज का आयोजन किया गया एवं कार्यक्रम में विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में पायरो, हाइड्रों एवं सीपीपी की टीम ने नुक्कड नाटक से सुरक्षा जागरूकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर, मजदूर संघ के पदाधिकारी जीएनएस चैहान,दिलीप सिंह, चंदेरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर के अमित सुराणा, पुष्पेन्द्र मीणा, बीनू राफेल, रिपन घोष, अनूप कुमार, रविराज, ममता शर्मा सुरक्षा विभाग से मीनाक्षी कुमावत, दीपक पटेल, शुभम साहू,भगवती पालीवाल, हिसन, रेणू श्रृंगी एवं विनय सहित जिंक अधिकारी, कर्मचारी एवं बिजनेस पार्टनर के प्रतिनिधि उपस्थित थे। संचालन अभिषेक कोठारी ने किया।

### राज्य स्तरीय किसान मेला: नाबार्ड के सीजीएम राजीव सिवाच और उप शासन सचिव कृषि ए.के. मीणा ने की शिरकत

# जोबनेर में फिर उमड़ा किसानों का सैलाब, गूंजा, "पगड़ी रो मान, खेतां रो अभिमान"

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जोबनेर।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर एवं आत्मा, कृषि विभाग, राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय किसान मेले के दूसरे दिन भी किसानों का उत्साह चरम पर रहा। पहले दिन की तरह ही आज भी किसानों की बड़ी संख्या ने मेले में भागीदारी की। दूसरे दिन समापन समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य प्रबंधक सीजीएम नाबार्ड राजीव सिवाच व विशिष्ट अतिथि उप शासन सचिव कृषि ए.के. मीणा रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बलराज सिंह ने अतिथि का पुष्प गुच्छ व शॉल भेंट कर स्वागत किया। मेले की थीम "पगड़ी रो मान, खेतां रो अभिमान ङ्क सक्षम किसान, समृद्ध राजस्थान" की गूंज मेले परिसर में गूंजती रही, जिसने पूरे वातावरण को ऊर्जा और सकारात्मकता से भर दिया। किसानों को आधुनिक तकनीकों, उन्नत बीजों, जैविक खेती, मशीनों और नवाचारों से जोड़ा जा रहा है ताकि वे हाईटेक खेती की दिशा में आगे बढ़ सकें

सीजीएम नाबार्ड राजीव सिवाच ने बताया कि जोबनेर कृषि विश्वविद्यालय का नाबार्ड के साथ अच्छे संबंध हैं । उन्होंने कहा कि नाबार्ड का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की सतत विकास में सहायता करना है और इसके तहत किसानों को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण, और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। साथ ही उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के बारे में बताया जिससे किसानों को बड़ा फायदा मिल रहा। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत किसान अब 5 लाख तक कृषि ऋण 4% इंटरेस्ट के साथ प्राप्त कर सकता हैं जो पहले 3 लाख था।

उन्होंने अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जिसमें राष्ट्रीय बागवानी मिशन, सूक्ष्म सिंचाई योजना, रूरल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड , वाटरशेड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स, फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन प्रमोशन स्कीम,डेयरी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड,और सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड क्लाइमेट रेज़िलिएंस प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नाबार्ड का लक्ष्य केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाना, उन्हें जलवायु स्मार्ट खेती की दिशा में अग्रसर करना, और नवीनतम कृषि तकनीकों से जोड़ना भी प्राथमिकता है।

उपशासन सचिव एके मीणा ने बताया कि किसानों के बीच आधुनिक तकनीकों का आदान-प्रदान करने के लिए किसान मेला एक उपयुक्त माध्यम है। इन मेलों में कृषि वैज्ञानिक, विशेषज्ञ एवं विभागीय अधिकारी किसानों को उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, सिंचाई विधियों और जैविक खेती जैसी तकनीकों की जानकारी प्रदान करते हैं। साथ ही, कृषि विभाग की सभी योजनाओं की जानकारी इन माध्यमों से मिलने पर किसान जागरूक होकर उनका लाभ आसानी से उठा सकते हैं, जैसे कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सॉइल हेल्थ कार्ड योजना, कृषि यंत्र सब्सिडी योजना आदि। इससे किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को लाभकारी बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे यहां से सीखी गई टेक्नोलॉजी को फील्ड में उतारे ताकि इस तरह के मेले को आयोजन करने का उद्देश्य सफल हो सके।

राजस्थान में बागवानी की संभावनाओं, चुनौतियों और उपलब्ध संसाधनों को लेकर कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने किसानों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि देश में खेती और कृषि अनुसंधान में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, लेकिन राज्य के किसानों के सामने जलवायु परिवर्तन, जल संकट और घटती भूमि जैसी गंभीर चुनौतियाँ बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं से निपटने में हाई-टेक बागवानी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसका एक सफल उदाहरण बस्सी झाझड़ा में संरक्षित खेती है, जहाँ कठिन परिस्थितियों के बावजूद बेहतर उत्पादन संभव हो रहा है। डॉ बलराज सिंह ने इस मॉडल को अन्य क्षेत्रों में भी अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बागवानी खेती की दशा और दिशा बदलने की क्षमता रखती है और यह बंजर भूमि को उपजाऊ बना सकती है। साथ ही, किसानों को गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री और उन्नत बीज के महत्व की जानकारी दी, जिससे उत्पादन और कृषि क्षेत्र में सुधार लाया जा सकता है।

हरियाणा के प्रगतिशील किसान जगपाल सिंह फोगाट, जो पिछले 25 वर्षों से मधुमक्खी पालन कर रहे हैं, ने राजस्थान के किसानों के साथ अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि मधुमक्खी पालन राजस्थान में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है और किसानों की आमदनी बढ़ाने में मददगार साबित हो सकता है। उनके प्रेरक विचारों से कई किसानों ने मधुमक्खी पालन अपनाने में रुचि दिखाई।

डॉ हरफूल सिंह, निदेशक राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान ने कहा कि रारी दुर्गापुरा का इंटीग्रेटेड फॉर्मिंग सिस्टम (आईएफएस) मॉडल देश भर में प्रसिद्ध हो रहा है। साथ ही कहा कि आज के युग में किसानों को आईएफएस मॉडल को बढ़ावा देने की जरूरत हैं। साथ ही बताया कि इस मॉडल का मुख्य उद्देश्य संसाधनों का अधिकतम उपयोग करना है, जिससे बाहरी इनपुट की आवश्यकता कम हो और उत्पादकता बढ़े।

### सीजीएम ने रारी दुर्गापुरा व रेडी प्रदर्शनी की प्रशंसा की

**समापन** समारोह के मुख्य अतिथि सीजीएम नाबार्ड राजीव सिवाच ने विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन किया और इस दौरान उन्होंने रारी दुर्गापुरा तथा रेडी प्रदर्शनी की विशेष सराहना की। रारी दुर्गापुरा की प्रदर्शनी विशेष रूप से एकीकृत खेती प्रणाली पर केंद्रित थी, जिसमें कृषि फसलें, बागवानी, अजोला उत्पादन और पोल्ट्री पालन को सम्मिलित किया गया था। इस प्रदर्शनी में बायोफोर्टिफाइड और अन्य लाभकारी किस्मों का प्रदर्शन भी किया गया, जिससे किसान भाई काफी प्रभावित हुए। वहीं रेडी प्रदर्शनी में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न कृषि एवं पर्यावरण संबंधित मॉडलों को किसानों ने खूब सराहा। प्रदर्शनी में मृदा प्रोफाइल, जैव विविधता, संरक्षित खेती और मधुमक्खी के जीवन चक्र जैसे मॉडल प्रस्तुत किए गए। सीजीएम सिवाच ने रेडी प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि रेडी छात्रों का कार्य अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक है।

# महिला दिवस के अवसर पर शांति देवी फाउंडेशन ने पूरे किए 6 वर्ष

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** शांति देवी फाउंडेशन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपने छठे स्थापना वर्ष का उत्सव विभिन्न सामाजिक कार्यों के माध्यम से मनाया। इस अवसर पर फाउंडेशन द्वारा कई स्थानों पर सेवा कार्य आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों की मदद करना था। कार्यक्रम की शुरुआत जयपुर के सरकारी स्कूल (22 गोदाम) में "गुड टच, बैड टच" जागरूकता सत्र से हुई। इस सत्र में बच्चों को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श की पहचान के बारे में शिक्षित किया गया, जिससे वे स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। इसके साथ ही, बच्चों को स्वस्थ स्नेक्स (कुकीज़) वितरित किए गए।

इसके बाद, फाउंडेशन ने जामडोली स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में 250+ बुजुर्ग महिलाओं के लिए विशेष दोपहर भोज का आयोजन किया, जिसमें खीर सहित पौष्टिक भोजन वितरित किया गया। इसी तरह, बॉधिग एवं दिव्यांग बाल आश्रम, जामडोली में 350+ बच्चों को ताजे फलों का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त, फाउंडेशन की टीम ने जयपुर शहर के विभिन्न स्थानों पर सड़क किनारे रहने वाले बच्चों और बुजुर्गों को फल और मिठाइयों का वितरण कर उन्हें महिला दिवस की खुशियों में शामिल किया।

शांति देवी फाउंडेशन के संस्थापक श्रवण शर्मा ने कहा "फाउंडेशन पिछले 6 वर्षों से शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, आजीविका और मानवता के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहा है। राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश में हमारी पहल समाज के कमजोर वर्गों को सहयोग प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें।"फाउंडेशन पूरे वर्ष इसी तरह के सामाजिक सेवा कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है, जिससे समाज के जरूरतमंद वर्गों को सहयोग और समर्थन मिल सके। इस अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक श्रवण शर्मा, दिनेश सोनी, और अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

# दुनिया की सबसे खूंखार जनजाति, इंसानों की हत्या करना मानते हैं मर्दानगी



अदीस अबाबा। दुनिया में कई खतरनाक और रहस्यमयी जनजातियां मिलती हैं। इनके बारे में बहुत लोग जानते हैं। इन जनजातियों को उनकी परंपराओं, रहन-सहन और खान-पान के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। एक तरफ लोग आधुनिक युग में अपनी परंपराओं को भूलते जा रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ यह आदिवासी प्रजातियां अभी भी हजारों साल पुरानी अपनी परंपराओं का पालन करती हैं। यह जनजातियां जहां पर रहती हैं वहां इनका अधिकार होता है। इनके अधिकारों में सरकारें भी दखल नहीं देती हैं।

## अजीबोगरीब रस्मों-रिवाजों का करती है पालन



मुर्सी जनजाति के लोगों के पास ऐसे खतरनाक हथियार होते हैं जिनसे वह किसी की भी पलभर में हत्या कर सकते हैं। इसकी वजह से मुर्सी जनजाति को बेहद खतरनाक माना जाता है। मुर्सी जनजाति अजीबोगरीब रस्मों रिवाजों का पालन करती है, जिसके लिए भी उसे दुनियाभर में जाना जाता है। इस जनजाति में महिलाओं के नीचे के होंठ में बॉडी मॉडिफिकेशन प्रक्रिया के तहत लकड़ी या मिट्टी की डिस्क पहनाई जाती है। यह उन्हें बुरी नजर से बचाने के लिए किया जाता है। जनजाति के लोग मानते हैं कि इससे महिलाओं की सुंदरता कम हो जाती है और वह कम आकर्षक लगती हैं।



### 10 हजार है मुर्सी समुदाय की आबादी

मुर्सी समुदाय की आबादी करीब 10 हजार है। जनजाति के लोगों का मानना है कि किसी दूसरे को मारे बिना जिंदा रहने का कोई मतलब नहीं है। उनका कहना है कि इससे अच्छा है कि खुद मर जाएं। मुर्सी जनजाति के लोग अभी तक सैकड़ों लोगों की हत्या कर चुके हैं। अगर कोई व्यक्ति इनकी इजाजत के बिना इनके इलाके और समुदाय की तरफ चला जाता है, तो उसको ये लोग मार देते हैं।

### हिंसक व्यवहार की वजह से अक्सर होती है चर्चा

इस जनजाति की इसके हिंसक व्यवहार की वजह से अक्सर चर्चा होती है। हिंसक व्यवहार के कारण ही इथियोपिया की सरकार ने मुर्सी जनजाति से संपर्क करने पर बैन लगाया है। अगर कोई विदेशी व्यक्ति या राष्ट्र प्रमुख सरकारी मेहमान के तौर पर इथियोपिया जाता है और मुर्सी जनजाति को देखने की इच्छा जताता है, तो सरकार उसे आर्म्ड गार्ड के सुरक्षा घेरे में लेकर जनजातीय क्षेत्र का दौरा कराती है ताकि उन पर किसी तरह का हमला न किया जा सके।

## रोचक खबरें



### 36 लड़कों की बनी प्रेमिका, दिखाए मीठे-मीठे सपने, फ्लैट खरीदते हो जाती थी 'चंपत'

**बीजिंग।** आजकल डेटिंग प्लेटफॉर्म्स के जरिये लोगों के लिए मैच मिलना जितना आसान हो गया है, उतना ही इसमें फ्रॉड का डर भी होता है। पड़ोसी देश चीन से ऐसे ही एक फ्रॉड का केस सामने आया तो लोगों को यकीन ही नहीं हुआ। यहां रहने वाली एक लड़की ने एक-दो नहीं, बल्कि कुल 36 मर्दों को अपनी शातिर दिमागी का निशाना बनाया। मजे की बात तो ये है कि ये सारे प्रेमी एक ही शहर के थे, लेकिन उन्हें खबर ही नहीं हुई कि वे बेवकूफ बन रहे हैं। आपने डेटिंग में फ्रॉड के कई किस्से सुने होंगे, लेकिन ये कुछ अलग ही है। यहां पर लड़की ने किसी कोई पैसे नहीं ऐंठे , बल्कि उनसे घर खरीदवाकर चलती बनी। लड़की ने इन सभी से डेट करने का नाटक किया और फिर इन्हें फ्लैट खरीदकर घर बसाने का लालच देकर अचानक गायब हो गई। ये पूरा मामला ऑनलाइन डेटिंग प्लेटफॉर्म के जरिये हुआ। एक रिपोर्ट के मुताबिक 36 पीड़ितों में से एक जो आताओ ने खुलासा किया कि मार्च, 2024 में एक ऑनलाइन डेटिंग प्लेटफॉर्म के जरिये डेटिंग शुरू की थी। उसे लड़की सीधी-सादी और घरेलू लगी। उसने बताया कि वो शेंजेन में एक ई-कॉमर्स कंपनी में काम करती है। दोनों ने 1 महीने की डेटिंग के बाद शादी की बातचीत की और घर खरीदने के लिए मनाया।

### आइसक्रीम से निकल रहे सांप देखने वालों के भी उड़ गए होश

**बैंकाक।** कई बार हम लोगों के सामने इस तरह की खबरें सामने आ जाती है, जिसको देखने के बाद लोग हैरान रह जाते हैं। अब ये बात तो हम सभी जानते हैं कि कई बार गलती के कारण खाने में आपत्तिजनक सामान लोगों को देखने के लिए मिल जाते हैं। जिसकी हम सभी ने कभी कल्पना भी नहीं की होती है। ऐसा ही एक मामला इन दिनों थाइलैंड से सामने आया है। जहां एक बंदे को आइक्रीम



खाने के दौरान उसमें मरा हुआ एक सांप मिला और फिर उस आइक्रीम को देखने के बाद उसकी हालत खराब हो गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक ये घटना थाईलैंड के मुएंग रत्चबुरी क्षेत्र की है, यहां रेबन नक्लेनगबून नाम का एक बंदे ने जब आइसक्रीम खरीदी तो उसे उसमें एक काले और पीले रंग का सांप दिखाई दिया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए उसने तुरंत इसकी फोटो ली और सोशल मीडिया पर शेयर किया, जो लोगों के बीच आते ही वायरल हो गया। नाकलेंगबून ने थाई में लिखते हुए फोटो शेयर की और लिखा कि इतनी बड़ी आंखें! क्या ये सांप सच में मर चुका है, ब्लैक बीन सड़क विक्रेता, असली तस्वीर क्योंकि मैंने इसे खुद खरीदा है। उसके द्वारा शेयर की गई तस्वीर में आप देख सकते हैं कि आइसक्रीम में एक काले और पीले रंग का सांप जमा हुआ था। इस फोटो को देखने के बाद लोगों का ये कहना है कि यह हल्का जहरीला गोल्डन ट्री स्नेक जो आमतौर पर थाइलैंड में लोगों को देखने के लिए मिल जाते हैं।

### जादू-टोने का मक्का है ये द्वीप, हर जगह हैं आत्माएं दूर-दूर से इलाज करवाने आते हैं लोग!

**मनीला।** दुनिया में ऐसी बहुत सी जगहें हैं जिन्हें भूतों का घर या भूतों का अड्डा तक माना जाता है। कुछ शहर तो भूतहा शहरों के नाम से भी जाने जाते हैं। पर क्या आपने ऐसी जगह केबारे में सुना है जिसे जादू-टोना के मक्का के नाम से जाना जाता है। लोग यहां इलाज के लिए आते हैं तो कुछ लोग अपने पूर्वजों से बातचीत करने के लिए आते हैं। सिकिउजोर की अपनी जन्नत जैसी



कुदरती खूबसूरती है। लेकिन, यहां भूत प्रेत, जादु टोने से हर रोग का इलाज आदि दुनिया में ज्यादा मशहूर है और यहां लोग दूर -दूर से अपना इलाज कराने आते हैं। कुदरती सुंदरता होने के बावजूद यहां पर टूरिज्म बहुत फला फूला नहीं है। आसापास के द्वीपों से लोग यहां आने से घबराते हैं। हाल ही में स्पेनिश इन्फ्लूएंसर रूबेन होलगादो यहां के एक पुराने रिसॉर्ट में मेहमान बन कर आए तो उन्होंने पाया कि रेनोवेशन से गुजर रहे इस रिसॉर्ट में वे अकेले मेहमान थे. रिसॉर्ट एक महल की तरह तो बहुत बड़ा था, लेकिन उसमें कुछ था नहीं। टिकटॉक पर उनके वीडियो खास वायरल हुए हैं। यहां के लोगों को आत्माओं और भूत प्रेत में सहज विश्वास है। यहां के लोकल गइड लुईस नाथनियल बोरोंगन कहा कहना है कि सिकिउजोर में बुरी आत्माएं हर जगह पर हैं। वे झरनों, जंगलों और समुंदरों तक में हैं। अगर उन्हें छेड़ा गया तो वे बीमारी, शाप यहां तक मार कर भी बदल लेती हैं। लेकिन, यह केवल मान्यता तक ही सीमित नहीं है।

# चंद्रमा की अंदरुनी परतें कैसी हैं? वैज्ञानिकों ने सुलझाया कोर का रहस्य

वॉशिंगटन। क्या चंद्रमा का कोर ठोस है या पिघला हुआ? वैज्ञानिक इस सवाल पर दशकों से रिसर्च कर रहे थे। अब, एक नई स्टडी से इस सवाल का जवाब मिल गया है। इस शोध के मुताबिक, चंद्रमा का आंतरिक कोर ठोस है और इसकी घनत्व लोहे के समान है। फ्रेंच नेशनल सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च के खगोलशास्त्री आर्थर ब्रियॉड की अगुआई में एक रिसर्च टीम ने चंद्रमा की इंटरनल स्ट्रक्चर का स्टडी किया। इतना ही नहीं, उन्होंने अंतरिक्ष मिशनों से मिले डेटा और चंद्र लेजर रेंजिंग प्रयोगों का इस्तेमाल करके चंद्रमा के मॉडल तैयार किए। आखिर में इस स्टडी से चंद्रमा के इतिहास और पूरे सौर मंडल के विकास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं।

### चंद्रमा की आंतरिक संरचना का अध्ययन कैसे हुआ?



भूकंपीय डेटा ग्रहों और चंद्रमा जैसे खगोलीय पिंडों के आंतरिक ढांचे को समझने का सबसे इफेक्टिव तरीका है। जबकि इससे पहले अपोलो मिशन के भूकंपीय डेटा से पता चला था कि चंद्रमा के कोर में एक तरल बाहरी परत मौजूद है, लेकिन यह साफ नहीं था कि इसका आंतरिक कोर ठोस है या पिघला हुआ। इसे समझने के लिए, ब्रियॉड की टीम ने चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण विकृति पृथ्वी से इसकी दूरी में होने वाले बदलावों और घनत्व संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण किया। उनके मॉडल से यह पुष्टि हुई कि चंद्रमा की संरचना पृथ्वी के कोर जैसी ही है, जिसमें एक बाहरी तरल परत और एक ठोस आंतरिक कोर शामिल है।

### चंद्रमा के कोर की विशेषताएं

इस स्टडी के मुताबिक, चंद्रमा के बाहरी कोर का व्यास करीब 362 किलोमीटर (225 मील) है, जबकि आंतरिक ठोस कोर का डायमीटर 258 किलोमीटर (160 मील) है। इसका मतलब है कि आंतरिक कोर चंद्रमा के कुल व्यास का लगभग 15% हिस्सा बनाता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक, आंतरिक कोर की घनत्व 7,822 किलोग्राम प्रति घन मीटर पाई गई, जो कि लोहे के घनत्व के बहुत करीब है।






### पहले के शोध से समानताएं

दिलचस्प बात यह है कि यह नया स्टडी 2011 में नासा के वैज्ञानिक रेनी वेबर द्वारा किए गए शोध से मेल खाता है। वेबर के अध्ययन में भी यह सुझाव दिया गया था कि चंद्रमा का आंतरिक कोर ठोस है और इसकी संरचना लोहे जैसी ही है। हालांकि, ब्रियॉड के शोध ने चंद्रमा के कोर को पृथ्वी के कोर के समान मानते हुए इस तर्क को और मजबूत किया।



### चंद्रमा के चुंबकीय क्षेत्र का रहस्य

वैज्ञानिकों का मानना है कि चंद्रमा का चुंबकीय क्षेत्र कभी बहुत मजबूत था, लेकिन यह करीब 3.2 अरब साल पहले कमजोर होने लगा। आमतौर पर, चुंबकीय क्षेत्र कोर के भीतर होने वाली संवहन प्रक्रिया से उत्पन्न होते हैं। इसलिए, चंद्रमा के कोर की संरचना को समझने से यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि उसका चुंबकीय क्षेत्र क्यों खत्म हो गया। यह स्टडी न केवल चंद्रमा के आंतरिक रहस्यों को उजागर करता है, बल्कि सौर मंडल के इतिहास को भी समझने में मदद कर सकता है।

# ऊनी मैमथ बनाते वैज्ञानिकों ने कर डाला धमाल, बना लिया ऊनी चूहा

लंदन। ऊनी मैमथ ऐसे जानवर थे जो हिम युग के दौर में उत्तरी एशिया और साइबेरिया के बर्फिले इलाकों में पाए जाते थे. ऊन जैसे बालों से भरे ये विशालकाय हाथी आज अस्तित्व में नहीं हैं। लेकिन वैज्ञानिक आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर इन्हें फिर से जिंदा करने की कोशिश में हैं। इस दिशा में एक अभूतपूर्व सफलता के तहत वैज्ञानिकों ने एक 'ऊनी चूहा' विकसित किया है। खास बात ये है कि ऐसा चूहा अब तक को दुनिया के किसी भी युग में अस्तित्व में ही नहीं था।



### खत्म हो चुके मैमथ को जिंदा करने की कोशिश

ऊनी मैमथ आज से 2 लाख से लेकर 4 हजार साल पहले तक प्लेइसटोसीन युग में पृथ्वी पर रहा करते थे। इसके बाद में वे विलुप्त हो चुकी प्रजाति के तौर पर ही जाने जाते हैं। कोलोसोल बायोसाइंस के वैज्ञानिक डीएनए और जीन एडिटिंग तकनीकों के जरिए मैमथ को फिर से जिंदा करना चाहते हैं। इसी प्रयास के एक पड़ाव के तौर पर उन्होंने ऊनी चूहों को बनाने में सफलता हासिल की है।

### कैसे दिखते हैं ये चूहे

ऊनी चूहों के आम चूहों की तुलना में तीन गुना ज्यादा लंबे बाल हैं और साथ ही उनकी मूंछे घुमावदार हैं। कोलोसल बायोसाइंस का कहना है कि यह वैज्ञानिकों के ऊनी मैमथ को वापस लाने के अंतिम लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। वैज्ञानिकों ने बताया कि उन्हें साधारण चूहे के भ्रूण में केवल 7 जीन्स की एडिटिंग करनी पड़ी जिसके बाद वे ऊनी चूहे को हासिल कर सके।





### खास तरह के ऊनी बाल

वैज्ञानिकों ने प्रयोगशाला की चूहों के बालों की लम्बाई, मोटाई, संरचना, रंग और शरीर के फैट से मिलते जुलते 10 डीएनए वेरिएंट की पहचान की और उनमें बदलाव कर चूहों में ऊनी बाल हासिल किए। लेकिन, वैज्ञानिक अभी यह निश्चित तौर पर नहीं बता पाए हैं कि ये ऊनी बाल चूहों को ठंड से बचाने में कितने कारगर होंगे। वैज्ञानिक पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि वे मैमथ को धरती पर फिर से जिंदा करने की कवायद में लगे हैं। इस फैसले ने दुनिया भर में एक बहस छोड़ दी है कि क्या विलुप्त हो चुके जानवर को फिर से जिंदा करना, कुदरत से छेड़छाड़ नहीं होगी। इसके कोशिश के आलोचकों का कहना है कि इनके वापस आने से पर्यावरण को खतरा होगा।

### तेजी से पिघल रही है अंटार्कटिका की बर्फ



समुद्र में आएगा भूचाल, धरती पर बसने लगेंगे समुद्री जीव!

**वॉशिंगटन।** एक नए स्टडी में दावा किया गया है कि अंटार्कटिका में बर्फ के पिघलने की वजह से दुनिया की सबसे शक्तिशाली महासागर धारा की गति धीमी हो सकती है। ऐसा अंटार्कटिका की बर्फ की चादरों के पिघलकर उसमें ताजा पानी भरने के कारण हो सकता है। 3 मार्च 2025 को 'एनवायर्नमेंटल रिसर्च लेटर्स' मैग्जीन में छपी एक स्टडी के नतीजों में इसका दावा किया गया है। स्टडी के मुताबिक अंटार्कटिका की बर्फ की चादरें पिघलने से 'अंटार्कटिक सर्कमपोलर करंट' नाम की महासागर धारा में बड़ी मात्रा में ताजा पानी जाएगा।

**वातावरण में हो सकते हैं गंभीर परिणाम :** वैज्ञानिकों ने ऑस्ट्रेलिया के सबसे शक्तिशाली सुपर कंप्यूटरों में से एक का इस्तेमाल करके यह पता लगाया कि आखिर बर्फ के पिघलने का इस धारा पर क्या असर पड़ सकता है। यह धारा ग्लोबल क्लाइमेट सिस्टम में एक बड़ी भूमिका निभाती है। वैज्ञानिकों ने पाया कि अगले 25 सालों में अगर जीवाश्म ईंधनों का उत्सर्जन बढ़ा तो इससे इस धारा की गति करीब 20 प्रतिशत तक गिर सकती है। इसके वातावरण में गंभीर परिणाम हो सकते हैं।



## ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेज़न का वाउचर देने की बात कहकर भरोसा जीता

# एक हज़ार रुपए के फ्री गिफ्ट वाउचर के चक्कर में गंवा दिए 51 लाख

नई दिल्ली। दिल्ली के पास ग्रेटर नोएडा में अमेज़न गिफ्ट वाउचर के नाम पर साइबर फ्रॉड हुआ है। इस फ्रॉड में एक महिला ने 51 लाख रुपए गंवा दिए। ग्रेटर नोएडा में रहने वाले मीनू रानी को अज्ञात लोगों ने सबसे पहले वाट्सऐप ग्रुप में शामिल किया। इसके बाद वाट्सऐप ग्रुप में महिला के साथ यह वाउचर शेयर किया गया। इसी ग्रुप में मुफ्त में ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेज़न का वाउचर देने की बात कहकर उनका भरोसा जीता गया। इसके बाद उनसे 51 लाख रुपए की ठगी की गई। धोखा देने वालों ने पूंजी निवेश से फ़ायदा दिखाने के लिए एक फर्जी ऐप का इस्तेमाल किया और पीड़ति महिला को और पैसे लगाने का लालच दिया। पुलिस के अनुसार मीनू रानी के मामले में यह ऑनलाइन फ्रॉड उस समय सामने आया जब उन्होंने पूंजी निवेश के लिए अपने रिश्तेदारों से और कर्ज मांगा। मीनू रानी ने जब एक ऐसे ही अपने जानकार से उधार के लिए संपर्क किया तो उन्होंने ऐसे धोखा देने वाली स्कीम की बारे में मीनू को पूरी जानकारी दी।



### पांच गुना मुनाफा का दिया लालच

इससे मीनू रानी का भरोसा हरि सिंह और उनके व्हाट्सऐप ग्रुप पर और बढ़ गया।इसके बाद इन ठगों ने स्टॉक मार्केट में पैसा लगाकर एक महीने में तीन से पांच गुना मुनाफा कमाने का लालच दिया। जालसाज हरि सिंह ने मीनू रानी से शुरू में पचास हजार रुपए शेयर मार्केट में लगाने को कहा। जब उन्होंने दिए गए अकाउंट में पैसे ट्रांसफ़र कर दिए तो उन्हें एक ऐप में उनका 'मुनाफ़ा' दिखाया गया। इसके बाद उस ठग ने उन्हें उसे डाउनलोड करने को कहा। ऐप पर मुनाफ़ा दिखाए जाने के बाद मीनू को और पैसा लगाने और अपने घर के दूसरों लोगों के फ्रॉड इसमें लगाने का ख्याल आया। मीनू ने इस निवेश योजना पर भरोसा करते हुए अपने पति, सास और दूसरे रिश्तेदारों से स्कीम में पैसा लगाने के लिए उधार लिए।

### कैसे हुआ यह फ्रॉड?

फ्रॉड की शुरुआत उस समय हुई जब पीड़ित महिला मीनू रानी को हरि सिंह नाम के एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर संपर्क किया। हरि सिंह ने अपना परिचय 15 साल के अनुभवी इन्वेस्टमेंट गाइड के तौर पर दिया। इसके बाद मीनू रानी से बातचीत कर उन्हें एक व्हाट्सऐप ग्रुप में शामिल होने के लिए तैयार किया गया। मीनू ने बताया कि इस ग्रुप में लोग बाजार में पैसा लगाने के कामयाब तौर तरीकों के बारे में चर्चा करते हैं। मीनू रानी शेयर बाजार से ज़्यादा मुनाफ़ा कमाने के लालच में हरि सिंह के झांसे में आकर व्हाट्सऐप ग्रुप में शामिल हो गई। कुछ समय के बाद वाट्सऐप ग्रुप में उनका संपर्क आरती सिंह से हुआ। आरती ने उन्हें बताया कि हरि सिंह ने हर महिला सदस्य की इन्वेस्टमेंट में मदद करने के लिए एक हजार रुपए के अमेजन गिफ्ट वाउचर ख़रीदे हैं। आरती ने मीनू को बताया कि यह गिफ़्ट वाउचर हासिल करने के लिए वह (मीनू) अपने अमेजन अकाउंट को लॉगिन करें। मीनू ने ऐसा ही किया और उसे अपने अमेजन अकाउंट के बैलेंस में एक हजार रुपए जमा मिले।

# मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति और प्रथम महिला को OCI कार्ड सौंपे

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मॉरीशस की अपनी यात्रा के पहले दिन विशेष सम्मान दिखाते हुए राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल और प्रथम महिला वृंदा गोखूल को ओसीआई (विदेशी भारतीय नागरिक) कार्ड सौंपे।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्टेट हाउस में राष्ट्रपति गोखूल से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत और मॉरीशस के बीच विशेष और घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक "प्रधानमंत्री ने कहा कि मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में दूसरी बार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात है।" प्रधानमंत्री ने भारत सरकार के सहयोग से स्थापित स्टेट हाउस में आयुर्वेद गार्डन का भी दौरा किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद सहित पारंपरिक चिकित्सा के लाभों को आगे बढ़ाने में मॉरीशस भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है।

### राष्ट्रपति गोखूल ने पीएम मोदी के सम्मान में राजकीय भोज का आयोजन

**वार्ता** के बाद राष्ट्रपति गोखूल ने प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में राजकीय भोज का आयोजन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति धरम गोखूल को महाकुंभ का पवित्र गंगा जल भेंट किया। यह कुंभ 26 फरवरी को संपन्न हुआ और इसमें 660 मिलियन से अधिक तीर्थयात्री त्रिवेणी संगम प्रयागराज में एकत्र हुए, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा मानव समागम बन गया। इससे पहले, पीएम मोदी ने पोर्ट लुइस में सर शिवसागर रामगुलाम बॉटनिकल गार्डन में मॉरीशस के पहले प्रधानमंत्री और संस्थापक पिता सर शिवसागर रामगुलाम को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने मॉरीशस के पूर्व राष्ट्रपति और पूर्व प्रधानमंत्री सर अनिरुद्ध जगन्नाथ को भी श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री मोदी ने दो महान नेताओं के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ मिलकर एक पौधा भी लगाया।

# सीतापुरा-अंबाबाड़ी मेट्रो कॉरिडोर की डीपीआर 31 तक हो पूरी

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीतापुरा (गोनेर मोड़) से अंबाबाड़ी (टोडी मोड़) तक प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर (फेज-2) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का कार्य 31 मार्च, 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर के सिविल कार्यों के टेंडर 15 अगस्त से पहले जारी हो और परियोजना का समयबद्ध रि यान्वयन सुनिश्चित किया जाए। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर मेट्रो अलाइमेंट के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जयपुर में मेट्रो सेवा के विस्तार पर गंभीरता से कार्य कर रही है। हमारी मंशा है कि भविष्य के आवश्यकता को देखते हुए जयपुर के सभी क्षेत्र मेट्रो से कनेक्ट हो। मुख्यमंत्री ने फेज-2 के अंतर्गत सीतापुरा से अंबाबाड़ी तक मेट्रो संचालन का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस परियोजना से प्रतापनगर, टोंक रोड, सीकर रोड, विद्याधर नगर, सीतापुरा जैसे क्षेत्र मेट्रो सेवा से जुड़ेंगे और बड़ी संख्या में आमजन को मेट्रो की सुगम एवं द्रुतगामी परिवहन सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने अधिकारियों को सीतापुरा-अंबाबाड़ी मेट्रो कॉरिडोर पर प्रस्तावित स्टेशन्स पर समुचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने यात्री सुविधा के दृष्टिगत स्टेशन्स को पोड टैक्सी सिस्टम्स से कनेक्ट करने के निर्देश भी दिए। शर्मा ने मेट्रो रूट के अलाइमेंट पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने मेट्रो परियोजना के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार और जेएमआरसी की संयुक्त उद्यम कम्पनी से प्रदेश की निर्माणाधीन एवं भविष्य की सभी मेट्रो रेल परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल एवं प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के सीएमडी वैभव गालरिया, जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त आनंदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चंग की थाप पर थिरके गैरीये

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** होली की मुख्य गैर से पुर्व निकलने वाली परंपरागत धमका पाचु गैर मालियो की आथुणी हथाई से निकाली गई । जिसमें होली के फाल्गुन गीत और चंग की थाप के साथ नाचते गाते यह गैर निकाली गयी। आयोजक रामदिन भलालिया ने बताया कि इसमें मुख्य गैर में भी यही वेशभूषा का विशेष आकर्षण रखा जाएगा। और पुलिस जाप्ते के साथ शांतिपूर्वक निकाली जाएगी। होली के पावन पर्व पर माली समाज की ओर से निकलने वाली ऐतिहासिक शहर के मुख्य मार्ग मोची वाडा,सुभाष घाट, व्यापारियों के मोहल्ले,नगर पालिका होते हुए मालियान सब्जी मण्डी के पास समाप्त होगी।मुख्य गैर होली की 13 मार्च शाम व शुक्रवार 14 मार्च रामा श्यामा ( धुलण्डी) पर दोपहर 3 बजे से आथुणी हथाई पर आयोजित की जायेगी। जिसमें सभी माली समाज के स्व जाती बंधु विशेष पोशाक धोती चोला और घुघंरा पहनकर नाचते गाते आते है । धमका गैर के दौरान रामदिन भलालिया, सुखराम सैनी, जगदीश टाक, सुगनाराम गोकलिया, हनुमान राम,मेहराम गहलोत, अमराराम, टीकम,पप्पुराम, चेनाराम गहलोत, सत्यनारायण साहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा रस महोत्सव 16 से

◆ जागरूक जनता
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** श्रीमद्भागवत कथा रस महोत्सव 16 से 22 मार्च तक राजविलास गार्डन, जयपुर रोड, चोमू में भक्तों के आध्यात्मिक उत्थान हेतु आयोजित किया जा रहा है। इसका पोस्टर विमोचन समाजसेवी लाल आर साधवानी (USA) के द्वारा किया गया। यह दिव्य आयोजन भक्ति, ज्ञान और आध्यात्मिकता का अनुपम संगम होगा, जहाँ श्रद्धालु श्रीमद्भागवत महापुराण के अमृतमय प्रवचनों का रसपान करेंगे। यह कथा वैकुंठवासी मदनलाल तिवाड़ी एवं वैकुंठवासी मालती देवी तिवाड़ी की पुण्य स्मृति में इंदौरिया तिवाड़ी परिवार द्वारा आयोजित की जा रही है। पोस्टर विमोचन मे लोक चंद हरिरामानी, नगेन्द्र वशिष्ठ, गोपाल शर्मा, काशी नाथ दीक्षित, शशि हरिरामानी, रमेश सभी भक्तगण साथ रहे।

गृह रक्षा विभाग में राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट–2025

# जयपुर संभाग टीम ने ओवर ऑल चैम्पियनशिप विजेता टीम का खिताब जीता




◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** गृह रक्षा विभाग में राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट–2025 में जयपुर संभाग की टीम ने 16 स्वर्ण, 03 सिल्वर एवं 03 कांस्य पदक प्राप्त कर ओवर ऑल चैम्पियनशिप विजेता टीम का खिताब जीता। टीम मैनेजर चन्द्रपाल सिंह, कम्पनी कमाण्डर व एथलेटिक्स टीम कप्तान सत्यनारायण सिंह प्लाटून कमाण्डर के नेतृत्व में 20 सदस्यों की टीम ने प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया । मंगलवार को जयपुर संभाग के वरिष्ठ कमाण्डेन्ट नवनीत जोशी द्वारा गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, जयपुर परिसर में जयपुर संभाग से राज्यस्तरीय टीम में भाग लेने वाले स्वयं सेवकों के सम्मान में टी पार्टी एवं सामूहिक फोटोसेशन का आयोजन कर राज्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर टीम का सम्मान किया गया और उनकी हौसला अफजाई की गई। कमाण्डेन्ट नवनीत जोशी ने बताया कि राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गृह रक्षा विभाग में राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट–2025 का आयोजन केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, फतेहपुरा, जयपुर में आयोजित किया गया था। इसमें राज्य के सभी जिलों से चयनित प्रतिभागियों ने संभाग स्तरीय टीमों के रूप में भाग लिया।

# राजस्थान सरकार जलीय जंतुओं के समुचित संरक्षण एवं रखरखाव के लिए प्रतिबद्ध-शर्मा

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने राज्य सरकार को जलीय जंतुओं के समुचित संरक्षण एवं रखरखाव के लिए प्रतिबद्ध बताते हुए मंगलवार को विधानसभा में कहा कि इसी तहत राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभयारण्य की सीमा में गिर रहे गन्दे नालों के पानी को रोकने नगर निगम को पत्र लिखा गया हैं और कोटा एवं केशवरायपाटन के गन्दे नालों के पानी को फिल्टर करने के लिए पोर्टल पर प्रस्ताव प्राप्त होने पर विभाग द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

शर्मा प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभयारण्य की सीमा में गिर रहे गन्दे नालों के पानी को रोकने के लिए गत वर्ष 28 मई को नगर निगम आयुक्त कोटा (दक्षिण) को पत्र लिखा गया है। उन्होंने कहा कि कोटा एवं केशवरायपाटन के गन्दे नालों के पानी को फिल्टर करने की योजना के सम्बन्ध में विभाग को प्रस्ताव यूजर एजेन्सी के माध्यम से परिवेश पोर्टल पर प्राप्त नहीं हुआ है। पोर्टल पर प्रस्ताव प्राप्त होने पर वन विभाग द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।




# नारी, आत्मसशक्तिकरण से समाज निर्माण तक

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा प्रभु निधि सभागार, वैशाली नगर, जयपुर में "सेल्फ एम्पावरमेंट टू वुमन एम्पावरमेंट" विषय पर एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिष्ठित वक्ताओं ने नारी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं राजयोगिनी सुषमा दीदी, जयपुर सबजोन प्रभारी, ब्रह्माकुमारीज़ ने कहा, "नारी दुर्गा का स्वरूप है। हमें अपने सच्चे स्वरूप को इमर्ज करना होगा। हम ऊँची संस्कृति की विरासत हैं, इसलिए हमें अपनी वृत्तियों का सकारात्मक परिवर्तन करने की आवश्यकता है।" डॉ. शिखा मिल (विधायक, चोमू) ने कहा, "नारी केवल घर की ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट की धुरी है। राजनीति से लेकर प्रशासन तक, महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं।

आज नारी अबला नहीं, सबला है। सरकार भी महिलाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है, लेकिन असली सशक्तिकरण तभी होगा जब महिलाएं खुद अपनी शक्ति को पहचानें और आत्मनिर्भर बनें।" भारत की पहली एमबीए सरपंच छवि राजावत ने कहा, "हमें खुद पर गर्व होना चाहिए। हमें न केवल अपनी उन्नति पर ध्यान देना है, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों को भी साथ लेकर चलना है। गलत रास्ते पर जा रहे लोगों को सही दिशा दिखाना भी हमारी जिम्मेदारी है। यह मार्गदर्शन केवल आध्यात्मिकता से ही संभव है।" उन्होंने महिलाओं से एकजुट होकर समाज, पर्यावरण और देश के लिए कार्य करने की अपील की। इसके अलावा कार्यक्रम में शैलजा देवल (IFS, निदेशक, RFWTI), डॉ. सुदीप्ति अरोड़ा (चेयरपर्सन, वूमेन विंग एसोचाम), डॉ. सोनिया टुटेजा (ट्रस्टी, केमिकल फ्री फाउंडेशन एवं डायरेक्टर, तत्त्व वेलनेस स्टूडियो), बी एस राजबाला (एग्रो एंटरप्रेन्योर, ऑर्गनिक), शिप्रा शर्मा (फाउंडर, स्टार्टअप कैपेसिटा कनेक्ट) ने भी अपने विचार रखें।

# जर्मनी के पर्यटकों ने किया महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम विद्यालय खेजड़ला का भ्रमण

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**खेजड़ला /पीपाड़ शहर।** स्थानीय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम खेजड़ला में जर्मनी, बेल्जियम,इटली, स्विट्जरलैंड के पर्यटकों ने विद्यालय के गतिविधियों का अवलोकन किया गया। कार्यवाहक प्रिंसिपल जयसिंह चारण ने फोर्ट खेजड़ला से पधारे मेहमानों का स्वागत किया। पीईईओ चेनाराम कंस्वा ने बताया कि जर्मन ग्रुप के साथ गाईड सुमेर सिंह सिनेर एवं अमरसिंह रैण ने पर्यटकों को विद्यालय में प्रार्थना सभा से लेकर शिक्षण कार्य व मध्यान्ह भोजन तक के समस्त क्रियाकलापों से अवगत कराया। पर्यटकों ने विद्यार्थियों को स्टेशनरी आईटम यथा नोटबुक, स्लेट, ज्यॉमेट्री बॉक्स आदि बांटे । पर्यटक ग्रुप ने कक्षा कक्ष में जाकर एक्टिविटी करवायी। जर्मन पर्यटकों ने टूरिस्ट गाईड सुमेर सिंह सिनेर एवं अमरसिंह रैण के प्रोत्साहन पर विद्यालय विकास हेतु 10000 रु ,120 यूरो,10 अमरीकन डॉलर की राशि भेंट की। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ व्याख्याता ओमप्रकाश फड़ाक, गजेंद्र गहलोत, भंवराराम सियाग, मो. रफीक, श्याम सुंदर चौहान, भूपेंद्र चौधरी, गार्गी शर्मा, रिंकू चौधरी उपस्थित रहे एवं पर्यटकों से वार्तालाप कर शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शिक्षण व्यवस्था समझायी।

# सहकारिता विभाग की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि किसानों की समृद्धि से ही राष्ट्र की प्रगति संभव है। उन्होंने कहा कि राज्य की सहकारी समितियों में पारदर्शिता के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। गबन-घोटालों में लिप्त कार्मिकों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। साथ ही, वर्षों से लम्बित प्रकरणों की भी समीक्षा कर उनका निस्तारण किया जा रहा है। सहकारी संस्थाओं के संचालन में पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए नवीन को-ऑपरेटिव कोड लागू करने की कार्यवाही की जा रही है। सहकारिता मंत्री मंगलवार को विधानसभा में विभाग की (मांग संख्या-50) अनुदान मांग पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने सहकारिता विभाग की 18 अरब 48 करोड़ 27 लाख 97 हजार रूपए की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दीं। दक ने कहा कि सहकारिता के व्यापक महत्व को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में घोषित किया गया है। साथ ही, भारत के सहकारी आन्दोलन को मजबूत करने के लिए 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम की शुरूआत की गई है, जिसे सफल बनाने के लिए सभी का साथ अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा की गई बजट घोषणाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं। सहकारिता मंत्री ने कहा कि राज्य में सहकारी समितियां बहुउद्देशीय लक्ष्यों की ओर अग्रसर है। राज्य में विभिन्न प्रकार की 42,352 सहकारी समितियां हैं, जिनमें 1 करोड़ 34 लाख 90 हजार से अधिक सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की खाद, बीज, जुताई और अन्य छोटी-छोटी जरूरतों के लिए राज्य सरकार ने ब्याजमुक्त अल्पकालीन ऋण की सीमा बढ़ाकर 25 हजार करोड़ रुपये करने की घोषणा की है। इसके लिए 768 करोड़ रुपये ब्याज अनुदान पर व्यय किए जाएंगे। राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना में आगामी वित्तीय वर्ष में 2.50 लाख गोपालक परिवारों को ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध करवाए जाने की घोषणा की गई है, जिस पर 150 करोड़ रुपये का अनुदान दिया जाना प्रस्तावित है।

# पीपाड़ शहर में गूंजने लगी चंग की थाप, होली का जमकर चढ़ने लगा रंग

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर /जोधपुर।** राजस्थान की लोक संस्कृति से जुड़ा वाद्य यंत्र चंग फागुन के महीने में बजाया जाता है. खासकर होली के दिनों में लोग इसे बजाते हैं। जैसे-जैसे होली नजदीक आ रही है उसका असर देखने को मिलने लगा है। मारवाड़ और जोधपुर के पीपाड़ नगर में अब चंग की थाप और उस पर थिरकते गैरीये साफ देखे जा सकते हैं। टाउन में सबसे प्राचीन माली समाज के गैरीये भी अब हर साल की तरह तैयार हो चुके है। माली समाज सालों से होली महोत्सव का आयोजन करती आ रही है। इस बार भी चंग निर्माता पार्टी ने अपना रंग बिखेरना शुरू कर दिये है। सबसे प्राचीन दुकान चंग निर्माता दुर्गा तबला म्युजिक स्टोर के डायरेक्टर धर्मराज पंवार ने बताया की हर वर्ष की भांति इस बार भी होली महोत्सव में इनके निर्माण में परिवार के सभी सदस्य इसके निर्माण में लग जाते है जो हमारी पांचवी पीढ़ी है।

मारवाड़ी कल्चर के साथ चंग काफी पसंद किए जाते हैं. होली के बाद आगे भी चंग का उपयोग जारी रहेगा, खास तौर से ढूंढ संस्कार में ।

राजस्थान,गुजरात,बेंगलुरु, हैदराबाद सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोग हमारे पास ढफ व चंग खरीदने के लिए पहुंच रहे है। मांग के अनुसार कारीगर भी इनके निर्माण में जुटे हुए है। धर्म राज ने बताया कि 22 से 34 इंच घेरे के आकार में बनने वाले चंग के लिए आम की लकड़ी गुजरात तथा अन्य राज्यों से मंगवाई जा रही है। आम की लकड़ी लचीली होने पर आसानी से गोला आकार में मुड जाती है। इस पर पशुओं की खाल चढ़ाकर इसके चंग व ढफ का रूप दिया जाता है। पीपाड़ में चंग बनाने का काम यह उनका पुस्तैनी काम है एक चंग मंढाई में 10 से 15 मिनट व सुखाने में सात से आठ घंटे का समय लगता है, जिस पर करीब 400 रुपए का खर्च आता है। एक कारीगर एक दिन में 10 से 15 चंग तैयार करता है। तैयार चंग 300 से तीन हजार रुपए तक की कीमत में बिकते है। पूरे फाल्गुन माह में यही काम करते है, जिसमें करीब इन्हे हजारों रुपए तक की कमाई हो जाती है।

# होली व रमजान त्योहार कों लेकर शांति समिति की बेठक आयोजित

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** पीपाड़ शहर होली व रमजान त्योहार पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए मंगलवार को पीपाड़ शहर पंचायत समिति सभागार में सीएलजी (सिटीजन लॉयजनिंग ग्रुप) बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी, एसडीएम मृदुला शेखावत, वृताधिकारी पदम दान, थानाधिकारी श्यामराज सिंह सहित, जनप्रतिनिधि, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और समाजसेवी शामिल हुए। बैठक में होली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सीसीटीवी कैमरे, बैरिकेटिंग और अन्य जरूरी प्रबंधों पर चर्चा हुई। डिप्टी एसपी ने बताया कि 450 पुलिस जवानों का जाप्ता होली त्योंहार के दौरान तैनात रहेंगे और विभिन्न क्षेत्रों में 250 बैरिकेटिंग लगाई जाएगी। पचास सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। पूर्व पालिका अध्यक्ष महेंद्र सिंह कच्छावाह, रघुनाथ टाक, सुरेश कच्छवाहा, सुखदेव सैनी, जवरीलाल गहलोत ने गैर जुलूस की जानकारी दी,तथा अनुशासनपूर्वक होली संपन्न कराने भरोसा दिलाया वहीं वहीद भाई बेलिम ने पेयजल समस्या पर बात रखी। जिला कलेक्टर ने नागरिकों से भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने का आग्रह करते हुए धन्यवाद दिया। ।

इस अवसर पर एसडीएम मृदुला शेखावत, वृताधिकारी पदम दान, थानाधिकारी श्यामराज, प्रधान प्रमिला चौधरी, डॉ. सुरेंद्र सिंह परिहार, ईओ रामकिशोर, पूर्व पालिका अध्यक्ष महेंद्र सिंह कच्छवाह, प्रभाकर टाक, बाबूलाल टाक, सुरेश कच्छवाहा, मोहनलाल सांखला, बहादुर खान सिंधी, हाजी गुलहसन छीपा,हाजी यासीन छीपा बाबूलाल सोलंकी, एईएन पीएचडी मेहराम विश्नोई, बीजेपी नगर मंडल अध्यक्ष आदित्य कच्छावाह, रामकिशोर भूतड़ा, महेंद्र सिंह कच्छावाह, सुरेश कच्छावाह, मोहनलाल सोनेल, सुरेंद्र टाक, दुलीचंद सोनी, मंसूर अली छीपा, हाजी अलाउद्दीन कुरैशी, कन्हैयालाल जांगिड़, बहादुर खान सिंधी,श्रवण राम चौधरी, अमराराम भाटी, हाजी मोहम्मद शरीफ छीपा, घनश्याम तिवाड़ी, कैलाश टाक, नरेंद्र कुलदीप,पीयूष शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

जैविक, बीज, डेयरी और पशुपालन के पदाधिकारियों का अभ्यास वर्ग सम्पन्न

# देश की संस्कृति सिखाती है कि स्वयं के विकास के साथ समाज का भी विकास हो -कुलकर्णी




◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** भारतीय किसान संघ का दो दिवसीय जैविक,बीज, डेयरी और पशुपालन के पदाधिकारियों का अभ्यास वर्ग मंगलवार को सम्पन्न हुआ । भारतीय किसान संघ के सह प्रान्त प्रचार प्रमुख डॉ.लोकेश कुमार चन्देल ने बताया कि दो दिवसीय शिविर में प्रदेश भर से सौ से अधिक किसानों ने भाग लिया । इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी ने कहा है कि हमारे देश की संस्कृति किसानों को सिखाती है कि किसान का स्वयं के विकास के साथ- साथ समाज का भी विकास होना चाहिए..इसलिए हमें समाज को साथ लेकर नेतृत्व करना चाहिए। कुलकर्णी ने कहा कि आज परिवर्तन हो रहा है, इसलिए किसानों को भी परिवर्तन से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए... प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित करने का संकल्प लिया है । इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बद्रीनारायण चौधरी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मंजू दीक्षित, प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान,प्रदेश महामंत्री तुलछाराम सिवर,जयपुर प्रांत महामंत्री डॉ.सांवरमल सोलेट, प्रदेश प्रचार प्रमुख राजीव दीक्षित आदि मौजूद थे ।